रांची, शनिवार
21.12.2024
वर्ष : 10, अंक : 21 पृष्ठ : 12
मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
खबरे हमारी, विश्वास आपका

website : www.bihanbharat.org | bihanbharat@gmail.com | @bihan_bharat | Bihan Bharat | RNI NO - JHAHIN/2015/73988





## संक्षिप्त खबरें

### कैबिनेट की बैठक 24 दिसंबर को

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 24 दिसंबर को होगी। झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) में शाम चार बजे मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसकी अध्यक्षता करेंगे। इसमें कई प्रस्तावों पर मुहर लगेगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) के जरिये इसकी जानकारी शुक्रवार को दी गयी है।

### एसीबी की टीम ने रिश्वत लेते एएसआई को किया गिरफ्तार

**चतरा।** औद्योगिक नगरी टंडवा थाना के असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर संगीता मिंज को एसीबी की टीम ने रिश्वत लेते शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार सिमरिया चौक पर हुई। जब महिला एएसआइ संगीता मिंज चतरा से सिमरिया लौट रही थी। बताया गया कि किसी केस के अनुसंधान के एवज में चार हजार रिश्वत ले रही थी। टंडवा के डीएसपी प्रभात रंजन बरवार ने रिश्वत लेते गिरफ्तार होने की पुष्टि करते हुए कहा कि पुरी घटना की तो जानकारी नहीं है पर गिरफ्तारी हुई है। बताया गया कि संगीता मिंज पिछले दो साल से टंडवा में कार्यरत थी। इसके पूर्व भी टंडवा थाना परिसर से ही एक जमादार को रिश्वत लेते एसीबी की टीम ने गिरफ्तार किया था। एएसआई की गिरफ्तारी से पुलिस कर्मियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

### कैट रिजल्ट जारी, 14 उम्मीदवारों ने हासिल किये 100 पर्सेंटाइल

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रबंधन संस्थान, कलकत्ता यानी आईआईएम, कलकत्ता ने कॉमन एडमिशन टेस्ट (कैट) परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। एग्जाम के रिजल्ट को कैट कलकत्ता की आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है। जो उम्मीदवार इस परीक्षा में शामिल हुये थे, वह अपना परिणाम यानी रिजल्ट वेबसाइट पर अपने रजिस्ट्रेशन नंबर और पासवर्ड की मदद से देख सकते हैं। आईआईएम, कलकत्ता ने 24 नवंबर को कैट परीक्षा का आयोजन किया था, वहीं 17 दिसंबर को परीक्षा की आंसर की जारी की थी। कैट टॉप परफॉर्मर में 100 पर्सेंटाइल हासिल करने वाले 14 उम्मीदवारों में 13 पुरुष और एक महिला शामिल हैं। इस परीक्षा में 99.99 पर्सेंटाइल हासिल करने वाले 29 उम्मीदवार हैं। जिसमें महिलाओं की संख्या दो है। इसी तरह 99.98 पर्सेंटाइल हासिल करने वाले 30 उम्मीदवार हैं, जिसमें मात्र एक महिला उम्मीदवार हैं। बताया जा रहा है कि इस कैट परीक्षा में महिलायें पिछड़ गई हैं।

राष्ट्रीय खादी और सरस महोत्सव का हुआ शुभारंभ

# खादी से जुड़कर बुनकरों और कारीगरों को मिला है एक बाजार : दीपिका पांडेय

बिभा संवाददाता



**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय खादी और सरस महोत्सव राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के सिद्धांतों को गांव तक ले जाने का एक सार्थक प्रयास है। खादी से जुड़कर बुनकरों और कारीगरों को एक बाजार मिला है। जहां उनकी प्रतिभा को उचित दाम मिल रहा है। यह मेला हम सभी की उम्मीदों पर खरा उतरे। ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका सिंह शुक्रवार को मोरहाबादी मैदान में आयोजित राष्ट्रीय खादी और सरस महोत्सव 2024-25 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रही थी।

इस अवसर पर उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की दूरदर्शी सोच से राज्य उन्नति की पथ पर आगे बढ़ रहा है। हमें खादी को बहुत आगे लेकर जाना है इसलिए खादी से जुड़े बुनकरों की समस्याओं पर ध्यान देना है। उन्हें प्रशिक्षित करना है ताकि पलायन रोका जा सके और झारखंड आगे बढ़े। विभाग से जुड़ी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करना है। खादी से जुड़कर गांव में रहने वाले लोगों की आर्थिक उन्नति संभव है।

उद्योग सचिव जितेंद्र सिंह ने बताया कि 20 दिसंबर से छह जनवरी तक चलने वाले इस मेले का मुख्य उद्देश्य खादी को बढ़ावा देना है।उन्होंने बताया कि इस बार 500 से ज्यादा स्टाल लगे हैं। कला और संस्कृति विभाग की ओर से हर दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस बार मेले में स्टॉल के नाम पेड़ों के नाम पर रखे गए हैं। वहीं खादी संस्थाओं के साथ साथ विभिन्न सरकारी, पीएमईजीपी, सरस एवं गैर सरकारी संस्थाओं के स्टॉल भी लगाए गए हैं। मेले में चलंत शौचालय और चलंत एटीएम की भी व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में उद्योग निदेशक सुशांत गौरव, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग के सीईओ हिमांशु मोहन, झारक्राफ्ट की एमडी कीर्ति सहित अन्य गणमान्य लोग मंच पर उपस्थित थे।

## राजस्व संग्रहण को लेकर गंभीरता दिखाएं अधिकारी : दीपक बिरुआ



बिभा संवाददाता

**रांची।** राजस्व संग्रहण की दिशा में भू राजस्व विभाग के अधिकारी गंभीरता से कार्य करें। आमजनों की समस्याओं को दूर करने की दिशा में सार्थक प्रयास होना चाहिए। विसंगतियों को दूर कर हमें राज्य और राज्यवासियों की बेहतरी के लिए कार्य करना है। ये बातें मंत्री परिवहन, भूमि सुधार एवं भू - राजस्व दीपक बिरुआ ने शुक्रवार को कही। वह झारखण्ड मंत्रालय में भू राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे।

मंत्री के जरिये बुलायी गयी बैठक में विभागीय सचिव के अतिरिक्त सभी जिला के एसी और डीसीएलआर उपस्थित थे। करीब दो घंटे तक चली इस बैठक में मंत्री ने सभी एसी और डीसीएलआर से एक एक कर बात कर उनके कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने भूमि के संबंधित मामलों एवं आम लोगों से जुड़े मामलों पर गंभीरता कार्यों करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया है। मंत्री ने कहा इस तरह की समीक्षा बैठक समय-समय पर आयोजित होगी, ताकि कार्यों की गति और अधिकारियों की कार्य क्षमता का आकलन बेहतर निर्णय लिया जा सके।

# रणनीति बनाकर नशे के कारोबार पर कसें नकेल : मुख्य सचिव

बिभा संवाददाता



**रांची :** प्रदेश के मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा है कि सभी संबंधित विभाग नशे के कारोबार पर रणनीति बनाकर नकेल कसें। उन्होंने निर्देश दिया कि पोस्ते की खेती, उसकी फसल से अफीम का उत्पादन और वितरण मार्ग पर पैनी नजर रखें।

उन्होंने कहा कि पोस्ते की खेती से ज्यादा आमदनी होने के कारण ही लोग इसमें संलग्न होते हैं। वे जेल जाने तक से भी नहीं डरते। इसे लेकर पोस्ते की खेती से लोगों को निरुत्साहित करने और कृषि विभाग से मिलकर आमदनी का वैकल्पिक साधन उपलब्ध कराने की जरूरत है। वह शुक्रवार को सचिवालय में पोस्ते की खेती पर रोकथाम को लेकर गृह विभाग की ओर से आयोजित बैठक को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की पहचान करने, धर-पकड़ करने के साथ ज्यादा जरूरी है कि उन्हें सजा दिलाने के बिंदू पर भी फोकस करें। नशे के कारोबार से जुड़े पूरे नेटवर्क को ध्वस्त कर ही हम मुकम्मल सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादातर पोस्ते की खेती जंगल में जलाशयों के पास होती है। वन विभाग जिला प्रशासन से समन्वय बनाकर ऐसे स्थलों को चिह्नित करे और फसलों को नष्ट करने के साथ इसकी खेती से जुड़े लोगों पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही जंगल की खाली जमीन पर पौधरोपण आदि के माध्यम से वन विभाग पोस्ते की खेती करने वालों को हतोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार पर जन जागरूकता के माध्यम से भी नकेल कसा जा सकता है। इसके लिए हर स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाए। खासकर पंचायती राज विभाग को इसमें शामिल कर उनके संसाधनों का उपयोग जागरूकता अभियान में काफी महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

उन्होंने कतिपय शहरों में ड्रग्स की बढ़ती लत पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जागरूकता अभियान में शिक्षा विभाग को जोड़ कर स्कूल स्तर से नशे के खिलाफ माहौल बनाने की जरूरत है। इस पर भी रणनीति बना कर कार्य करने पर उन्होंने बल दिया।

पूर्व की बैठक में पोस्ते की खेती से प्रभावित जिलों चतरा, खूंटी, हजारीबाग, लातेहार, पलामू, रांची, चाईबासा और सरायकेला-खारसावां जिले के पुलिस अधीक्षकों और उपायुक्तों ने पोस्ते की खेती पर नकेल कसने की कार्रवाई से अवगत कराया। साथ ही आगे की रणनीति भी बतायी। एनडीपीएस की ओर से पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से नशे के कारोबार पर विस्तृत प्रकाश डाला गया और उसकी रोकथाम के उपायों पर सुझाव साझा किया गया। बैठक में गृह सचिव वंदना डाडेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता ने भी कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। बैठक में पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे एवं वन विभाग के सचिव अबूबकर सिद्धकी भी उपस्थित थे।

# जयपुर में ट्रक की टक्कर से एलपीजी टैंकर में धमाका, 11 लोग जिंदा जले

एजेंसी



**जयपुर।** भांकरोटा थाना इलाके में जयपुर-अजमेर हाइवे स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने शुक्रवार सुबह करीब पौने छह बजे एलपीजी टैंकर में हुए धमाके से 11 लोगों की जिंदा जल कर मौत हो गई। हादसे में 53 से अधिक लोगों को गंभीर हालत में एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसा इतना भयानक था कि उसने करीब चालीस से अधिक वाहनों को चपेट में ले लिया, इसमें एक स्लीपर बस भी शामिल है, जो टैंकर के पीछे चल रही थी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दर्जनों गाड़ियां घटनास्थल और उसके आसपास पास के इलाके में आग बुझाती रही।

जानकारी के अनुसार एलपीजी टैंकर में हुआ ब्लास्ट इतना भयंकर था कि आग की लपटें करीब दो सौ फीट ऊपर उठी। टैंकर में भरी करीब 32 टन गैस में जोरदार धमाका हुआ जिसके कारण टैंकर उछल कर घटनास्थल के आसपास के वाहनों पर गिरा, जिससे वे वाहन भी जलकर राख हो गए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये जबकि घायलों को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। जबकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों को 5 लाख तथा गंभीर रूप से घायलों को 1 लाख रुपये की आर्थिक मदद की घोषणा की।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि भारत पेट्रोलियम के एलपीजी गैस से भरा टैंकर शुक्रवार सुबह करीब पौने छह बजे अजमेर से जयपुर की ओर आ रहा था और दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने से वापस यू-टर्न ले रहा था, तभी जयपुर से आ रहे ट्रक ने टैंकर को टक्कर मार दी। जिससे टैंकर में लगे पांच नोजल टूट गए और लिक्विड एलपीजी आसपास के इलाके में फैलने लगी। धमाके के साथ निकली चिंगारी के संपर्क में आते ही चारों ओर आग और धुएं का गुबार फैल गया। चारों ओर लोगों की चीख-पुकार मच गई। चालीस से अधिक आग की चपेट में आए वाहनों में सवार लोगों ने अपनी जान बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन वे आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए।

प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो धमाके साथ लगी आग की चपेट में आए लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। टैंकर के पीछे चल रही एक स्लीपर बस और हाईवे किनारे मौजूद पाइप फैक्ट्री भी जल गई। चारों ओर अधजले और घायल लोगों की चीख-पुकार मच गई।

टैंकर में लगे पांच नोजल टूटकर गिरे और लिक्विड रूप में एलपीजी निकल कर पूरे इलाके में फैली

गेल इंडिया लिमिटेड के डीजीएम (फायर एंड सेफ्टी) सुशांत कुमार सिंह ने बताया कि टक्कर के कारण टैंकर में लगे पांच नोजल टूट कर गिर गए और लिक्विड रूप में एलपीजी निकल कर पूरे इलाके में फैल गई। टक्कर लगते ही स्पार्क हुआ, इससे गैस ने आग पकड़ ली और पूरे इलाके में धमाका हुआ। आग इतनी तेजी से फैली कि चालीस से ज्यादा गाड़ियां आग की चपेट में आ गईं। इन गाड़ियों में बैठे लोगों को बाहर निकलने तक का मौका नहीं मिला। टैंकर के पीछे चल रही एक स्लीपर बस और हाईवे किनारे मौजूद पाइप फैक्ट्री भी जल गई। धमाके के बाद गैस फैलने से रेस्क्यू में काफी परेशानी आई।

उन्होंने बताया कि स्लीपर बस में बाहर निकलने का एक ही दरवाजा था, एक्सीडेंट की वजह से उसका दरवाजा एक ट्रक से चिपक गया। इस कारण उसमें सवार 34 लोगों को बाहर निकलने की जगह नहीं मिली, बड़ी मुश्किल से ड्राइवर वाले गेट से लोगों को बाहर निकाला गया। इस बस में सवार 19 से ज्यादा लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। घटना के बाद एहतियातन दिनभर पूरे इलाके में बिजली आपूर्ति ठप रही।

एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर सुशील भाटी ने बताया कि पहले दो-तीन मरीज आए थे, इसके बाद अचानक बहुत सारे मरीज लाए गए। भर्ती मरीजों में 10 से 12 मरीज ऐसे हैं, जो 60 प्रतिशत से ज्यादा जले हैं। छह मरीज अभी वेंटिलेटर पर हैं।

एसएमएस अस्पताल के मोर्चरी में सात शवों को लाया गया है, जिनमें एक महिला, दो पुरुषों की पहचान नहीं हुई है। एक अज्ञात शव को पॉलिथीन में लाया गया है। वहीं, दो शवों की पहचान हुई है। इनमें हरलाल पुत्र नानूराम, ग्राम राजपुरा (सीकर) निवासी हैं। शहाबुद्दीन पुत्र मोहम्मद, रायबरेली यूपी के निवासी हैं। हादसे में आरएसी कॉन्स्टेबल अनीता मीणा (28) की भी मौत हो गई। अनीता आरएसी में 2016 बैच की कॉन्स्टेबल थीं। सुबह दूदू से ड्यूटी के लिए चौनपुरा के लिए स्लीपर बस में निकली थीं।

# कैबिनेट: 2025 सीजन के लिए नारियल कोपरा के न्यूनतम समर्थन मूल्य को मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को 855 करोड़ रुपये के बजट के साथ 2025 सत्र के लिए खोपरा (नारियल गरी) के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 422 रुपये तक की वृद्धि कर इसे 12,100 रुपये प्रति क्विंटल करने की घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में खोपरा का एमएसपी बढ़ाने का निर्णय लिया गया। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को बताया कि वर्ष 2025 के लिए 'मिलिंग खोपरा' का एमएसपी 422 रुपये बढ़ाकर 11,582 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जबकि 'बॉल खोपरा' का एमएसपी 100 रुपये बढ़ाकर 12,100 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की सिफारिशों के आधार पर तय किया गया समर्थन मूल्य मिलिंग और बॉल खोपरा किस्मों की उचित और औसत गुणवत्ता के लिए है।

वैष्णव ने कहा कि एमएसपी उत्पादन लागत से 50 प्रतिशत अधिक तय किया गया है। इससे कुल वित्तीय बोझ 855 करोड़ रुपये का आयेगा। मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत खोपरा और छिलका रहित नारियल की खरीद के लिए राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नेफेड) और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) केंद्रीय नोडल एजेंसियां होंगी। देश के कुल उत्पादन में 32.7 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ कर्नाटक में खोपरा का उत्पादन सबसे अधिक है, इसके बाद तमिलनाडु 25.7 प्रतिशत, केरल 25.4 प्रतिशत और आंध्र प्रदेश 7.7 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, ऊंचा एमएसपी न केवल नारियल उत्पादकों को बेहतर पारिश्रमिक सुनिश्चित करेगा बल्कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नारियल उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए किसानों को खोपरा उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। भारत में खोपरा का मौसम आमतौर पर जनवरी के आसपास शुरू होता है और अप्रैल तक चलता है।

# अडानी, सोरोस-सोनिया और अंबेडकर जैसे मुद्दों पर गतिरोध में उलझे रहे सत्ता पक्ष और विपक्षी दल

एजेंसी

**नई दिल्ली :** संसद के शीतकालीन सत्र में दोनों सदनों में ज्यादातर समय सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच उद्योगपति अडानी, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और अमेरिका के विवादास्पद निवेशक जार्ज सोरोस के संबंध , उप राष्ट्रपति के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव , बाबा साहेब अंबेडकर के अपमान और कुछ सांसदों के साथ धक्का मुक्की जैसे मुद्दों पर गतिरोध बना रहा जिससे कार्यवाही सुचारू रूप से नहीं चल सकी।

शीतकालीन सत्र 25 नवम्बर को शुरू हुआ था और आज यानी शुक्रवार को संपन्न हो गया। गतिरोध के कारण दोनों सदनों की उत्पादकता में पिछले सत्रों की तुलना में कमी आयी और लोकसभा एवं राज्यसभा की उत्पादकता क्रमशः केवल 57.87 प्रतिशत और 40.03 प्रतिशत रही।

विपक्षी दल दोनों सदनों में पहले दिन से ही अडानी मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग कर रहे थे इस बीच सत्ता पक्ष ने श्रीमती गांधी और जार्ज सोरोस के बीच संबंधों को देश की सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए इस पर चर्चा कराने की मांग की जिससे गतिरोध उत्पन्न हो गया तथा कार्यवाही बार बार बाधित हुई। इसके बाद विपक्षी दलों ने राज्यसभा में सभापति पर पक्षपात करने का आरोप लगाते हुए उनके विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दे दिया जिससे सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोक झोंक हुई। संविधान पर हुई चर्चा के बाद विपक्षी दलों ने गृह मंत्री अमित शाह पर बाबा साहेब अंबेडकर के अपमान का आरोप लगाते हुए एक बार फिर दोनों सदनों में हंगामा किया और श्री शाह के इस्तीफे की मांग की। इन सभी मुद्दों पर गतिरोध के कारण दोनों सदनों में कामकाज प्रभावित हुआ और हंगामे के कारण कार्यवाही सुचारू ढंग से नहीं चल सकी।

सत्र के दौरान लोकसभा में 20 एवं राज्यसभा में 19 बैठकें हुई । लोकसभा में पांच विधेयक पेश किये गये और राज्यसभा में चार विधेयक पटल पर रखे गये। लोकसभा में चार और राज्यसभा में तीन विधेयक पारित किये गये। भारतीय वायुयान विधेयक दोनों सदनों में पारित हो गया। संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 26 नवंबर को सेंट्रल हॉल में संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संबोधित किया। इसके बाद गत 13 एवं 14 दिसंबर को लोकसभा में और 16 एवं 17 दिसंबर को राज्यसभा में भारतीय संविधान की 75 वर्ष की यात्रा पर विस्तृत चर्चा करायी गयी। लोकसभा में 15 घंटे 43 मिनट की चर्चा में 62 सदस्यों ने भाग लिया जबकि राज्यसभा में 17 घंटे 41 की चर्चा में 80 सदस्यों ने भाग लिया।

लोकसभा में वर्ष 2024-25 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगों के पहले बैच तथा संबंधित विनियोग विधेयक को लगभग सात घंटे 21 मिनट की चर्चा के बाद पारित किया गया की गई । लोकसभा में एक देश एक चुनाव से संबंधित बहुप्रतिक्षीत संविधान (129वां संशोधन) विधेयक 2024 और केन्द्र शासित प्रदेश (संशोधन) विधेयक 2024 पेश किया गया जिसे 39 सदस्यीय संयुक्त संसदीय समिति के विचारार्थ भेज दिया गया । इस समिति में लोकसभा के 27 और राज्यसभा के 12 सदस्य हैं।

## सेना के लिए 76 सौ करोड़ की लागत से तोपों की खरीद के अनुबंध पर हस्ताक्षर

एजेंसी

**नई दिल्ली :** रक्षा मंत्रालय ने सेना के लिए 155 मिमी/52 कैलिबर की के -9 वज्र टी सेल्फ-प्रोपेल्ड ट्रैक्ड तोप की खरीद के लिए लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के साथ 7,628.70 करोड़ रुपये के एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि यह खरीद (भारतीय) श्रेणी के तहत की जाएगी । अनुबंध पर मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और एलएंडटी के प्रतिनिधियों ने यहां रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए।

के 9 वज्र- टी की खरीद से तोपखाने के आधुनिकीकरण को बढ़ावा मिलेगा और भारतीय सेना की समग्र परिचालन तत्परता बढ़ेगी। यह बहुमुखी तोप, अपनी क्रॉस-कंट्री गतिशीलता के साथ, भारतीय सेना की मारक क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, जिससे सटीकता के साथ गहराई से हमला करना संभव होगा और इसकी घातक मारक क्षमता सभी इलाकों में तोपखाने की क्षमता को बढ़ाएगी। अत्याधुनिक तकनीक से लैस यह तोप लंबी दूरी तक उच्च सटीकता और उच्च दर से घातक फायर करने में सक्षम है और यह उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में शून्य से नीचे के तापमान में अपनी पूरी क्षमता से काम करने में सक्षम होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली में आयोजित नरेगा विचार मंथन में झारखंड से शामिल हुए इटा पंचायत के पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा और बागवानी लाभुक किसान कलिंदर सिंह



**बेड़ो(बिभा):** प्रखंड से केंद्र सरकार द्वारा कृषि भवन नई दिल्ली में आयोजित नरेगा विचार मंथन सत्र में झारखंड से बेड़ो प्रखंड के इटा पंचायत के पूर्व मुखिया बुधराम बड़ा और आम बागवानी लाभुक किसान कलिंदर सिंह शामिल हुए भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा आयोजित कृषि भवन दिल्ली में नरेगा विचार मंथन सत्र में विचार मंथन सत्र केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के अध्यक्षता में आयोजित किया गया ।नरेगा विचार मंथन सत्र में भाग लेकर वापस आने पर ईटा पंचायत के मुखिया अनिता बाड़ा ,उप मुखिया तंजीर हुसैन एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव, बीपीओ संजय तिर्की के नेतृत्व में ईटा पंचायत प्रांगण में बुधराम बाड़ा एवं बागवानी किसान कलिंदर सिंह को बुके देखकर सम्मानित किया और बधाई दी । पंचायत के समाजसेवियों द्वारा रांची एयरपोर्ट में भी बुधराम बाड़ा और कलिंदर सिंह को सम्मानित किया गया और बधाई दी गई ।आज के इस कार्यक्रम में ईटा पंचायत के वार्ड सदस्य रवि उरांव अरुण धान, रशिद मीर ,जावेद आलम ,राजेश कुमार सहाय, नईमुद्दीन खान ,अश्विनी सिंह ,लाल नागेंद्र नाथ शाहदेव ,सुनील उरांव , सतवीर उरांव एवं पंचायत के सभी लोगों ने दिल्ली से वापस आने पर पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा एवं कलिंदर सिंह को बधाई दिए। मौके पर पूर्व मुखिया श्री बुधराम बाड़ा के द्वारा सभी लोगों को बताया गया कि आज अपने क्षेत्र में किए गए मनरेगा बागवानी काम को देखकर भारत सरकार द्वारा विचार मंथन सत्र में झारखंड से हमलोगों को बुलाया गया ।आने वाले समय में अपने पंचायत का विकास को हम और गति देंगे

### वंडरलैंड स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन



**मांडर(बिभा)।** कंदरी मोड़ स्थित को शुक्रवार वंडरलैंड स्कूल में कक्षा नर्सरी से कक्षा नवम तक के छात्र-छात्राओं द्वारा क्रिसमस उत्सव उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये जिसमें सभी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन किया। निदेशक मो० नेसार आलम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत कर हौसला अफजाई किया। इस मौके पर प्राचार्य पुष्पांजलि साहू,रफत आरा,शिखा टोप्पो, कौशर खातून,सामवेल मिंज ,आरती,अनामिका खलखो, एंजेला, मो० मुश्ताक,खालिद अंसारी,शिखा,मुनिया सहित अन्य मौजूद थे।

### विद्यालय प्रांगण में मोबाईल टावर लगाने के विरोध में जेएलकेएम ने किया धरना प्रदर्शन




**तमाड़(बिभा)।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र के तुबिल गांव में स्तिथ मध्य सह उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय प्रांगण में जबरन मोबाईल टावर लगाए जाने के विरोध में जेएलकेएम द्वारा अड़की प्रखंड परिसर में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जिसका नेतृत्व पार्टी महिला मोर्चा केन्द्रीय अध्यक्ष दमयंती मुंडा कर रही थी। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओ एवं ग्रामीणों को संबोधित करते दमयंती मुंडा ने कहा शिक्षण संस्थान में पठन पाठन हेतु ग्रामीण ने स्कूल के लिए जमीन दिया है न कि कोई पूंजीपति द्वारा जबरन व्यापार करने के लिए। आज के इस धरना प्रदर्शन कार्यक्रम सांकेतिक है जो सरकार की ध्यान आकृष्ट कराने के लिए है। अगर सरकार संज्ञान में नहीं लेती है तो इसका विरोध जिला और राजधानी तक जोरदार ढंग से होगा। क्योंकि ये क्षेत्र पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत आता है और यहां ग्राम सभा सर्वेसर्वा होता है और चार ग्राम सभा का निर्णय मोबाईल टावर लगाए जाने के विपरित है। स्कूल प्रांगण के अलावा कहीं भी लगाया जाए ग्रामीणों को कोई आपत्ती नहीं है के बावजूद ठेकेदार अपने ज़िद पर अड़कर टावर निर्माण कार्य करा रहा है। इनके ज़िद से तो ये प्रतीत होता है कि विधायक और शासन प्रशासन सभी का मिलीभगत है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान कैरा मुंडा, विद्यालय समिति के अध्यक्ष लादू मुंडा, अध्यक्ष ललिता नाग, मेनका मुंडा, सरस्वती मुंडा, ब्रजकिशोर साहू, राजेश संगा, महादेव नायक, पांडु मुंडा, गोपाल मुंडा, लीपी मुंडा, सम्बर ओडेया, लोधरो सोय, शुकरा मुंडा, बोआस मुंडा, मंदरा सोय, उदय मुंडा, सोकरा नाग, लोयो सोय, लक्ष्मण हस्सा, दिनेश कुमार महतो, नारद कुमार महतो, समल महतो, घनश्याम महतो, दुर्गा चरण महतो, पंचानंद महतो, चैता मांझी, कार्तिक मुंडा, उमेश कुमार महतो, भरत महतो, ललित महतो, सुमित कुमार महतो, विकास लोहरा, पवन नाग, प्रभुसहाय भेंगरा, जावरा नाग एवं सैकड़ों महिला पुरूष शामिल शामिल रहे।

### जीके वाई के अंतर्गत नि शुल्क प्रशिक्षण आयोजन




**मांडर(बिभा)।** प्रखंड परिसर में शुक्रवार को मांडर संकुल संगठन कार्यालय प्रखंड परिसर में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन मांडर में डीडीयू जीकेवाई के अंतर्गत निः शुल्क प्रशिक्षण तथा इसके उपरांत इन्हें जॉब दिलवाने हेतु मेगा चंदीदाते मूवमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया है ,इस कार्यक्रम में प्रखंड मांडर, चान्हो, बुढ़मू और ख्लारी से 18 वर्ष से 35 वर्ष के युवक एवं युवतियां भाग लिए, जिसमे कुल 41 लाभुकों को प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु भेजा गया है । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मांडर प्रखंड के प्रमुख फिलिप सहाय इक्का, अंचलाधिकारी चंचला कुमारी, उप प्रमुख अमानत अंसारी, जिला कार्यालय से स्किल एंड जॉब्स मैनेजर शिव रमन , मांडर बीपीएम धीरेंद्र मोहन, चानहो बीपीएम रौशन , बुढ़मू बीपीएम धीरेंद्र , खलारी बीपीएम राम अवतार के साथ साथ सभी जे एस एल पी एस के कर्मी और कैडर मौजूद थे ।

#### मांडर में भाजपा की समीक्षा सह सदस्यता के अभियान के निमित्त बैठक संपन्न

# जनता के हर सुख दुःख में सदैव साथ रहेंगे भाजपा कार्यकता : सन्नी टोप्पो

बिभा संवाददाता



**मांडर :** प्रखंड स्थित शुक्रवार को कंजिया में मांडर एवं टांगरबसली मंडल की संयुक्त बैठक मंडल अध्यक्ष गोपाल उरांव एवं पुरंजय महतो के नेतृत्व में हुई , बैठक में उपस्थित मंडल के पदाधिकारी गण पंचायत एवं बूथ के अध्यक्ष प्रभारी गण उपस्थित हुए सभी ने बीते विधानसभा चुनाव में की गई कार्यों की समीक्षा की एवं आगे की रणनीति बनाई।

राम बालक ठाकुर ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता या तो जीतते हैं या सीखते हैं हम सभी सीख लेकर पूरी ऊर्जा के साथ जनता की सेवा में लगे रहेंगे, विधानसभा के संयोजक रहे सतीश शाह ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सवा लाख जनता ने हम पर जो भरोसा किया है उसे भरोसा को बरकरार रखना है और जनता की प्रहरी बनकर जनता के हक अधिकार के लिए सड़क से सदन तक आवाज को बुलंद करना है और उनके सुख-दुख में सदैव तत्पर रहना है ,यह हम सभी कार्यकताओं की जिम्मेदारी है।

सनी टोप्पो ने कहा कि हम सभी यह चुनाव हार कर भी जीते हैं और हम सभी जनता की सेवा में सदैव तत्पर रहेंगे ,साथ ही साथ झारखंड प्रदेश में चल रहे सदस्यता अभियान को लेकर कार्यकताओं के बीच में जिम्मेदारी बांटी गई सभी ने यह निर्णय लिया कि विधानसभा में 2 लाख सदस्य बनाने का जो लक्ष्य मिला है पूरा करने के लिए गांव गांव तक जायेंगे जनता के साथ जुड़कर उनके हक और अधिकार के लिए लड़ने का काम करेंगे और उन्हें विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के साथ राष्ट्र निर्माण की विचारधारा में जोड़ने का कार्य करेंगे।

मौके पर विधानसभा संयोजक सतीश शाह ,अमरनाथ कुमार, अशोक साहू ,पुरंजय महतो, गोपाल उरांव ,राम बालक ठाकुर, राजनाथ सिंह ,रामचंद्र भगत, अयोध्या सिंह ,राजू उरांव, उपेंद्र मोहाली, हरीश कुमार गोप, बिरसा उरांव, जगदेव महतो, जगदेव उरांव, सतेश्वर सिंह, मनोज किस्पोटा, करमा उरांव , संजय सिन्हा ,अरविंद सिंह, सहदेव उरांव, प्रमोद गुप्ता, सुदीप उरांव, दीपक पांडे, संदीप उरांव ,सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद थे।

## सोनाहातू थाना प्रभारी ने हाई स्कूल में सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया



बिभा संवाददाता

**सोनाहातू।** प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय सोनाहातू में शुक्रवार को सोनाहातू पुलिस ने थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया।पुलिस ने विद्यालय के शिक्षकों से स्कूल में सुरक्षा संबंधी जानकारी लिया। साथ ही सड़क सुरक्षा से सबंधित बच्चों को जागरूक किया गया। बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं की प्रमुख कारण यातायात नियमों का पालन न करना और असुरक्षित वाहन चलाना है। इसलिए नियमों का पालन करना अनिवार्य है। 18 साल से नीचे के किशोरों को दो पहिया, चार पहिया वाहन चलाने के लिए न दें। 18 साल से ऊपर के सभी युवकों व पुरुष हेलमेट, सीट बेल्ट, ड्राइविंग लाइसेंस व गाड़ी के कागजात के साथ ही गाड़ी को लेकर सड़क पर चलें। तेज रफ्तार गाड़ी ना चलाएं जिससे कि अपना जीवन संकट में हो और सामने वाला का भी जीवन संकट में आ जाए। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने दो पहिया चार पहिया वाहनों से चल रहे लोगों को सड़क सुरक्षा के तहत जागरूक किया। मौके पर प्रधानाध्यापक रामेश्वर सेठ सहित सभी शिक्षक और छात्र- छात्राएं मौजूद थे।

## एसएस जनता उच्च विद्यालय में पूर्व शिक्षा मंत्री ने 11 अतिरिक्त कमरों के निर्माण कार्य की रखी आधारशिला

बिभा संवाददाता



**मांडर :** झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तहत मांडर प्रखंड के मुडमा स्थित एस.एस.जनता हाई स्कूल मुड़मा मे शनिवार को 11 कमरों का अतिरिक्त वर्ग कक्ष निर्माण कार्य का शिलान्यास पूर्व मंत्री सह झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस के कार्य कारी अध्यक्ष बंधु तिर्की द्वारा किया गया,इस अवसर पर उन्होंने कहा की अतिरिक्त कमरों के बन जाने से छात्र छात्राओं के मूल भूत अवश्यकता की पूर्ति होगी, उन्होंने छात्र छात्राओं को एक निश्चित उदेश्य लेकर पढ़ाई करने एवं लक्ष की प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करने पर बल दिया।

मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव, जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष शमीम अख्तर, आबिद अन्सारी, प्रकाश तिग्गा, अबुजर अन्सारी समसूल अन्सारी, रसीद अन्सारी, महमूद अन्सारी, अमित खलखो, एहसान अन्सारी, हसिब अन्सारी,सुका उरांव, महिला अध्यक्ष शेरोफिना मिंज चिंतामणि कुजूर इंदु तिग्गा,बंधु उरांव, घिनू उरांव, मुड़मा पंचायत अध्यक्ष,समेत स्कूल के सभी शिक्षक और छात्र छात्राएं सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### हटिया विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने वाला प्रत्याशी ओमप्रकाश निकला हथियार सप्लायर, गिरफ्तार



**रांची :** कोतवाली पुलिस ने हथियार तस्करी मामले में डेविड उर्फ ओमप्रकाश गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गिरफ्तार ओमप्रकाश रातू, चट्टी का रहने वाला है। गिरफ्तार ओमप्रकाश विधानसभा चुनाव में हटिया विधानसभा सीट से चुनाव भी लड़ चुका है। पूर्व में ओमप्रकाश के खिलाफ कोतवाली थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था। मालूम हो कि इस साल बीते छह नवंबर को भेष बदलकर पिस्टल का खरीदारी करने पहुंचे कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने एक हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया था। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए मुस्लिम वेशभूषा में पिस्टल का खरीदार बनकर पहुंचे थे। इस दौरान मो. राजन नाम के हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया था। उसके पास से दो देसी पिस्टल भी बरामद किया गया था।

## सिल्ली पुलिस ने महिला बाल सुरक्षा छेड़खानी के विरुद्ध चलाया जागरूकता अभियान



बिभा संवाददाता

**सिल्ली :** राजधानी रांची में पिछले दिनों छात्रा के साथ हुई छेड़खानी की घटना के बाद राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर दिख रही है। राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर के नेतृत्व में महिला बाल सुरक्षा छेड़खानी के विरुद्ध एवं सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। पैदल गश्ती की गई और आम लोगों को भी जागरूक किया गया। इस अभियान का उद्देश्य खासकर महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करना और इसके तहत अड्डेबाजी, छेड़खानी जैसे अपराधों पर नकेल कसना है। वही इधर इस अभियान के दौरान कुछ लोग चचाएं कर रहे थे ये अभियान महज खानापूर्ति है आये दिन छेड़खानी और समाज को शर्मसार करने जैसी मामला प्रकाश में आता है लेकिन दोषियों पर कानूनी कार्रवाई नही होती है, बीते सप्ताह दिन पूर्व एक दो बच्चें की तीन बच्चें के पिता के साथ भाग गई थी लेकिन दोषी के बिरुद्ध कोई कानूनी कार्रवाई नही किया गया, लोगों का कहना है ऐसे में असामाजिक कार्य करने वालों का निश्चित रूप में मनोबल बढ़ेगा।

### सोनाहातू पीएम श्री कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय में क्रिसमस गैदरिंग



**सोनाहातू( बिभा)।** पीएम श्री कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय, सोनाहातु में शुक्रवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। क्लास 6 से 12 तक की सभी छात्राओ के द्वारा आकर्षक चरनी समेत सभी तरह की साज सज्जा तैयार की गई थी। वार्डेन शशि बाड़ा ने प्रभु यीशु के जन्म , उनके जीवनकाल उनके माता पिता मरियम एवं यूसुफ के बारे में विस्तार से बताया और उनके द्वारा कहा कि क्रिसमस का त्यौहार आपसी प्रेम और भाई चारा को बढ़ावा देता है। छात्राओं के द्वारा विद्यालय में बनाएं गए केक को काटा गया। छात्राओं के द्वारा सांता क्लॉज के भेषभूषा में छात्राओं को टॉफी और गिफ्ट बांटा गया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा बिनीता कुमारी के द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षिका सरोजिनी टोप्पो, सौरभ कुमार सिंह, फूलमणि बाड़ा , बनमाली कुमार , राजाराम लोहरा, ज्ञान रंजन महतो और कृष्ण चंद्र महतो मौजूद थे।

### होमगार्ड में 26 कर्मियों को मिली प्रोन्नति

**रांची :** झारखंड होमगार्ड में 26 कर्मियों को प्रोन्नति मिली है। साथ ही आठ कर्मियों को प्रोन्नति देने की प्रक्रिया शुरू है। गौरतलब है कि इससे पहले होमगार्ड कमांडेंट के पद पर काम करने वाले अफसरों को भी प्रोन्नति देने के मामले को लेकर राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है।

## अवैध बालू लदा एक हाईवा किया गया जब्त, प्राथमिकी दर्ज

बिभा संवाददाता



**रामगढ़:** रामगढ़ जिले में अवैध खनन, खनिजों के परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में खान निरीक्षक राहुल कुमार के द्वारा गस्ती के क्रम में बाजार टांड़ के पास एक हाईवा अवैध बालू के साथ पाया गया जांच के क्रम में पाया गया कि हाईवा वाहन संख्या जेएच 02एई 8022 पर 607घन फिट बालू खनिज लोड पाया गया। उक्त हाईवा में जांच पड़ताल किया गया परंतु बालू का परिवहन चालान कागजात नहीं पाया गया।

जिसके उपरांत वाहन मालिक, चालक एवं अन्य संलिप्त लोगों के विरूद्ध सरकारी संपत्ति की चोरी, खनन राजस्व की छति, राष्ट्रीय हरित न्यायधिकरण के आदेश का उल्लंघन तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के धारा 4/21, झारखंड लघु खनिज नियमावली 2004 यथा संशोधित के नियम 4/54 एवं झारखंड मिनरल रूल 2017 के नियम 9/13 के तहत जिला खान निरीक्षक रामगढ़ द्वारा प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।

## पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वितीय बैच का प्रशिक्षण का हुआ संपन्न

बिभा संवाददाता



**रामगढ़:** पोषण भी पढाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत द्वितीय बैच की आंगनबाड़ी सेविकाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण होटल टी एंड ट्रीट कोठार रामगढ़ में संपत्र हुआ। इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलको के द्वारा आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

देश भर में पोषण और प्रारंभिक बचपन की शिक्षा में सुधार के उद्देश्य से वर्ष 2022 में ₹पोषण भी पढ़ाई भी₹ की शुरूआत की गयी है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 0-3 एवं 03 से 06 वर्ष के बच्चों के लिए नवचेतना एवं आधारशिला के अन्तर्गत प्रारंभिक बचपन की देखभाल, शिक्षा, पोषण, बच्चों के विकास के सभी आयामों, पोषण ट्रेकर एप, SAM/MAM बच्चे, MCP कार्ड, स्थानीय चीजों का प्रयोग कर आंगनबाड़ी केन्द्रों को लर्निंग सेन्टर के तौर पर विकसित करने के संबंध में जानकारी दी जा रही है।

इस अभियान के तहत राष्ट्रीय शिक्षा नीति, साक्षरता और संख्यात्मक कौशल में एक मजबूत नींव तैयार किए जाने को लेकर प्राथमिकता तय की गयी है जिससे 0-6 वर्ष के बच्चों के सम्पूर्ण विकास पर Focus किया जा सकें। प्रशिक्षण का उद्देश्य आंगनबाड़ी केन्द्रों की सेविकाओं को कौशल प्रदान करना ताकि 06 वर्ष से कम आयु के बच्चों को प्रारंभिक बाल्यावस्था में देखभाल और शिक्षा तथा पोषण सेवा प्रदान करने के लिए उनकी क्षमता का निर्माण किया जा सकें। गौरतलब होकि पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत रामगढ़ जिले के अलग-अलग प्रखंडों में 500 आंगनबाड़ी सेविकाओं को पांच बैच में 4 जनवरी 2025 तक प्रशिक्षण दिया जाना है।

#### श्री श्याम मंदिर रामगढ़ के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान पर सर्व समाज कि सहभागिता हेतु बैठक

# श्रीश्याम बाबा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारी शुरू

### भव्य मंदिर व धर्मशाला निर्माण में वर्षों से लगे प्रेमी हुए किनारे।

प्रकाश पटवारी



**रामगढ़:** नेहरू रोड में स्थित श्री श्याम मंदिर में बाबा की प्राण प्रतिष्ठा हेतु गुरुवार को देर संध्या तक शहर के सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के लोगों के साथ आम सभा की गई। जिसमें शहर के अनेक संस्थाओं के गणमान्य उपस्थित होकर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को भव्य रूप से मनाने का संकल्प लिया गया।

3 फरवरी 2025 से आरंभ होकर 8 फरवरी 2025 तक आयोजित इस समारोह में पंचदिवसीय विधिवत पूजन हवन के अलावा प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में अध्यक्ष सांवर कुमार अग्रवाल ने सभी भक्तों का स्वागत करते हुए कहा कि वर्षो से श्री श्याम भक्तों को बाबा के आगमन की प्रतीक्षा थी वह स्वप्न अब साकार होने का सुअवसर आ गया है। अब हमारे श्याम सरकार मंदिर में विराजमान होंगे। श्याम बाबा के साथ विघ्नहर्ता श्री गणेश भगवान एवं श्री बालाजी महाराज प्रतिष्ठित होंगे। उन्होंने कहा कि श्री श्याम मंदिर निर्माण कार्य को सम्पन्न कराने वाले प्रमुख विष्णु पोद्दार, राजीव बगढ़िया व तुलसी अग्रवाल द्वारा प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के निमित्त आयोजित बैठकों में आ कर अपना महत्वपूर्ण मार्गदर्शन करना चाहिए ।

इस अवसर पर सचिव अनिल कुमार गोयल ने सबका अभिनंदन करते हुए प्राण प्रतिष्ठा के संबंध में सभी कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 21 जनवरी 2025 को श्री श्याम अखंड ज्योत लाने के लिए शिव कुमार अग्रवाल के सानिध्य में नेहरू रोड मंदिर प्रांगण से खाटू धाम की ओर प्रस्थान करेंगे। 28 जनवरी 2025 को बाबा की श्री श्याम ज्योत खाटू नगरी से गाजे बाजे एवं भजन कीर्तन के साथ रामगढ़ लाई जाएगी। 3 फरवरी 2025 को दामोदर नदी से कलश यात्रा से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। बनारस के प्रतिष्ठित आचार्य लोकेंद्र शर्मा के साथ सूरजगढ़ राजस्थान के हजारीमल के सानिध्य में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का संचालन होगा। 4 फरवरी 2025 को सुंदरकांड का पाठ, 5 फरवरी 2025 को श्री श्याम अखंड ज्योत पाठ, 6 फरवरी 2025 को नगर भ्रमण भव्य शोभायात्रा निकलेगी। 7 फरवरी 2025 को श्री श्याम प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा सुबह शुभ मुहूर्त 11:20 से 12:40 के मध्य की जाएगी। अटूट भंडारा प्रसाद भजन कीर्तन एवं बाबा के दर्शन हेतु भव्य श्रृंगार के साथ पट खोल दिए जाएंगे ताकि सभी भक्त दर्शन का लाभ ले सकें। श्री गोयल ने बताया कि बाबा की प्राण प्रतिष्ठा के तत्काल बाद 8 फरवरी 2025 को प्रथम एकादशी कीर्तन का आयोजन भव्यता के साथ किया जाएगा। बाबा की प्राण प्रतिष्ठा हेतु बाबा के खजाने के विशेष कूपन जारी किए गए हैं।

भवन निर्माण मंत्री रमेश अग्रवाल ने जानकारी दी की मंदिर के साथ धर्मशाला का भी निर्माण किया गया है जिसमें लिफ्ट की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। इस मंदिर निर्माण के कार्य में रमेश अग्रवाल पिछले 10 वर्षों से दिन रात विष्णु पोद्दार, राजीव बगढ़िया व तुलसी अग्रवाल के साथ लगे हुए हैं। ट्रस्ट परिवार के वरिष्ठ सदस्य श्याम परसरामपुरिया ने आए सभी श्याम भक्तों का धन्यवाद किया। कमल बगड़िया भावपूर्णता के साथ मंच का संचालन किया।

इस महत्वपूर्ण बैठक में शहर के सभी समाजिक, धार्मिक संस्थाओं पदाधिकारियों सहित तिलक राज मंगलम, संतु मानिक, बिमल बुधिया, संजय चौधरी, विकास अग्रवाल, राधेश्याम मोदी, राजेश अग्रवाल (पथरवा), पंकज मोगरा, अजय जैन, महेश अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, शंभू पटवारी, रोहित शर्मा जी, रोहित पंसारी, विजय पोद्दार, संजय शर्मा, सुशील गर्ग, मनीष अग्रवाल, इन्दर अग्रवाल, प्रभात अग्रवाल, सुरेश पी अग्रवाल, प्रभात अग्रवाल, उमेश राजगढ़िया, नरेस अग्रवाल सहित सेकंडों श्याम प्रेमी उपस्थित थे।

कार्यक्रम 3 फरवरी से आरंभ होकर 8 फरवरी तक आयोजित इस समारोह में पंचदिवसीय विधिवत पूजन, हवन के अलावा प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा।

अध्यक्ष सांवर कुमार अग्रवाल ने सभी भक्तों का स्वागत करते हुए कहा कि वर्षों से श्री श्याम भक्तों को बाबा के आगमन की प्रतीक्षा थी। वह स्वप्न अब साकार होने जा रहा है। अब हमारे श्याम सरकार मंदिर में विराजमान होंगे। इस अवसर पर

सचिव अनिल कुमार गोयल ने प्राण प्रतिष्ठा के संबंध में सभी कार्यक्रमों की जानकारी दी, कमल बगड़िया ने मंच का संचालन किया।

आम सभा में संतू भाई मानिक, उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संजय चौधरी, सह सचिव विकास अग्रवाल, शिवकुमार अग्रवाल, राधेश्याम मोदी, पंकज मोगरा, अजय जैन, महेश अग्रवाल, शंभू पटवारी, राजू चमरिया, रोहित शर्मा, रोहित पंसारी, विजय पोद्दार, संजय शर्मा, सुशील गर्ग, मनीष अग्रवाल, इन्दर अग्रवाल, प्रभात अग्रवाल, सुरेश पी अग्रवाल, विमल बुधिया, प्रभात अग्रवाल, उमेश राजगढ़िया, अशोक अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## गुंजन सिंह फिर बनी प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष



**रांची(बिभा)।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अलका लंबा ने झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की सभी प्रदेश, जिला एवं प्रखंड स्तरीय समितियों को तत्काल प्रभाव से भंग कर पुनः गुंजन सिंह को प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह निर्णय संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने और महिला कांग्रेस के सदस्यता अभियान को झारखंड में गति देने के लिए लिया गया है। नवनियुक्त प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी विपक्ष के नेता राहुल गांधी सांसद प्रियंका गांधी संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर साहब नारी सशक्तिकरण की मिशाल और संगठन को पूरे देश में मजबूती प्रदान कर रही अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के प्रति आभार नेतृत्व ने जो दूबारा भरोसा जताया है उस भरोसे को आगे ले जाते हुए संगठन को धारदार बुथ स्तर तक कमेटी का निर्माण एवं झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की जो सक्रिय कार्यशैली है उसको और मजबूती से आगे बढ़ते हुए झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस मजबूती से विश्वासों पर खरा उतरने का कार्य करेगी एवं महिला कांग्रेस की सदस्यता टारगेट को बढ़ाते हुए झारखंड महिला कांग्रेस 1 स्थान प्राप्त करेगी अपने कार्यकाल में दो लोकसभा दो विधानसभा चुनाव हमने कार्य किया मुझे खुशी इस बात की है की सबसे ज्यादा हमारे कार्यकाल में महिला विधायक हमारे पार्टी में चुनकर आई है बधाई देने वालों में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश विधायक दल के नेता प्रदीप यादव उप नेता राजेश कश्यप सम्मानित मंत्रीगण विधायक गण बोर्ड निगम आयोग के सभी अध्यक्षगण वरिष्ठ नेतागण एवं कार्यकताओं ने बधाई दी है।

## प्रदेश कांग्रेस का आभार समागम आज

**रांची(बिभा)।** प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वाधान में आभार समागम का आयोजन 21 दिसंबर को बोड़ेया स्थित गीतांजलि बैंक्विट हॉल में पूर्वाह्न 11:00 से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में आयोजित किया गया है ।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर भी उपस्थित रहेंगे। इसकी जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि कल के आभार समागम में विधानसभा चुनाव में मिली सफलता और मजबूत सरकार के गठन के बाद संगठन के कार्यकताओं नेताओं का आभार प्रकट किया जाएगा। चुनाव में कार्यकताओं की मेहनत के कारण दिन प्रतिदिन जनता का विश्वास कांग्रेस से महागठबंधन की उम्मीदवारों और सरकार के बातों पर प्रगाढ़ होता गया जिसके कारण भारी बहुमत से सरकार बनने का रास्ता प्रशस्त हो गया। समागम में संगठन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी सरकार और संगठन के बीच समन्वय तथा तालमेल के लिए खाका कार्यकताओं के समक्ष रखा जाएगा ।पंचायत से लेकर प्रदेश स्तर तक के कार्यकताओं को जनमुद्दों से जोड़ने,सरकार के कार्यों योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने हेतु विमर्श किया जाएगा। समागम में एआईसीसी सदस्य प्रदेश प्रतिनिधि जिला अध्यक्ष अग्रणी संगठन के अध्यक्ष विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रखंड मंडल के अध्यक्ष सांसद पूर्व सांसद विधायक पूर्व विधायक उपस्थित रहेंगे।

## रांची पुलिस ने ईव टीजिंग को लेकर किया पैदल मार्च



**रांची(बिभा) :** वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के निदेर्शानुसार सुमित कुमार अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची के नेतृत्व में रांची जिला के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के सभी थाना में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा हेतु पैदल मार्च किया गया, जिसके अंतर्गत सभी थाना क्षेत्र में पढ़ने वाले स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थान एवं गर्ल्स हॉस्टल में जाकर उनसे बात किया गया तथा उनकी समस्याओं को सुना गया, साथ ही साथ कहीं पर छेड़-छाड़ (ईव टीजिंग) कि मामला आता है तो इस संबंध में उन्हें 100, 112 डायल कर तथा क्यूआर कोड के माध्यम से अपना शिकायत दर्ज करने हेतु कहां गया इसमें उनकी नाम की गोपनीयता रखी जाएगी। अगर इस तरह का कोई मामला आता है और उस मामले में किसी भी पुलिस पदाधिकारी के द्वारा अगर लापरवाही वरती जाती है तो उसके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स में मेरी आवाज मेरी पहचान को लेकर बैठक आयोजित



**रांची(बिभा)।** नव वर्ष आगमन को लेकर शुक्रवार को झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स में मेरी आवाज मेरी पहचान की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें 23 दिसंबर को होने वाले कार्यक्रम को लेकर चर्चा कि गई । उस दिन मेरी आवाज में पहचान की उपलब्धियां भी बताई जाएगी । 23 दिसंबर के कार्यक्रम को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है । इसके बाद मैंप का झारखंड चैंबर कॉमर्स में एक भव्य शानदार प्रोग्राम आयोजित करने को लेकर विचार किया जाएगा । इस मौके पर बॉलीवुड एक्टर देवेश खान, आनंद जालान, बुलंद अख्तर, कुमार गहलोत, कविता होरो और विवेक जी आदि मौजूद थे।

## जेसीआई ने फैंटेसी वर्ल्ड कॉर्निवल का पोस्टर किया विमोचन



**रांची(बिभा) :** संस्था के अध्यक्ष विक्रम चौधरी ने बताया की यह कॉर्निवल शनिवार 21 दिसंबर 2024 को शाहदेव हाउस बैंक्वेट हॉल (कांके रोड) में आयोजन किया जा रहा है। श्री चौधरी ने बताया की जेसीआई रांची हमेशा रांची में कुछ अलग करने का प्रयास करता है और इस बार भी उनका यह कार्यक्रम बाकी सभी से हट कर होगा। कार्यक्रम में फ़्ली मार्केट, फन राइड, सेल्फी कॉर्नर, हॉर्स राइड, ग्रुप डांस कॉम्पीटिशन, लजीज व्यंजन, आकर्षक डेकोरेशन, कार्यक्रम का खास आकर्षण होंगे। कार्यक्रम के प्रायोजक सर्वदा ज्वेलर्स, रामा किड्स शॉपी, नीव प्ले स्कूल, बिना वस्त्रालय साड़ी केन्द्र और मरीन है। इस कार्यक्रम में रुचि झुनझुनावाला, रीति जैन, स्वाति खोवाल, गुडिया सिंघानिया, वंदना खोवाल एवम् संस्था के अन्य सदस्य मौजूद थे। यह जानकारी जेसीआई रांची के प्रवक्ता अमन पोद्दार ने दी।

### राहुल गांधी पर भाजपा द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे के विरोध में झारखंड कांग्रेस ने निकाला विरोध मार्च

# भाजपा की पूरी नीति झूठ, फरेब, छल प्रपंच पर पर ही टिकी हुई है : कमलेश

बिभा संवाददाता



**रांची।** लोकसभा में विपक्ष के नेता श्री राहुल गांधी पर भाजपा नेताओं द्वारा दर्ज कराए गए झूठे मुकदमे के विरोध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने आक्रोशपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। इस क्रम में कांग्रेस जनों ने कांग्रेस भवन से अल्बर्ट एक्का चौक तक विरोध मार्च निकाला।

इस अवसर पर अपने संबोधन में केशव महतो कमलेश ने कहा कि भाजपा की पूरी नीति झूठ, फरेब, छल प्रपंच पर पर ही टिकी हुई है और इसी का सहारा लेकर पूरे देश की जनता को लगातार धोखा दे रही है। भारत रत्न बाबा साहब का अपमान करने वाले गृहमंत्री के खिलाफ कांग्रेस का शांतिपूर्ण प्रदर्शन भाजपा को पसंद नहीं आया। जनता के चुने हुए विपक्ष के जन प्रतिनिधियों को भाजपा के सांसदों ने सत्ता के घमंड में संसद के अंदर प्रवेश करने से रोका,जिस पर कांग्रेस राहुल गांधी के नेतृत्व में लोकतांत्रिक ढंग से विरोध कर रही थी परंतु नाटक बाजी करते हुए भाजपा नेताओं ने फर्जी ड्रामा किया और इसी ड्रामा के तहत झूठा मामला बनाकर राहुल गांधी पर झूठा मुकदमा दर्ज कराया।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब के अपमान से पूरा देश उद्वेलित है और इसी से ध्यान हटाने के लिए भाजपा ने सियासी ड्रामा रचा है लेकिन भाजपा के ड्रामे से कांग्रेस पीछे हटने वाली नहीं है। बाबा साहेब के अपमान का विरोध पुरजोर तरीके से किया जाएगा। कांग्रेस का इतिहास 125 वर्षों से ज्यादा का है और कांग्रेस की बुनियाद आंदोलन पर ही टिकी हुई है। इस देश के नागरिकों को अधिकार देने वाले संविधान के शिल्पकार बाबा साहब के सपनों को कुचलने की मंशा रखने वाली भाजपा को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप ने कहा कि देश के सबसे बड़े पंचायत में भाजपा के कुछ चिरकुट नेता भी उपस्थित है। वीडियो फुटेज और सांसद के बयान से साफ है कि राहुल गांधी निर्दोष हैं। अदानी प्रकरण और युवाओं को रोजगार से भटकाने की यह भाजपा की साजिश है। राहुल गांधी संविधान को बचाने और देश को जोड़ने के लिए पूरे देश की यात्रा करते हैं और उन पर झूठा मुकदमा किया जा रहा है ,यह सिर्फ कांग्रेस का अपमान नहीं बल्कि न्याय का अपमान है। देश तानाशाही से नहीं लोकतंत्र से चलेगा।

पूर्व वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा अमित शाह को देश की जनता से बाबा साहब का अपमान करने के लिए माफी मांगनी होगी। झूठ और फर्जी मुकदमे कर कर भाजपा कांग्रेस को डरा नहीं सकती। राहुल गांधी देश की जनता के विश्वास का मजबूत स्तंभ है,जनता के अधिकारों की रक्षा करने के लिए सदैव तत्पर एक प्रहरी है,इनके नेतृत्व में जन-अधिकारों,मान- सम्मान के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी के ऊपर मुकदमा दर्ज करना संसदीय इतिहास का काला दिन है। गोडसे के कदमों पर चलने वाली भाजपा निचता की हद तक गिर सकती है। जिस तरह से राहुल गांधी के ऊपर हत्या का प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया है, उससे हमें आशंका है कि इलाजरत सांसद की हत्या भी भाजपा कर सकती है ताकि फर्जी मुकदमे को सच में बदल सके।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि भाजपा झूठ की दुकान है। बाबा साहब के अपमान के मुद्दे से जनता का ध्यान भटकाने के लिए सारा खेल खेला जा रहा है, कांग्रेस को बदनाम करने की साजिश हो रही है। जनता सच जानना चाहती है, जबकि भाजपा नेता हमेशा सच का सामना करने से भागते हैं।

विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से केएन त्रिपाठी, राजीव रंजन प्रसाद, संजय लाल पासवान, रवीन्द्र सिंह, जयशंकर पाठक, सुलतान अहमद, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, लाल किशोर नाथ शाहदेव, अभिलाष साहु, आभा सिन्हा, निरंजन पासवान, सोनाल शांति, राजन वर्मा, डॉ राजेश गुप्ता, शान्तनू मिश्रा, डॉ राकेश रिण महतो, सुरेन्द्र सिंह, मुन्नम संजय, नेली नाथन, केदार पासवान, पप्पु अजहर, अमरेन्द्र सिंह, योगेन्द्र सिंह बेनी, ईश्वर आनंद, चंचल चटर्जी, अरूण साहु, नीतू देवी, जितेन्द्र त्रिवेदी, समुदर गुप्ता, नरेन्द्र लाल गोपी, उज्ज्वल तिवारी, अमन अहमद, इस्तियाक अहमद टूनू, मुन्ना सिंह, राजू राम, बशिष्ट लाल पासवान, नागो चौधरी, फिरोज रिज्वी मुन्ना, नीलम सहाय, अनिल उरांव, विकास सिंह, संजय कुमार, आशुतोष पाठक, राजीव चौधरी, आशुतोष नाठ पाठक आदि कांग्रेसजन शामिल थे।

# दुग्ध कलेक्शन में बिचौलिया प्रथा को खत्म करने का लक्ष्य : शिल्पी

बिभा संवाददाता



**रांची :** झारखंड के पशुपालकों के लिए एक अच्छी खबर है . कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता विभाग राज्य में मिल्क कलेक्शन सेंटर में इजाफा करेगी . इसका उद्देश्य राज्य के पशु पलकों से उचित मूल्य पर दुग्ध कलेक्शन करना है . रांची के होटवार स्थित मेधा डेयरी प्लांट का औचक निरीक्षण करने पहुंची कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने ये बात कही है . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य में 10 हजार लीटर से दुग्ध कलेक्शन का काम शुरू हुआ था . आज प्रति दिन 3 लाख लीटर दुग्ध का कलेक्शन हो रहा है . लेकिन बाजार का डिमांड 10 लाख लीटर प्रति दिन है . बाजार के डिमांड को दूसरे कंपनी पूरा कर रहे है . जबकि मेधा के उत्पाद की क्वालिटी सबसे ज्यादा बेहतर है . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि पशुपालक किसानों को दुग्ध का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है . ग्रामीण इलाकों में बिचौलिया सक्रिय है . ऐसे में ये जरूरी है कि मिल्क कलेक्शन सेंटर में इजाफा कर बिचौलियों के सिंडिकेट को खत्म किया जाए . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बताया की मांडर की एक महिला 2016 से पशुपालन से जुड़ी है और आज दुग्ध बेच कर प्रति माह 2 लाख रुपए तक का आय हासिल कर रही है . मेधा के उत्पाद को राज्य के अंदर ही नहीं दूसरे राज्य तक भी पहुंचाना है . इस दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कैटल फीड प्रोडक्शन का भी जायजा लिया .

## मनुस्मृति को मानने वाले कर रहे संविधान निर्माता का अपमान :विनोद पांडेय

बिभा संवाददाता

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जी की उस बयान की निंदा की है, जिसमें उन्हंने संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का अपमान किया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह केंद्रीय प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि संसद में संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का अपमान कर उन्होंने अपनी सोच को प्रदर्शित किया है। उन्होंने कहा कि अमित शाह अपने दल भाजपा और आरएसएस की उसी वैचारिक भावना को आगे बढ़ा रहे हैं, जो समाज में नफरत फैलाने में माहिर है। संविधान निमार्ता ने देश के वंचित वर्ग का जीवन स्तर बेहतर करने में अमूल्य योगदान दिया, लेकिन संविधान की जगह मनुस्मृति लागू करने की बातें करने वाली भाजपा-आरएसएस ने उनके प्रति हमेशा अपनी नफरत का प्रदर्शन किया है। कहा कि कभी आरक्षण को समाप्त करने तो कभी आरक्षण की समीक्षा करने की बातें भाजपा-आरएसएस की ओर से इसी उद्देश्य के तहत उठाई जाती है। यही कारण है कि संविधान निमार्ता के संदर्भ में लोकसभा में अमित शाह ने अपमानजनक टिप्पणी की। भारत के संविधान को मानने की बजाय इनकी निष्ठा मनुस्मृति के प्रति है। ये समाज को पीछे धकेलना चाहते हैं।

## सीसीएल में फर्जी नौकरी के मामले में जीएम सहित 24 अभियुक्तों को तीन-तीन साल की सजा

**रांची।** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने शुक्रवार को 26 साल पुराने मामले में सीसीलए में फर्जी नौकरी के मामले में सुनवाई हुई। इस मामले में सीसीएल के तत्कालीन जीएम हरिद्वार सिंह(90), उनके पुत्र प्रमोद कुमार सिंह सहित 22 अभियुक्तों को अदालत ने सजा सुनायी। जबकि दो आरोपी मुरारी कुमार सिन्हा और दशरथ गोप को रिहा कर दिया। हरिद्वार सिंह सहित 22 अभियुक्तों को तीन-तीन साल की सजा सुनाई गयी। जीएम हरिद्वार सिंह को 50 हजार तथा अन्य अभियुक्तों को दो-दो हजार रुपये जुमार्ना लगाया गया। जुमार्ना नहीं देने पर हरिद्वार सिंह को तीन महीने जबकि अन्य को एक-एक महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सीबीआई की ओर से वरीय लोक अभियोजक बृजेश कुमार यादव और लोक अभियोजक खुशबू जायसवाल ने बहस की और आरोपितों को अधिक से अधिक सजा देने की मांग की। मामला पिपरवार क्षेत्र में पीपरवार क्षेत्र में अधिग्रहित जमीन के एवज में नौकरी देने का मामला है।

## राज्यपाल से मिला झारखंड आंचलिक पत्रकार संघ का प्रतिनिधि मंडल



बिभा संवाददाता

**रांची.** झारखंड आंचलिक पत्रकार संघ का एक पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिला.प्रतिनिधि मंडल में शामिल लोगों ने राजपाल को सर्वप्रथम छह सुत्री मांग पत्र सौंपा और उन्हें जानकारी दी कि पिछले तीन-चार दशक से ग्रामीण क्षेत्र में सीमित साधन और संसाधनों के बीच काम करने वाले पत्रकारों की स्थिति काफी दयनीय है.सरकार द्वारा समय-समय पर जो सुविधाओं की घोषणा की जाती है उसमें भी इस तरीके से वर्गीकरण कर दिया जाता है कि उसका लाभ अंचल क्षेत्र के पत्रकारों को नहीं मिल पाता है.ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन और काम करने के दौरान होने वाले विभिन्न समस्याओं एवं चुनौतियों से भी उन्हें अवगत कराया गया.राज्यपाल ने कहा कि अंचल के पत्रकारों कि समस्या को समझ सकते हैं।

मुख्यमंत्री और उनके प्रधान सचिव रांची से बाहर हैं उनके आने पर सरकार स्तर पर अंचल क्षेत्र के पत्रकारों के हित में कल्याणकारी नीतियों का निर्धारण कराने का प्रयास किया जायेगा। साथ हि उन्होंने कहा कि एक बार संघ की ओर से मुख्यमंत्री से जरूर मिले .प्रतिनिधि मंडल में संघ के संगरक्षक - केशव भगत, महासचिव- दीपक जयसवाल, उपाध्यक्ष - धर्मेन्द्र गिरि, उपाध्यक्ष - रोहित लाल महतो एवं कोषाध्यक्ष - सुनील कुमार शामिल थे.

## अतिथि शिक्षकों के साथ न्याय की खातिर संघ का प्रतिनिधि मंडल कुलपति से मिला: डॉ. धीरज

बिभा संवाददाता



**राँची:** झारखंड प्रदेश अंतर्गत प्रांतीय मुख्यालय शहर में अवस्थित राँची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा से झारखंड प्रदेश अतिथि शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल संघ के प्रदेश संयोजक डॉ. धीरज सिंह सूर्यवंशी के नेतृत्व में आज गुरुवार को मिला ।इस दौरान डॉ. धीरज सिंह सूर्यवंशी ने कुलपति को ज्ञापन सौंपा एवं साथ ही डॉ. सूर्यवंशी ने कुलपति के समक्ष पिछले लगभग डेढ़ वर्षों से लंबित मानदेय की भुगतान अविलंब करने की बात रखी ।डॉ. सिंह ने कहा की लंबे समय से विवि प्रशासन द्वारा मानदेय भुगतान के अभाव में समुचित इलाज नहीं हो पाने की वजह से गत दिनों संघ के अध्यक्ष के पुत्र मासूम तो वहीं पूर्व में एक अतिथि शिक्षिका असमय काल कवलित हो गयी ।साथ ही डॉ. धीरज सिंह सूर्यवंशी ने माननीय झारखंड उच्च न्यायालय की गत 11 -07 - 2024 एवं 09 दिसम्बर 2024 के याचिकाकताओं- अतिथि शिक्षकों के संदर्भ में स्टे की राँची विवि के विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों के विभागाध्यक्षों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों के प्राचार्यों द्वारा अवमानना का मामला प्रमुखता से उठाया ।इस मौके पर संघ के संयोजक डॉ. धीरज सिंह सूर्यवंशी ने कहा कि झारखंड प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग व विवि प्रशासन की अलोकतांत्रिक कार्यशैली एवं कार्यवाही से अतिथि शिक्षकों को अपूरणीय क्षति हुई है। संयोजक डॉ. धीरज सिंह सूर्यवंशी ने अतिथि शिक्षकों के संवैधानिक हक एवं अधिकारों को संरक्षित एवं संवर्धित करने की वकालत भी विवि प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से रखी।

इस मौके पर जहाँ कुलपति कक्ष में कुलसचिव विनोद नारायण, प्रॉक्टर मुकुंद चंद मेहता एवं विवि पदाधिकारी सह डोरंडा महाविद्यालय के प्राचार्य राज कुमार शर्मा थे तो वहीं झारखंड प्रदेश अतिथि शिक्षक संघ प्रतिनिधि मंडल में संयोजक डॉ. धीरज सिंह सूर्यवंशी,मो. तल्हा नदवी, राजू हजाम, विकास कुमार, शिव कुमार, विद्याधर मेहता, मो. आसिफ, नीहारिका महतो, दीपशिखा समदर्शी, डॉ.सुषमा साहू, डॉ.सुरभि, आलोक उत्पल, डॉ. कृष्णकांत, डॉ. अरविंद, डॉ. मुमताज, डॉ. हैदर, डॉ शाहबाज, आशीष कुमार आदि थे।

### रांची विश्वविद्यालय में इंटर कॉलेज युवा महोत्सव रीझ-रंग 2024-25 का हुआ रंगारंग आगाज, कुलपति ने कहा

# हमारे छात्र बेहतर से बेहतर प्रदर्शन करेंगे और रांची विवि का परचम लहरायेंगे

बिभा संवाददाता



**रांची:** रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में इंटर कॉलेज युवा महोत्सव रीझ रंग 2024-25 का रंगारंग उद्घाटन हुआ। उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट, छात्रों ने अपनी बेहतरीन प्रसतुति से सभागर में आयो सभी लोगों का मन मोह लिया। 20-22 दिसंबर 2024 तक चलने वाले इस महोत्स्व में डांस, म्युजिक, पोस्टर मेकिंग, क्विज , काव्य पाठ, स्पॉट फोटोग्राफी जैसी स्पद्धार्यें आयोजित हो रही हैं।

युवा महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर कुलपति ने गर्मजोशी से सभी युवाओं और छात्रों को संबोधित किया और शुभकामनायें देते हुये कहा कि रांची विश्वविद्यालय में प्रतिभाओं की कोई नहीं। हमारे पास अपार क्षमता है और मुझे पूरा भरोसा है कि इस बार पश्चित बंगाल के निवेदिता विश्वविद्यालय में होने वाले युवा महोत्सव में रांची विश्वविद्यालय के हमारे छात्र अपना परचम लहरायेंगे ।क्योंकि हमारे बच्चों में अपार क्षमता है और शिक्षकों का विजन बहुत अच्छा है।

उद्घाटन सत्र में पीएफए विभाग के छात्रों ने बीहू गीत नृत्य माघे बीहू आरिल और नागपुरी लोकगीत अंबा मंजरे मधुमास प्रस्तुत किया वहीं कुड़ूख विभाग के छात्र छात्राओं ने डमकच गीत संगीत की बेहतरीन प्रस्तुति दी जिसे देख कर सभी विभोर हो गये।

उद्घाटन सत्र में सेवानिवृत प्राध्यापक डॉ. रणजीत कुमार सिंह भी आये। कुलपति ने उन्हे सम्मानित किया। उन्होंने सभी युवाओं को अच्छे प्रदर्शन के लिये शुभकामनायें दी।

कुलपति ने बताया कि हाल ही में आयी नैक पीयर टीम के सदस्य आरयू पीएफए विभाग के छात्रों द्वारा बनाये गये अपनी स्केच को देख कर अभिभूत हो गये थे। उन सबों ने यहां से लौटने के बाद हमारे छात्रों द्वारा बनायी गयी स्केच की मांग की है ताकि वो उसे फ्रेम करा कर यादगार के तौर पर रख सके। रीझ-रंग महोत्सव के विजयी प्रतिभागियों की टीम 8-12 जनवरी 2025 तक पश्चिम बंगाल के निवेदिता विश्वविद्यालय में होने वाले युवा महोत्सव में भाग लेगी।

कुलपति ने कहा कि 10 जनवरी 2025 से हम रांची विश्वविद्यालय में स्पोर्ट्स कॉन्वोकेशन कराने जा रहे हैं। ऐसा कॉनवोकेशन यहां पहली बार होगा। इसमें युवा महोत्सव के विजयी छात्रों को भी शामिल किया जायेगा।

तीन विभागों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का सेमिनार होने जा रहा है।

कुलपति ने मंच से युवाओं और सभी शिक्षकों को कहा कि एक बार परिश्रम का ही नतीजा है कि आज हम भूगोल, दर्शन्शास्त्र और अन्य विभागों में तीन अंतर्राष्ट्रीय स्तर का सेमिनार कराने जा रहे हैं। कुलपति ने कहा कि शोध, सेमिनार कार्यशालाओं के आयोजन पर हमारा विशेष ध्यान है और इसके लिये फंड की कोई कमी नहीं है। कुलपति ने कहा कि इस साल के युवा महोत्सव रीझ-रंग 2024-25 का एक रिपोर्ट बुक तैयार किया जायेगा जो रांची विश्वविद्यालय के लिये एक अर्काइव होगा। इससे पहले उद्घाटन सत्र में कुलपति, कुलसचिव, डॉ. जीएस झा, डॉ. सुदेश कुमार साहु , डॉ. बी.के. सिन्हा , डॉ स्मृति सिंह ने द्वीप प्रज्ज्वलन किया। राष्ट्रगान और कुलगीत के बाद छात्रा शुभम ने गणेश वंदना की सुंदर प्रस्तुति दी।

**AFFIDAVIT**

**I, AYUSHI SAHU** DAUGHTER OF ANUJ KUMAR SAHU resident of KATHAL MORE ROAD, NEAR SHIV MANDIR, ARGORA LOHRA KOTCHA KUNJVIHAR, DORANDA RANCHI (JHARKHAND) do hereby solemnly affirm and declare by affidavit no. 50 dated 20 - 12- 2024 as follows:

1. That I aman Indian National by birth.
2. That I have a passport No. R 9477759 in the name of AYUSHI KUMARI SAHU but I have called in the name of AYUSHI SAHU
3. That AYUSHI SAHU and AYUSHI KUMARI SAHU both are sameand one person.4. That I made this affidavit for change my name in passport.

संक्षिप्त खबरें

## डुमरी विधायक से जनहित में चंद्रपुरा, दुगदा, जारीडीह को बोकारो कोर्ट से जोड़ने की मांग

**बोकारो/बिभा संवाददाता।** डुमरी विधायक जय राम महतो जी का बोकारो के अधिवक्ताओं ने आज कोर्ट परिसर में जोरदार स्वागत किया। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने आए दिन अधिवक्ताओं पर हो रहे हमले से बचाव के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट विधान सभा से पास करवाने की मांग की। अधिवक्ता सोमनाथ शेखर ने जनहित में चंद्रपुरा, दुगदा, जारीडीह को बोकारो कोर्ट के क्षेत्राधिकार में जोड़ने की मांग की। अतुल कुमार ने अधिवक्ताओं के लिए दिल्ली के तर्ज पर इंश्योरेंस पॉलिसी लाने में पहल करने की बात कही। विधायक जी ने अधिवक्ताओं को आश्वस्त किया कि उनकी मांग को विधान सभा के पटल पर रखेंगे और जल्द लागू करवाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर लालटू चरण महतो, शिव नाथ महतो, रंजन कुमार मिश्रा, फटीक चंद्र सिंह, शंकर दे, पिंटू मिश्रा, संजय कुमार प्रसाद,अंकित ओझा, प्रेरणा पांडेय, जितेंद्र कुमार, चंदन कुमार, कृष्ण देव प्रसाद, विकास कुमार, राज श्री, दीपिका सिंह, संजीत कुमार सिंह, मो हसनैन आलम, अनीश अंसारी, वंशिका सहाय, दीप्ति सिंह, रीना कुमारी, बीरेंद्र प्रसाद महतो, काली पद मांझी, अरूप चक्रवर्ती, दिनेश घोषाल, इंद्रनील चैटर्जी, सुभाष चक्रवर्ती,संजीत महतो समेत सैकड़ो अधिवक्ता मौजूद थे।



## बीजीएच सफाई मित्रों को सभी प्रकार का भत्ता देना पड़ेगा : बीके चौधरी

**बोकारो/बिभा संवाददाता।** जेनरल अस्पताल मे कार्यरत करीब 200 कटेगरी बी ठेकाकर्मी अस्पताल का लेट्रीन, बाथरूम ,सभी वार्डो से लेकर ओ पी डी मे झाड़ू पोछा लगातार साफ सफाई का काम बर्षो से करता आ रहा है। जिसका नतीजा है कि आज के समय मे साफ सफाई और रख रखाव के मामले मे बोकारो जनरल अस्पताल का अपना अलग पहचान बन चूका है। अनेको समस्याओं को लेकर आज अस्पताल के ठेकाकर्मीयों का आवश्यक बैठक मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ,प्रभारी कार्यालय के सामने हुआ जिसमे जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री बि के चौधरी को मजदूरों ने अपनी समस्याओं को रखा ।समस्याओं को जानने और समझने के उपरांत बि के चौधरी ने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि एक ही जगह काम करने वाले ठेकाकर्मीयों को दो प्रकार के अलग अलग सुविधाएं दिया जा रहा है। एक मजदूर समूह को जिसमे 70 के करीब को क्वार्टर भत्ता, साईकिल भत्ता, मिनिमम वेज के अतिरिक्त स्पेशल वेज दिया जा रहा है। वहीं दूसरे समूह मे कार्यरत करीं 200 महिला ,पुरुष को सभी प्रकार के भत्ताओं से वंचित कर रखा गया है जो कहीं से भी न्यायोचित नहीं है। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से संजय कुमार, गणेश डोम, अनवर खान, महेश रामी, बिक्की कुमार, बीरेन्द्र राम, सीमा देवी, शोभा देवी, सिकंदर राम, कृष्णा डोम, बिशु डोम, बिजय कालन्दी, सत्येंद्र कुमार, जयराम डोम, निमाई कालन्दी, राजेन्द्र राम, राजू राम, कमलेश, और राजू राम इत्यादि ने अपने अपने बातों को रखा।



## स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए राष्ट्रीय हेल्थ मिशन के साथ समन्वय

**बोकारो/बिभा संवाददाता।** सिविल सर्जन डॉक्टर अभय भूषण प्रसाद की अध्यक्षता में आत्म निर्भरता व प्रभावशीलता को बेहतर बनाने के लिए चिंतन और कार्यवाही से संबंधित बैठक का आयोजन ऐनएचएम टीसी कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया है। बैठक का मुख्य उद्देश्य शहरी स्वास्थ्य के साथ ही परिवार नियोजन कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए परिवार नियोजन कार्यक्रम हेतु नेतृत्व एवं शासन, वित्त व्यवस्था, आपूर्ति, परिवार नियोजन के लिए हेल्थ मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम, स्वास्थ्य कर्मी सेवा प्रदाता, एवं टीसीआई प्रमाणिक दृष्टिकोण का संस्थागतिकरण और परिवार नियोजन हेतु शहरी दृष्टिकोण और व्यवहार के माध्यम से प्रभाव की निरंतरता के अंतर्गत चर्चा की गई। बैठक में सिविल सर्जन डॉक्टर अभय भूषण प्रसाद द्वारा टूल के सभी गुणवत्ता मानकों को समुदाय स्तर तक लागू करने का निर्देश दिया। डीआरसीएचओ बोकारो ने कहा कि परिवार नियोजन के साथ अन्य स्वास्थ्य संबंधी विषयों को सुदृढ़ीकरण हेतु समुदाय स्तर से स्वस्थ संस्थान तक रेफरल सिस्टम को और भी मजबूत करें एवं आईयूसीडी सेवा का शहरी स्वास्थ्य केंद्र में सुदृढ़ीकरण करने के लिए निर्देश दिया एवं सभी शहरी स्वास्थ्य केंद्र को परिवार नियोजन के अस्थाई साधन तीन-तीन महीने के लिए उपलब्ध करवाने का भी निर्देश दिया। बैठक की दौरान राष्ट्रीय हेल्थ मिशन एवं शहरी हेल्थ मिशन के जिला स्तरीय प्रतिनिधि एवं साई इंडिया के मैनेजर प्रोग्राम इंप्लीमेंटेशन के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



## बिजुलिया में स्व पानुलाल महतो का 13 वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**बोकारो/बिभा संवाददाता।** चास प्रखण्ड बिजुलिया बिनोद हटिया मैदान में शुक्रवार को का० पानुलाल महतो का 13 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। स्व० महतो के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। कहा का० पानुलाल महतो झारखंड अलग राज्य के आंदोलन कारी थे। स्व सांसद स्व ए के राय के करीबी थे। मौके पर मासस जिला सचिव दिलीप तिवारी, दिलीप ओझा,समाजसेवी मंतोष रजक, चंदनकियारी विधानसभा पुर्व प्रत्याशी जगन्नाथ राजवार, अर्जुन राजवार, मासस भीम रजक, रामविलास महतो जितेंद्र महतो विकास चौबे लालमोहन रजवार साधु महतो सुरेश महतो विजय पदम महतो पशुपति महतो बिट्टू रजवार सोना देवी नारायण चौबे सुधीर राय सैकड़ो लोग उपस्थित थे।



# भीम आर्मी और बहुजन युवा शक्ति का संयुक्त विरोध प्रदर्शन

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** आल इंडिया एससी एसटी एंड बैकवर्ड को ऑर्डिनेशन कौंसिल, भीम आर्मी (भारत एकता मिशन) बोकारो महानगर,बोकारो एवं बहुजन युवा शक्ति बोकारो के बैनर तले एक विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन हुआ। जिसका मुख्य बिंदु भारत के गृह मंत्री अमित शाह थे। अमित शाह के द्वारा डॉ भीम राव अंबेडकर के लिए संसद में अभद्र तरीके से लिए गए नाम से भारत के सभी वर्ग के समाज आहत हुए है। इस विरोध रैली में विशेष रूप से उपस्थित कौंसिल के प्रदेश महासचिव श्री मनोज पासवान ने अपने संबोधन में बताया डॉ अंबेडकर साहेब हमारे पुरे देश के लिए पूजनीय हैं और आदर्श भी हैं। डॉ भीम राव अंबेडकर का अपमान पूरे भारत का अपमान है। संयुक्त रूप से अपने संबोधन में भीम आर्मी (भारत एकता मिशन) के बोकारो महानगर अध्यक्ष अजय कुमार, कौंसिल के अध्यक्ष सरोज कुमार, महासचिव संजय कुमार एवं ने बताया कि नफरत की राजनीति पर भारत का विकास का नींव नहीं रखा जा सकता है, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के साथ हम सब की भावनाएं जुड़ी हुई हैं। हम सब अपनी एकता का परिचय देते हुए एक साथ मिलकर पूरे भारत में ऐसी पार्टी को केंद्र और राज्य से दूर रखेंगे जो देश में अराजकता फैलाना चाहते हैं। देश भारत के संविधान से चलेगा, मनुस्मृति के विचारों से नहीं।विरोध प्रदर्शन में कौंसिल के कार्यकारी अध्यक्ष अमन कुमार, संगठन मंत्री ललितेश्वर् कुमार्, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार, बादल कोयरी, रामानुज पासवान, सचिव अशोक आर्या, सुरेश कुमार, देवानंद राम, रेखा मैत्री अवदेश पासवान, संदीप पासवान,अजय पासवान अवधेश कुमार, पिंकू कुमार, बिनोद राम, गोवर्धन रविदास, नकुल रविदास, कैलाश महतो, नरेश महतो,कृष्णा मंडल, मुकेश कालिंदी, युवराज, विनय, जितेंद्र कुमार, दिनेश बौद्ध, सुनील प्रसाद, लोग मौजूद रहे।




## डॉ. भीमराव अंबेडकर के अपमान के विरोध में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने किया विरोध प्रदर्शन



**बोकारो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा बोकारो जिला समिति की ओर से जिला अध्यक्ष श्री हीरलाला मांझी के नेतृत्व में बिरसा चौक बोकारो में गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया जैसा कि विगत दिनों संसद भवन में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के ऊपर आपत्तिजनक टिप्पणी किया गया इसको लेकर बोकारो झामुमो कड़ा विरोध करती है जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी ने कहा संविधान रचयिता भीम राव अम्बेडकर देश के संविधान बनाए जिसके गलत टिप्पणी का हमलोग कड़ी निदा करते है साथ महामहिम राष्ट्रपति से मांग करते है कि अविलंब गृह मंत्री को बर्खास्त करे अन्यथा झामुमो सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी जरूरत पड़ने पर दिल्ली कूच किया जाएगा। पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य बी के चौधरी मंटू यादव मो हसन जिला उपाध्यक्ष घुनू हंसदा विजय रजवार जिला कोषाध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य अशोक मुर्मू जिला संगठन सचिव फैयाज खान मदन महतो कन्हैया सिंह जरीडीह प्रखंड अध्यक्ष पंकज मरांडी सुबल महतो प्रमोद तापड़िया फिरदौस अंसारी अनिल रजवार लालन सोनी सुशांत मुंडा अजित मुर्मू कालीचरण टुडूचंदू सिंह मुंडा मिथुन मंडल मस्तान मंटू किस्तें अलोक सिंह राकेश सिन्हा जावेद भाई बुलबुल चौहान समसाद आलम पार्वज आलम सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## उत्कृष्ट नृत्यकला के लिए डीपीएस की छात्रा त्रिनयोना को मिला विश्वरत्न



बिभा संवाददाता

**बोकारो।** गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के समग्र विकास की दिशा में डीपीएस बोकारो का प्रयास एक बार फिर सार्थक सिद्ध हुआ है। विद्यालय की 10वीं कक्षा की होनहार छात्रा त्रिनयोना को उत्कृष्ट नृत्यकला के लिए प्रतिष्ठित विश्वरत्न सम्मान से नवाजा गया है। संगीत, कला सहित विभिन्न विधाओं में प्रतिभाओं का मूल्यांकन कर प्रोत्साहित करने वाली जानी-मानी संस्था वर्दी वेलनेस ने व्यापक स्तर पर एक स्पर्धा करवाई थी। इसमें नृत्य संबंधी सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टि के लिए विद्यार्थियों की कैटेगरी में पूरे झारखंड से एकमात्र त्रिनयोना को विश्वरत्न सम्मान के लिए चयनित किया गया। उसे स्मृति-चिह्न, प्रशस्ति प्रमाण-पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए शुक्रवार को विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने त्रिनयोना को पुरस्कृत करते हुए बधाई दी तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे में अपनी खास प्रतिभा होती है और डीपीएस बोकारो अपने विद्यार्थियों की हर प्रतिभा को निखारने का हर अवसर और मंच प्रदान करता रहा है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण उत्थान के लिए यह बेहद जरूरी है।

डीपीएस बोकारो के शिक्षक प्रोसांता कुमार एवं मेकअप आर्टिस्ट दीपान्विता कुमार की सुपुत्री त्रिनयोना को बचपन से ही नृत्य में रुचि रही है और वह इसी क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहती है। पांच साल की उम्र से ही उसने नृत्य सीखना शुरू कर दिया था और विद्यालय में गहन प्रशिक्षण पाते हुए अपने कौशल को निखारकर आज वह अपने मुकाम की ओर तेजी से अग्रसर है। उसने नृत्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न पुरस्कार अर्जित किए हैं। उसे आधुनिक एवं समकालीन नृत्य के विभिन्न स्टाइलों में विशेषज्ञता हासिल है। त्रिनयोना अपने पिता को ही अपना प्रेरणा-स्रोत मानती है।

## जैन पब्लिक स्कूल में क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन

**बोकारो।** जैन पब्लिक स्कूल ने अपने छात्र–छात्राओं के लिए क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया। इस दौड़ में जैन पब्लिक स्कूल के लगभग 200 छात्र छात्राओं ने भाग लिया कक्षा 4 से कक्षा 8 तक के बच्चों ने क्रॉस कंट्री दौड़ में हिस्सा लिया। स्कूल के शिक्षकों के मार्गदर्शन में इस दौड़ का आयोजन किया गया। जैन मिलन केंद्र के कोषाध्यक्ष विपूल मेहता ने औपचारिक रूप से झंडी दिखाकर दौड़ की शुरुआत की। छात्रों में भरपूर उत्साह झलक रहा था।सचिव आलोक जैन ने कहा कि ऐसे आयोजन से प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है जो उनके भविष्य में करियर बनाने में सहायक सिद्ध होगी। जैन ने कहा कि इससे बच्चों में अनुशासन भी बढ़ेगा। उन्होंने पुलिस प्रशासन को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। स्कूल के प्रभारी प्राचार्य मृत्युंजय सहाय ने कहा कि बच्चों के शारीरिक विकास में दौड़ सहायक होती है। सत्या हाउस के अंकित कुमार ने प्रथम प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर अहिंसा हाउस के मंजीत कुमार रहे तथा संयम हाउस के अमित कुमार तृतीय स्थान पर रहे। दौड़ के आयोजन में जैन पब्लिक स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की सराहनीय भूमिका रही।

## विद्यार्थियों के जीवन को बेहतर दिशा प्रदान करता है खेलकूद : सीजीएम

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। शुक्रवार को बीएसएल के सीजीएम सुजय कुमार व ओएनजीसी के चीफ मैनेजर अनूप मिंज ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। सीजीएम सुजय कुमार ने कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के जीवन को बेहतर दिशा प्रदान करता है। यह अनुशासन का पाठ पढ़ाता है। साथ ही टीम व खेल भावना विकसित करता है। खिलाड़ी खेल के मैदान में ही नहीं, अपितु हर दिन फेयर प्लेयर के रुप में भूमिका निभाता है। बच्चों को मोबाइल से दूर रहना चाहिए। इन्हें खेल के मैदान से नाता जोड़ना चाहिए। सीजीएम सुजय कुमार, चीफ मैनेजर अनूप मिंज,



स्कूल के प्रधानाध्यापक फादर डा.जोशी वर्गीस, डीपीएस के प्रधानाध्यापक डा.एएस गंगवार, जीजीपीएस चास के प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार, चिन्मय विद्यालय के प्रधानाध्यापक सूरज शर्मा, रेनबो पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक बिपुल कुमार सिंह, मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार पाठक, विद्यालय प्रबंधन समिति के पीके जकारिया, पीई ईप्पन व अशोक तनेजा ने गुब्बारा उड़ा कर बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। आगत अतिथियों का स्वागत हेडमिस्ट्रेस सपना जोशी ने किया। अतिथि ने ध्वजारोहण किया। विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट के माध्यम से अतिथि को सलामी दी। बच्चों ने खेल भावना के तहत प्रदर्शन का संकल्प लिया। इन्होंने मशाल लेकर दौड़ लगाई। विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य व मास ड्रिल पेश कर समां बांध दिया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

## ओएनजीसी ने किया सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का आयोजन

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गयारी ने ओएनजीसी द्वारा आयोजित सुरक्षा जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम के समापन सत्र को संबोधित किया. कार्यक्रम का समापन समारोह ओएनजीसी कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बोकारो जिले के पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गयारी मौजूद रहे. मनोज स्वर्गयारी ने ओएनजीसी सुरक्षा विभाग द्वारा सप्ताह के अन्तर्गत सुरक्षा से संबंधित किए गए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों जैसे साइबर सुरक्षा, प्रतिनियुक्ति झारखंड गृह रक्षकों के लिए सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम, पारिवारिक एवम् कार्मिक वर्ग में सुरक्षा जागरूकता पर निबंध एवम् नारा लेखन प्रतियोगिता आदि की प्रशंशा की एवम् भविष्य में भी स्थानीय




पुलिस के साथ मिलकर इसी प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करने की अपील की. पुलिस अधीक्षक द्वारा लोगो को लगातार बढ़ते साइबर हमलों से जागरूक रहने के लिए भी जरूरी बातें बताई गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा सप्ताह के अन्तर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरुस्कार वितरित कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया. सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का शुभारम्भ 13 से 19 दिसंबर तक ओएनजीसी के कार्यकारी निदेशक - परिसंपत्ति प्रबंधक आदित्य जौहरी द्वारा जागरूकता ही आपका पहला बचाव है की थीम पर किया गया था।

## गैंगस्टर प्रिंस खान का घर कुर्क



**धनबाद।** रांची एटीएस की टीम ने शुक्रवार को बैंक मोड़ थाना की पुलिस के साथ गैंगस्टर प्रिंस खान के वासेपुर के मखदमी रोड स्थित आवास की कुर्की-जब्ती करने पहुंची. एटीएस ने यह कार्रवाई पिछले दिनों धनबाद के क्लि नी लैब में हुई फायरिंग की घटना को लेकर की है . एटीएस के पदाधिकारी रोशन बाड़ा ने बताया कि पिछले दिनों धनबाद के गया पुल स्थित क्लि नी लैब में फायरिंग की घटना में गैंगस्टर प्रिंस खान के खिलाफ बैंक मोड़ थाना में मामला दर्ज हुआ था. कुर्की के वक्त प्रिंस के घर से कोई सामान बरामद नहीं हुआ. ज्ञात हो कि उक्त घर में पहले भी दो-तीन बार कुर्की-जब्ती की कार्रवाई हो चुकी है।

## एचडीएफसी एटीम से हुई 29.56 लाख की चोरी मामले का खुलासा

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** चन्दनकियारी बाजार स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीम मशीन की चोरी तथा उससे 29.56 लाख रूपये की चोरी का पुलिस ने उदभेदन कर लिया है. इस मामले मे शामिल तीन अपराधियों मे से दो अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने टूटे हुए एटीएम मशीन को बरामद कर लिया है. इसकी जानकारी प्रेसवार्ता के दौरान बोकारो एसपी मनोज सवार्गीयारी ने दी. उन्होंने बताया की सन्नी कुमार के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करवाई गयी थी, पुलिस ने मामले का अनुसन्धान शुरू करते हुए कांड दर्ज किया था.घटना के त्वरित उद्भेदन हेतु एसडीपीओ चास के नेतृत्व मे एसआईटी का गठन किया था.एसआईटी टीम के द्वारा तकनीकी शाखा एवं मानवीय सूचना के आधार पर घटना का उदभेदन करते हुए कांड में शामिल दो अपराध कर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। तथा इनके निशानदेही पर चोरी किया गया एटीम मशीन एवं मशीन को ले जाने में प्रयुक्त ट्रॉली को भी बरामद किया गया है। घटना में शामिल एक अभियुक्त फरार है। जिसकी गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है एवं चोरी किये गये रुपयो की बरमदनी हेतु प्रयास किया जा रहा है।

## पुलिस ने 48 घंटे के अंदर किया आलोक हत्याकांड का पर्दाफाश

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां कदमा थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर ब्लॉक नंबर 4 के पास बुधवार सुबह हुए हत्याकांड की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। बता दें कि इस वारदात में बाइक सवार अपराधियों ने आलोक भगत उर्फ आलोक मुन्ना की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें भाजपा कार्यकर्ता विकास सिंह, साजिशकर्ता आकाश सिंह उर्फ छोटू बच्चा, विशाल कुमार उर्फ भीखे बाबा, पंकज साव उर्फ बच्चा और शक्ति विभर शामिल हैं। उक्त मामले में पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 3 देसी कट्टा, एक गोली और 3 खोखा भी बरामद कर लिया है।

## कैरल सिंगिंग: संगीत के माध्यम से प्रेम, शांति और सद्भाव का संदेश

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** जेवियर्स विद्यालय, बोकारो इस्पात नगर में वार्षिक कैरल सिंगिंग प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और भव्य तरीके से किया गया। विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल था, और प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों ने अपनी गायन प्रतिभा और उत्साह से सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में प्रेम, शांति, सद्भावना और भाईचारे की भावना को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में फादर मनोज कुजूर एस.जे. राहुल ओहदार, और सिस्टर जेंसी शामिल थे,



जिन्होंने सभी प्रस्तुतियों का सूक्ष्मता से मूल्यांकन किया। छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और सामूहिकता का अद्भुत प्रदर्शन किया। विजेताओं की घोषणा से पहले, विद्यालय के प्राचार्य फादर अरुण मिंज, एस.जे. ने सभी उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कैरल सिंगिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह छात्रों के जीवन में सामूहिकता, अनुशासन और आध्यात्मिकता का विकास करने का माध्यम है। उन्होंने कहा, कैरल सिंगिंग न केवल हमारे दिलों में प्रेम, शांति और सद्भावना का संदेश फैलाती है, बल्कि यह ईश्वर के प्रति आभार व्यक्त करने और मानवता को जोड़ने का सबसे सशक्त साधन भी है। फादर अरुण ने भी विद्यार्थियों को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और कहा कि संगीत हृदय को हृदय से जोड़ने और जीवन में सकारात्मकता लाने का माध्यम है।

# वेदांता अकादमी के कुलदीप महतो ने राज्य चयन ट्रायल में किया शानदार प्रदर्शन

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** वेदांता ई एस एल तीरंदाजी अकादमी के उभरते सितारे कुलदीप महतो ने 14 दिसंबर, 2024 को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, जमशेदपुर में आयोजित राज्य चयन ट्रायल में शानदार प्रदर्शन किया। बिजुलिया हाई स्कूल के 10वीं कक्षा के छात्र कुलदीप सियालजोरी पंचायत के बुढिबिनोर गांव के रहने वाले हैं और उन्हें अनुभवी हेड कोच बुधेश्वर मुर्मू के शागिर्द हैं। कुलदीप ने राज्य चयन ट्रायल में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से बोकारो को गौरवान्वित किया है। अपने पहले राज्य स्तरीय ट्रायल में, कुलदीप ने 720 में से 697 अंक हासिल कर दूसरा स्थान हासिल किया और आगामी 41वीं एनटीपीसी सब-जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप के लिए




झारखंड राज्य टीम में प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त किया। प्रतिष्ठित चैंपियनशिप 3 से 10 जनवरी, 2025 तक जयपुर, राजस्थान में आयोजित की जाएगी। वेदांता ई एस एल तीरंदाजी अकादमी, ई एस एल स्टील लिमिटेड ने अपने आस-पास के समुदाय के विकास और सर्वांगीण विकास के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता और समर्थन को जारी रखते हुए और समुदाय में खेल भावना और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के एक हिस्से के रूप में 2020 में प्रतिष्ठित वेदांता ई एस एल तीरंदाजी अकादमी की स्थापना की है। वेदांता ई एस एल तीरंदाजी अकादमी एक अत्याधुनिक तीरंदाजी संस्थान है, जो सियालजोरी में वेदांता ई एस एल प्लांट परिसर के अंदर स्थित है, जो बोकारो जिले के ग्रामीण क्षेत्र के महत्वाकांक्षी तीरंदाजों को खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक संसाधन और मार्गदर्शन प्रदान करता है। अकादमी ने राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी स्थापना के बाद से कुल 185 पदक जीतकर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। अकादमी ने दो प्रमुख आयोजनों की मेजबानी की है, जिसने छात्रों को हर साल पदक की संख्या में लगातार वृद्धि के अलावा उत्कृष्ट प्रदर्शन भी प्रदान किया है। कुलदीप की तीरंदाजी की यात्रा सितंबर 2022 में शुरू हुई जब वे वेदांत ई एस एल तीरंदाजी अकादमी में शामिल हुए। अपने निरंतर अच्छे प्रदर्शन के माध्यम से, कुलदीप ने अपनी जबरदस्त क्षमता का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रशंसा अर्जित की है। कोच भूदेश्वर मुर्मू की चौकस निगाहों और विशेषज्ञ मार्गदर्शन में कठोर प्रशिक्षण के साथ, कुलदीप ने वर्षों से अपने कौशल को निखारा है। उन्होंने वेदांता चैलेंज ट्रॉफी, एक अंतर-जिला तीरंदाजी टूर्नामेंट में चार पदक भी जीते। जिससे एक होनहार युवा तीरंदाज के रूप में उनकी प्रतिष्ठा मजबूत हुई। अपने निरंतर समर्पण और प्रशिक्षण के माध्यम से, राज्य चयन ट्रायल में प्रतिस्पर्धा करने को अपना सर्वश्रेष्ठ देने की लिए वो तत्पर हैं।

इस अवसर पर बोलते हुए ई एस एल स्टील लिमिटेड के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कहा, "कुलदीप हमारी वेदांता ई एस एल तीरंदाजी अकादमी के एक बेहतरीन तीरंदाज हैं । ई एस एल स्टील लिमिटेड में हमारा विज़न कुलदीप महतो जैसी युवा प्रतिभाओं को सशक्त बनाना है, ताकि उन्हें उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक संसाधन और प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके।

## रोटरी प्ले ग्रुप में क्रिसमस उत्सव का आयोजन, बच्चों ने लिया भाग

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** रोटरी प्ले ग्रुप ने आज सेक्टर 4 स्थित स्कूल परिसर में क्रिसमस का उत्सव बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया। यह आयोजन इतना हृदयस्पर्शी था कि इसने सभी उपस्थित लोगों के दिलों खुशी और उमंग भर दी।

लाल पोशाकों में सजे और सांता क्लॉज का रूप धारण किए बच्चों ने इस उत्सव की शोभा बढ़ाई। उनकी ऊर्जा और खिलखिलाती मुस्कान ने पूरे वातावरण को जादुई बना दिया और इस दिन को अविस्मरणीय बना दिया। प्रधानाचार्य रोटेरियन मानसी साहना ने इस कार्यक्रम को व्यवस्थित करने में प्रमुख भूमिका निभाई। उनकी अटूट समर्पण भावना और जुनून ने इस आयोजन को अद्वितीय बना दिया। सूक्ष्म से सूक्ष्म बातों पर ध्यान देने वाले



उनके अथक प्रयासों ने सभी पर गहरी छाप छोड़ी।

उप-प्रधानाचार्य रोटेरियन सीमा गिरी ने भी प्रधानाचार्य के साथ मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सभी शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने भी पूरे उत्साह के साथ इस आयोजन में भाग लिया। उनकी प्रतिबद्धता और टीम वर्क वास्तव में प्रशंसनीय थी।

क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन महेश कुमार गुप्ता ने पूरे टीम को उनके निःस्वार्थ प्रयासों के लिए हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया।

संक्षिप्त खबरें

## जंगली हाथी के चपेट में आने से शौच गये युवक घायल, लोगों में दहशत

**खूँटी/बिभा संवाददाता।** जिले के जरिया गढ़ थाना क्षेत्र में हाथियों का प्रकोप से लोगों में दहशत का माहौल है। जहाँ शाम होते ही चौकन्ना और डरे सहमें लोगों को रहना पड़ रहा है। वहीं इसी बीच शुक्रवार की सुबह बड़का रेगरे गांव के बगल में हाथी पहुँच गया और शौच के लिए गये मार्टिन आईन्द का 18 वर्षीय पुत्र जोसेफ आईन्द को सूँड से मारकर घायल कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, सात बजे सुबह शौच के लिए जोसेफ आईंद शौच के लिए गया हुआ था तभी अचानक एक जंगली हाथी के चपेट में आ गया। तभी कुत्ता के रुक जाने से व ग्रामीणों द्वारा हल्ला करने पर जंगली हाथी जोसेफ आईन्द को घायल अवस्था पर छोड़कर भाग गया। घायल जोसेफ आईन्द के पैर पर गंभीर चोट एवं शरीर अंदरूनी हिस्से में चोट आई है। फिर स्थानीय लोगों के सहयोग से परिजनों ने घायल जोसेफ को सीएचसी कर्रा लाया। घायल जोसेफ आईन्द का सीएचसी कर्रा दिनभर इलाज के बाद परिजनों के साथ घर भेजा गया। घटना का जानकारी मिलने पर वन विभाग द्वारा परिजनों को आर्थिक सहायता राशि दिया गया। घटना की जानकारी मिलने पर कर्रा बीडीओ स्मिता नगेशिया व मनरेगा बीपीओ प्रेम सुजित कुजूर, व झामुमो मिडिया प्रभारी राहूल केशरी ने सीएचसी कर्रा पहुँचकर घायल जोसेफ आईन्द व परिजनों से मिलकर ढाढ़स बंधाया और जंगली हाथी से सावधान रहने की बात कही।



## क्रिसमस का बाजार शुरु होने से शहर में भीड़-भाड़ के साथ बढ़ा रौनक

**खूँटी/बिभा संवाददाता।** क्रिसमस पर्व अभी चार दिन बाकि है और खूँटी में क्रिसमस का माहौल दिखने लगा है। वहीं शहर में त्यौहार का बाजार भी बाजार लगना शुरू हो गया है। खूँटी के चौक चौराहों में जगह जगह क्रिसमस पर्व को लेकर दुकानें सज गयी है। वहीं अब विद्यालय भी छुट्टी होने वाली है तो लोग गैदरिंग के लिए भी क्रिसमस के सामानों की खरीदारी करने बाजार में पहुँच रहे हैं। वहीं शहर के मुख्य बाजार में क्रिसमस के सामानों की अलग से अनेक दुकानें लगाया गया है। वहीं दुकानों में तरह तरह-तरह के सजावट के सामान, सांता जोकर वाला ड्रेस , तारा, चरनी आदि की बिक्री होने लगी है। ग्राहकों ने बताया कि क्रिसमस गैदरिंग मनाना है इसके लिए चरणी सजाने का सामान, स्टार आदि खरीद रहे हैं। काफी कुछ खरीदारी करना है और कर रहे हैं जिसके लिए बाजार आए हैं बाजार में काफी रौनक लग रहा है। वहीं लोगों ने बताया कि क्रिसमस का काफी इंतजार था और विश्वास आने की काफी खुशी है जिसके लिए कैसे क्या करेंगे उसका योजना भी बना रहे हैं। कई लोगों ने जी मीडिया से बात करते हुए क्रिसमस की तैयारी के बारे साझा की।



## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्रा में मनाया गया क्रिसमस गैदरिंग

**खूँटी/बिभा संवाददाता।** कर्रा सीएचसी कर्रा में शुक्रवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पर बतौर मुख्य अतिथि कर्रा बीडीओ स्मिता नगेशिया उपस्थित रही। जिसका सीएचसी परिवार कर्रा द्वारा भव्य स्वागत करके क्रिसमस गैदरिंग स्थल ले जाया गया। वहीं क्रिसमस गैदरिंग के दौरान अतिथियों को सेंटा क्रूस चिन्ह पहनाया गया। जिसके बाद केक काटकर क्रिसमस गैदरिंग कार्यक्रम का उद्धघाटन किया गया। वहीं सभी लोगों मिलकर सामुहिक रूप से मरियम कर कोरा में का तारा टिम-टिम चमकेला गाना गाया गया। जिसके सभी लोगों एक से बढ़कर एक गाना गाकर माहौल में चार चांद लगाया। वहीं सभी लोगों ने क्रिसमस गैदरिंग खूब लुप्त उठाया और नाचते गाते लोग नज़र आये। इस मौके पर सीएचसी प्रभारी डॉ. शकील अहमद, सीएचसी रनिया प्रभारी डॉ. आलोक बाड़ा, डॉ. रेशमा शम्सी, डॉ. विजय प्रसाद, स्वस्थ्य प्रशिक्षक प्रदीप कुमार कुंडू, लेखापाल राजेश दुबे, गीता कुमारी, सुनील कुमार, जय प्रकाश, सुशील उरांव शेख इदरीस, राहूल स्वासी, एएनएम नीलिमा मिंज, कर्मेला कुजूर, शिल्पी कुमारी, नीरल होरो, राजेश ओड़ेया, विकास कुमार साहू के अलावे सीएचसी कर्रा के सभी मौजूद थे।



## डुमरगड़ी डैम में छोड़ा गया 1,68000 रेहू, कतला व मिर्गा मछली का जीरा

**खूँटी/बिभा संवाददाता।** जिले के कर्रा प्रखण्ड अंतर्गत डुमरगड़ी जलाशय में शुक्रवार को जिला मत्स्य विभाग द्वारा रेहू, कतला व मिर्गा मछली का 1,68000 जीरा छोड़ा गया। जिसमें कर्रा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी स्मिता नगेशिया विशेष रूप से उपस्थित थी। मौके पर, बीडीओ ने बतायी कि किसानों आय दोगुनी करने उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा मत्स्य पालन को बढ़ावा दिया जा रहा है। मत्स्य पालन से किसानों आय में बढ़ोतरी होगी। इस मौके पर, क्षेत्र के किसानों को भी अपने-अपने तालाब में छोड़ने के लिए मछली जीरा का वितरण किया गया। इस मौके पर मनरेगा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी प्रेम सुजीत कुजूर, गन्दूर मुंडा, प्रदीप मुंडा, प्रदीप प्रमाणिक के अलावे कई मत्स्य पालक उपस्थित थे।




### विद्यालय परिसर में टावर लगाने के विरोध में जेएलकेएम का प्रदर्शन

# ग्रामसभा की अवहेलना पेशा कानून का उल्लंघन : पूर्व प्रत्याशी

बिभा संवाददाता

**खूँटी।** जिले के अड़की प्रखंड क्षेत्रों के ग्रामीण महिला पुरुषों ने जेएलकेएम संगठन की अगुवाई में शुक्रवार को अड़की प्रखंड मुख्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए तुबिल गाँव के मध्य सह उत्क्रमित+2 उच्च विद्यालय प्रांगण में जबरन मोबाईल टावर लगाए जाने के विरोध में किया है। जिसका नेतृत्व जेएलकेएम के केन्द्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा सह तमाड़ विधानसभा पूर्व प्रत्याशी दमयंती मुण्डा कर रही थी। जहाँ तुबिल एवं आसपास के गांव के लोगों ने एक प्राइवेट कंपनी का टावर लगाने का विरोध करते हुए उपायुक्त को पहले ही ज्ञापन सौंपा था। लेकिन इसपर कोई कार्यवाही नहीं हो पायी थी, जिससे लगातार एक प्राईवेट कम्पनी का विद्यालय परिसर में टावर लगाने का विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि टावर लगाने के लिए अलग से जमीन मिल जाएगा लेकिन एक सरकारी विद्यालय को व्यवसाय का अड्डा व बनाया जाए। इस दौरान धरना प्रदर्शन में उपस्थित प्रदर्शनकारियों ने हाथों में स्लोगन पट्ट लिये जमकर नारेबाजी की और अंत में प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर टावर हटवाने की मांग की। इस धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में अगुवाई करते हुए तमाड़ विधानसभा पूर्व प्रत्याशी दमयंती मुण्डा ने कहा कि



पेशा कानून और पाँचवीं अनुसूची कानून का उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामसभा की बातों का अवहेलना करते हुए शिक्षण संस्थान में पठन पाठन हेतु ग्रामीण ने स्कूल के लिए जमीन दिया है न कि कोई पूंजीपति द्वारा जबरन व्यापार करने के लिए। आज के इस धरना प्रदर्शन कार्यक्रम सांकेतिक है जो सरकार की ध्यान आकृष्ट कराने के लिए अगर सरकार संज्ञान में नहीं लेती है तो इसका विरोध उपर तक जोरदार ढंग से होगा, क्योंकि ये क्षेत्र पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत आता है और यहां ग्राम सभा सर्वेसर्वा होता है और चार ग्राम सभा का निर्णय मोबाईल टावर लगाए जाने के विपरित है। स्कूल प्रांगण के अलावा कहीं भी लगाया जाए ग्रामीणों को कोई आपत्ती नहीं है के बावजूद ठेकेदार अपने ज़िद पर अड़कर टावर निर्माण कार्य करा रहा है। इनके ज़िद से तो ये प्रतीत होता है कि विधायक और शासन प्रशासन सभी का मिलीभगत है। श्रीमती मुण्डा ने कहा पाँचवीं अनुसूची क्षेत्र एवं सीएनटी एक्ट के विभिन्न उपधाराओं तथा मुण्डारी खूंटकट्टी पारंपरिक व्यवस्था में ग्रामसभा के विशेष शक्ति एवं अधिकार दिया गया है जिसका खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है हमारी पार्टी इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। स्कूल में सूदूरवर्ती क्षेत्र के ग्रामीण छात्र/छात्राएं पढ़ाई करते हैं जो शिक्षा प्राप्ति का एकमात्र साधन है इससे भी व्यापार का अड्डा बनाया जा रहा है और क्षेत्र के सांसद,विधायक कुंभकरण की नींद में, ये दुर्भाग्यपूर्ण है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान कैरा मुंडा, विद्यालय समिति के अध्यक्ष लादू मुंडा, अध्यक्ष ललिता नाग, मेनका मुंडा, सरस्वती मुंडा, ब्रजकिशोर साहू, राजेश संगा , महादेव नायक, पांडु मुंडा, गोपाल मुंडा,लीपी मुंडा, सम्बर ओडेया, लोधरो सोय, शुकरा मुंडा, बोआस मुंडा, मंदरा सोय, उदय मुंडा, सोकरा नाग , लोयो सोय, लक्ष्मण हस्सा, दिनेश कुमार महतो, नारद कुमार महतो, समल महतो, घनश्याम महतो, दुर्गा चरण महतो, पंचानंद महतो, चैता मांझी, कार्तिक मुंडा, उमेश कुमार महतो, भरत महतो, ललित महतो, सुमित कुमार महतो, विकास लोहरा, पवन नाग, प्रभुसहाय भेंगरा, जावरा नाग एवं सैकड़ों महिला पुरूष शामिल शामिल रहे।

## बाल श्रम को लेकर चलाया गया रेस्क्यू सह जागरूकता कार्यक्रम



बिभा संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला प्रशासन एवं द पैन इंडिया बचाव और पुनर्वास अभियान के संचालन एवं चाइल्ड एंड अडोलसेन्ट लेबर एक्ट 1986 को जिले में प्रभावी बनाने को ले श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी देव कुमार मिश्रा की अगुवाई एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार के संयुक्त मार्गदर्शन में धावा दल द्वारा के शहरी क्षेत्र में रेस्क्यू अभियान चलाया गया। इस क्रम में बस स्टैंड के होटल, रेस्टोरेंट तथा बीएस कॉलेज स्थित होटल एवं बाजार में गश्ती एवं रेस्क्यू किया गया। साथ ही बाल श्रम पर होटल एवं रेस्टोरेंट मालिकों को जागरूक भी किया गया। मौके पर अधिकरियों ने कहा की बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2016, बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 का संशोधन है।

इस अधिनियम के तहत, बाल श्रम पर कई तरह के प्रतिबंध और नियम लागू किए गए हैं।इस अधिनियमों के तहत 6 से 14 साल के बच्चों को किसी भी तरह के काम में लगाना प्रतिबंधित है। 14 से 18 साल के बच्चों को खतरनाक कामों में नहीं लगाया जा सकता है। इस अधिनियम के तहत, अवैध रूप से काम कराए गए बच्चों और किशोरों के पुनर्वास के लिए जिला स्तर पर बाल एवं किशोर श्रम पुनर्वास कोष बनाया गया है। बच्चों और किशोरों को काम पर रखने वालों के लिए कड़ी सज़ा का प्रावधान किया गया है। यह अधिनियम, अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के कन्वेंशन के कानूनों के अनुरूप है। कोई भी व्यक्ति जो इस अधिनियम और बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 में उल्लिखित नियमों का पालन किए बिना किसी बच्चे या किशोर को काम पर रखता है या उसे काम करने की अनुमति देता है, उसे छह महीने से दो साल तक की कैद या 20,000 से 50,000 रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। इस अधिनियम के तहत, बाल श्रम को रोकने के लिए कई तरह के उपाय किए जा सकते हैं।बाल श्रमिकों को मुक्त कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से कार्रवाई की जाती है। औद्योगिक और व्यावसायिक संगठनों से बाल श्रम न करने के लिए निर्देश दिए जाते हैं। बाल श्रमिकों के परिवारों को आर्थिक और सामाजिक सहायता दी जाती है।बाल श्रमिकों के परिवार के वयस्क सदस्यों को नरेगा जैसे विकास कार्यक्रमों में प्राथमिकता दी जाती है। संभावित बाल श्रमिकों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

## रोमन कैथोलिक महा गिरजाघर में 26 जोड़ियाँ ले रहे हैं शादी प्रशिक्षण

बिभा संवाददाता

**खूँटी।** हश्र के तोरपा रोड स्थित रोमन कैथोलिक महा गिरजाघर में मसीही समुदाय के लोगों का वैवाहिक जीवन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस शादी प्रशिक्षण कार्यक्रम में खूँटी, राँची, गुमला जिले के दूर दूर गाँवों से 26 युगल जोड़ियाँ वैवाहिक जीवन निर्वाहन करने का प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण में कई विंदुओं पर कक्षा लिया जा रहा है। जिसमें व्यक्ति एक दूसरे को समझने, प्रेम की जानकारी, नवजात के लिए मातृ पितृ कर्म, स्वास्थ्य रखाव से लेकर ईश्वरीय मार्ग तक की जानकारी दी जा रही है। ये प्रशिक्षण वही जोड़ियाँ ले सकते हैं जिनका दृढ़ीकरण संस्कार हो चुका है और उन्हें विवाह के लिए चर्च की ओर से विवाह के लिए परमिशन मिल गया है और विवाह बंधन में



बंधने वाले हैं। जो यह प्रशिक्षण सात दिनों तक चलेगा। रौशन कैथोलिक महा गिरजाघर के फा. विशु बेंजामिन आईंद ने बताया कि रोमन कैथोलिक मसीही समुदाय में विवाह के पूर्व शादी के पूर्व वैवाहिक जीवन जीने के लिए जानकारी दिया जाता है जिसे शादी प्रशिक्षण कहते हैं। जो खूँटी में 15 अनुभवी व जानकार व्यक्ति प्रशिक्षण दे रहे हैं। वहीं यह प्रशिक्षण खूंटी के आरसी महागिरजाघर में चल रहा है। जो सात दिनों तक सुबह से शाम तक बारी बारी से चलता है। इस गिरजाघर में 26 जोड़ियाँ खूंटी गुमला व राँची जिले के युगल जोड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। जिसमें फादर, चिकित्सक, नर्स , युगल दम्पति, सहित अनेक जानकर व अनुभूति प्राप्त लोग बारी बारी से प्रशिक्षण दे रहे हैं। जिसमें लड़के व लड़कियाँ अपने द्वारा किये गये भूल का पश्चाताप भी करते हैं।

## विद्या मंदिर बड़की चांपी में स्वास्थ्य कैंप लगाकर कर की गई जांच



बिभा संवाददाता

**लोहरदगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चाँपी में शुक्रवार को हंस फाउंडेशन द्वारा एनीमिया प्रिवेंशन कैंप लगाया गया। जिसमें विद्यालय के 60 बहनों ने विभिन्न शिकायतों को लेकर अपना स्वास्थ्य जांच कराया। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें परामर्श और निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। 60 बहनों में से 42 बहनों ने रक्त में हीमोग्लोबिन की मात्रा की जांच कराई। जांच कर उन्हें तुरंत रिपोर्ट दी गई। इस कैंप के माध्यम से विद्या मंदिर के बहनों को एनीमिया से बचने के लिए जागरूक किया गया। हंस फाउंडेशन की ओर से डॉक्टर चित्रा मंडल, एएनएम काजल यादव, सहयोगी अजय तिवारी और वीएचडब्ल्यू प्रिया तिवारी उपस्थित थीं। प्रधानाचार्य मनोहर मोदी ने हंस फाउंडेशन द्वारा विद्यालय में कैंप लगाने के लिए इस संस्था एवं इनके डॉक्टर और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सुखदेव भगत की राहुल गांधी ने की सराहना

**लोहरदगा।** संसद भवन में कांग्रेस लोकसभा सांसदों की एक बैठक लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता आदरणीय राहुल गांधी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में दिनांक 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक चलने वाले संसद सत्र में सांसदों के कार्यों की समीक्षा की गई । बैठक में राहुल गांधी ने सत्र के दौरान प्रत्येक सांसदों जो सत्र में भाग लिए कि नहीं, पार्टी द्वारा आयोजित प्रदर्शन में भाग लिए कि नहीं सहित अनेक कार्यों की समीक्षा किए। बैठक में राहुल गांधी ने प्रियंका गांधी , लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत सहित दो अन्य सांसदों को बधाई देते हुए कहा कि इन सांसदों ने संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर लोकसभा में संविधान पर जो चर्चा हुई उसमें इन सांसदों ने अपनी बातों को बेहतर ढंग से प्रस्तुत किया। इससे पूर्व जून जुलाई में हुए लोकसभा सत्र में भी राहुल गांधी ने सुखदेव भगत को संसद में उनके द्वारा किए गए कार्यों की सहराना किया था।

## सेन्हा प्रखंड मुख्यालय परिसर में जन शिकायत कार्यक्रम आयोजित

बिभा संवाददाता

**लोहरदगा।** केंद्र सरकार के निर्देशानुसार सुशासन सप्ताह के तहत लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड मुख्यालय परिसर में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय जन शिकायत निवारण कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले ग्रामीणों का समस्या का समाधान करने की बात कही गई। उक्त कार्यक्रम सुशासन सप्ताह के दौरान केंद्र सरकार के निर्देशानुसार आम जनता को प्रखंड व अंचल कार्यालय में जमीन म्यूटेशन,जाति, आय,आवासीय सम्बन्धी प्रमाण पत्र बनवाने, वृद्धा, विधवा पेंशन का कार्य कराने तथा अन्य कार्यो सेपरेशानियों का समाधान हेतु प्रखंड स्तरीय जन शिकायत कार्यक्रम प्रखंड मुख्यालय आने वाले ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान के लिए आयोजित किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने जानकारी देते हुए कहा कि केंद्र सरकार के निर्देश पर 20 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक आयोजित सुशासन सप्ताह के तहत प्रखंड व अंचल कार्यालय में ग्रामीण जनता के जन शिकायत पर समस्याओं का त्वरित निवारण हेतु कार्य किया जायेगा। साथ ही बताया गया कि 23 दिसम्बर को जिला स्तरीय जन शिकायत कार्यक्रम नगर भवन में आयोजित होगा। जिसमे मुख्य रूप से उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण मौजूद रहेंगे।

## एके 47 कुंदगढ़ी फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में डीसीएन ने जियोमेक्स को हराया

बिभा संवाददाता

**लोहरदगा।** नवयुवक संघ एके 47 कुंदगढ़ी द्वारा आयोजित टूर्नामेंट का धूम धाम से शानदार समापन हुआ। इस टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में डीसीएन लोहरदगा ने से जीओमेक्स नदिया को पेनल्टी शूटआउट में हराकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया और दोनों टीमों ने अद्भुत प्रदर्शन किया। समारोह में उपस्थित विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने भी अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, ₹खेल जीवन का अहम हिस्सा हैं, जो न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक सशक्तिकरण का भी



माध्यम होते हैं। सभी खिलाड़ियों को उनके संघर्ष और समर्पण के लिए बधाई।₹समापन समारोह के मुख्य अतिथि युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ भगत ने दोनों विजेता उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की और खिलाड़ियों की मेहनत एवं समर्पण की सराहना की। अभिनव सिद्धार्थ भगत ने अपने संबोधन में कहा, आज का मुकाबला यह साबित करता है कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि एकता, सामूहिकता और समर्पण का प्रतीक होते हैं। जीत या हार केवल एक क्षणिक स्थिति है, लेकिन खेल का सही उद्देश्य आत्मविश्वास, टीमवर्क और मानसिक मजबूती को बढ़ाना है।खेल के जैसे ही टीमवर्क के साथ नवजवानों को बड़े बुजुर्गों के साथ मिलकर समाज को मजबूती दिलाने का प्रयास करना होगा। मुझे गर्व है कि नवयुवक संघ एके 47 कुंदगढ़ी जैसी संस्थाएं युवा पीढ़ी को खेलों के प्रति प्रेरित कर रही हैं और एक सकारात्मक माहौल बना रही हैं। मैं दोनों फाइनलिस्ट टीमों को बधाई देता हूं और इस टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए आयोजकों का आभार व्यक्त करता हूं। इस तरह के आयोजन हमारे समाज में खेल की महत्वपूर्ण भूमिका को और भी मजबूत करते हैं, और मैं उम्मीद करता हूं कि आने वाले वर्षों में यह टूर्नामेंट और भी बड़े पैमाने पर आयोजित हो।

# कर्रा में अमर शहीद विश्वनाथ कच्छप के नाम से होगा स्मारक चिन्ह

बिभा संवाददाता

**खूँटी।** जिला परिषद के सभागार में शुक्रवार को जिला परिषद के तहत संचालित योजनाओं को लेकर जिला परिषद सदस्यों व पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। इस बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया की अध्यक्षता में जिला परिषद के द्वारा पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गयी। तथा सभी विभागों द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति का मूल्यांकन किया गया। बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों ने अपनी योजनाओं की स्थिति और प्राप्त निर्देशों के अनुपालन से अवगत कराया। साथ हीं कार्य के दौरान उनके समक्ष आने वाली चुनौतियों के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दिया। उपस्थित



अधिकारियों को अध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया कि योजनाओं के कार्यान्वयन में गति लाने के साथ-साथ गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। बैठक में कई नए प्रस्ताव को रखा गया एवं कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा हुई। इनमें मुख्य रूप से अड़की प्रखण्ड में गोदाम का निर्माण योजना को मुरहू प्रखण्ड में करने का प्रस्ताव, कर्रा प्रखण्ड अन्तर्गत चन्दापारा पार्क के पास डाक बंगला का निर्माण का प्रस्ताव, 15वें वित्त आयोग अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में पारित योजना का स्थल परिवर्तन / रद्द करने से संबंधित प्रस्ताव बैठक में रखा गया। इसके अलावा जिला परिषद, खूँटी अन्तर्गत आने वाले आय के स्त्रोत से संबंधित चर्चा किया गया। जनसेवक स्थापना से संबंधित, किसान पाठशाला कर्रा से संबंधित, कर्रा प्रखण्ड स्थित जिला परिषद्, खूँटी की जमीन में ₹अमर शहीद विश्वनाथ कच्छप₹ के नाम से स्मारक चिन्ह / निर्माण से संबंधित, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की अधिसूचना के आलोक में जिला परिषद, खूँटी दैनिक/मानदेय कर्मियों के पारिश्रमिक वृद्धि से संबंधित मामले पर भी चर्चा कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद, परियोजना निदेशक आईटीडीए, उपाध्यक्ष जिला परिषद, माननीय सांसद प्रतिनिधि, माननीय विधायक प्रतिनिधि खूँटी एवं तोरपा, सभी जिला परिषद सदस्य, सिविल सर्जन, डीएसपी मुख्यालय, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## व्यावसायिक वाहनों का परमिट नियमानुसार निर्गत हो : एसोसिएशन

बिभा संवाददाता

**लोहरदगा।** गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन एवं झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक आँनर एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मंडल कल राजधानी रांची में परिवहन विभाग, झारखंड सरकार के उप परिवहन आयुक्त सह सचिव दक्षिण छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार,राँची, हरिवंश पंडित जी से कार्यालय में मिला,इसके अलावा परिवहन विभाग के संयुक्त सचिव संगीता लाल, परिवहन विभाग के उप सचिव मनोज कुमार को भी मांग पत्र सौंपते हुए यह मांग की गई की 15 वर्षों से पुराने व्यावसायिक वाहनों को आप लोगों के द्वारा नियम विरुद्ध परमिट नहीं दिया जा रहा है ,जिसके कारण हजारों ट्रक मालिकों की रोजी-रोटी पर संकट आ गया है एक ओर परमिट नहीं दिया जा रहा है और उन्ही वाहनों से आपके द्वारा रोड टैक्स वसूला जा रहा है एवं सभी कागजात के पैसे भी लिए जा रहे हैं ,दूसरी ओर परमिट नहीं दिया जा रहा है और उन्हें वाहनों को रोक कर फाइन भी वसूला जा रहा है क्या यह न्याय संगत है? लोहरदगा ,गुमला, लातेहार गरीब आदिवासी बहुल जिले हैं और यहां रोजगार के कोई साधन नहीं है ट्रक ही एक मात्र लोगों का व्यवसाय है, इसलिए आप नियमानुसार परमिट निर्गत करने की कृपा करें और एक ओर परमिट नहीं देकर दूसरी ओर आपके द्वारा कंपनी पर दबाव बनाया जा रहा है वैसे ट्रकों को लोडिंग नहीं दिया जाए ,जो कि सरासर गलत है।

संपादकीय

## तो आईआईटी तक कैसे पहुंचेंगे विद्यार्थी

पढ़ोगे-लिखोगे तो बनोगे नवाब ... लेकिन जनाब हमारे देश में तो स्कूल बढ़ने की बजाए घट रहे हैं। ये भी दिलचस्प बात है कि केन्द्र सरकार ने उच्च शिक्षा के लिए आईआईटी, आईआईआईटी और आईआईएम जैसे नए संस्थान खोले हैं लेकिन जब तक स्कूली शिक्षा ही पूरी नहीं होगी तो विद्यार्थी यहां तक पहुंचेंगे कैसे। पिछले एक दशक में देश में जितना कर्ज बढ़ा उसके मुकाबले उतना विकास नहीं हुआ। हां, कभी गौ तस्करी तो कभी लव जेहाद या फिर मंदिर के नीचे मस्जिद ढूंढने में कतिपय लोगों की उर्जा जरूर खर्च हुई। लोग सरकार से रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी बुनियादी और जरूरी सहुलियतों की अपेक्षा करते हैं और ये सहुलियतें उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी भी है फिर चाहे सरकार किसी भी पार्टी की ही क्यों ना हो। जिस तरह से नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में बतौर मुख्यमंत्री काम किया था उससे उनके प्रति अपेक्षाएं भी ज्यादा थी और यही वजह थी कि लोगों ने देश की बागडोर उनके हाथों में सौंपी। अब, एक लंबा समय गुजर चुका है और यही वजह है कि मोदी सरकार ने किस क्षेत्र में कितना काम किया इसकी चर्चा होने लगी है। जहां तक शिक्षा का सवाल है तो मोदी सरकार में शिक्षा का बजट तो बढ़ा है लेकिन उतना नहीं जितनी उम्मीद थी। पिछले एक दशक में शिक्षा पर खर्च 30 हजार करोड़ रूपये बढ़ा है। हैरत की बात तो ये है कि देश में स्कूल बढ़ने की बजाए कम हो गए हैं। मोदी सरकार के पहले देश में 15 लाख 18 हजार स्कूल थे जो घटकर 14 लाख 89 हजार हो गए। देश में अभी भी करीब तीस प्रतिशत महिलाएं और 15 प्रतिशत पुरूष अनपढ़ है। दस में से 6 लड़कियां दसवीं से ज्यादा नहीं पढ़ पा रही हैं। वहीं दस से पांच पुरूष ऐसे हैं जो दसवीं के बाद पढ़ाई छोड़ रहे हैं। स्कूली शिक्षा में भले ही सुधार नहीं हुआ हो लेकिन हायर एजुकेशन में थोड़ा सुधार हुआ है। विश्विद्यालयों की तादाद 11 सौ से ज्यादा हो गई है। इधर, जब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे तब शुरूआती आठ सालों में 202 केन्द्रीय विद्यालय थे जबकि मोदी के कार्यकाल में आठ सालों में 159 केवी ही बनाए गए। अप्रैल 2022 तक कुल 1249 केन्द्रीय विद्यालय थे। 2014-15 से 2021-22 के बीच मोदी के कार्यकाल में 159 केवी बनाए गए यानि तब हर साल 20 स्कूल शुरू हुए। दूसरी तरफ, 2004-05 से 2011-12 तक मनमोहन कार्यकाल के शुरूआती आठ साल में 202 स्कूल शुरू हुए यानि हर साल 25 से ज्यादा स्कूल शुरू हुए। हालांकि, हाल ही में मोदी सरकार ने नए केवी खोलने को लेकर मंजूरी दी है।

# समय का इंतज़ार करें आत्महत्या ना करें

लेखक



संजय गोस्वामी

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

> यह जानना कि हमारे पास विकल्प है, हमें सशक्त बनाता है! यह तथ्य कि हमारे पास विकल्प है, हमें ऐसा महसूस कराता है कि हम अपने जीवन के प्रभारी हैं और अपने भाग्य के मार्ग को नियंत्रित कर रहे हैं। हर कोई हर पल चुन रहा है। मैं खुश या क्रोधित या शांत रहना चुन सकता हूँ। एक बार जब मैं जीवन को विकल्प के इस दृष्टिकोण से देखने में सक्षम हो जाता हूँ, तो मैं जीवन और दूसरों के नाटक के अधीन नहीं रह जाता। प्रत्येक मोड़ पर मैं नियंत्रण रखना चुन सकता हूँ, या अन्य रोगियों को मुझे नियंत्रित करने की अनुमति दे सकता हूँ।


हाल ही में बेंगलुरु के एक एआई इंजीनियर अतुल सुभाष ने आत्महत्या कर ली और सुसाईड नोट में अपनी पत्नी और ससुराल वाले व जज को भी अपनी मौत का जिम्मेवार बताया है आज लोग ऐ जान गए कि आखिर पत्नी से सही में बहुत परेशान था क्योंकि मरने से पहले क़ोई झूठ नहीं बोलता है अतः कुछ पत्नी पति को लूटने का काम कर रही है जिससे सावधान होने की जरुरत है इसका सबसे बड़ा दर्द उसके बूढ़े माता पिता को हो रहा है
बेंगलुरु के एआई इंजीनियर अतुल सुभाष की मां बस अपने बेटे को याद कर रही हैं और बहुत सी बातें बड़बड़ा रही हैं। उनसे बेटे का जाना सहन नहीं हो रहा है। उनका कहना है, मेरे बच्चे को बहुत टार्चर किया गया है, मेरे बुढापे का सहारा चला गया।
आत्महत्या की वजह क्या होती है इसे जानना जरुरी है दरअसल जब या तो निराशा हाथ लगती है या किसी व्यक्ति का बार बार शोषण करना यह कोई जरुरी नहीं है कि शादी शुदा व्यक्ति के साथ होता हो ऐ इज्जत को किसी के कारण बार बार बेइज्जती करने या किसी को बार बार परेशान करने से आदमी में इतना गुस्सा आता है कि खून का घूंट पीने से अच्छा मर जाना अच्छा समझता हो लेकिन आत्महत्या कराने पर मजबूर करने पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करना जरुरी है इस नर या नारी के दृष्टिकोण से नहीं बल्कि मानवता की दृष्टिकोण से न्यायालय को देखना चाहिए मुझे याद आता है वो दिन जब मैं भी 2006 में अपने बॉस श्रीमती शैलजा मैडम से काफी परेशान हो गया और मैं हिंदी बोलने वाला आदमी वह जानबूझकर इंग्लिश



बोलकर मेरा मज़ाक उड़ाती थी आत्महत्या करने की इच्छा उस समय जागी जब हिंदी के किसी कार्यक्रम से तुरंत ही बुला लिया बाद में ध्यान किया ईश्वर ने कहा समय बलवान होता है इससे तुम्हारा ही नुकसान होगा अतः ऐसा करना उचित नहीं है बाद में ईश्वर का चक्र देखिए कि 2012 में शैलजा मैडम के सीनियर श्री गलांडे सर हुए और बाद में मुझे शांति मिली क्योंकि वो उससे पहले मेरे बॉस रह चुके थे फिलहाल अभी श्रीधर सर हैं जो एक महान व्यक्ति हैं उनकी महानता इस बात से साबित होती है कि छोटे से बड़े को भी एक ही नजर से देखते हैं,अतः समय का इंतज़ार कीजिये जो जैसा करता है उसे वैसा ही परिणाम मिलता है इसलिए हमें ना तो किसी को जानबूझकर डराना चाहिए ना ही किसी से डरने की जरुरत है ज्यादा से ज्यादा क्या होगा मौत तो नहीं होगा ईश्वर ने जन्म दिया है ईश्वर ही मौत देगा अतः उसका डटकर मुकाबला कीजिये समय की नजाकत है कभी यूपीए की सरकार आती है कभी एनडीए की परिवर्तन संसार का नियम है और ईश्वर आपका सबसे बड़ा परमात्मा है उसे याद कर बुरे वक्त से मुकाबला करें और अपने काम को बेहतरीन करने की कोशिश करें ताकि उसे क़ोई दूसरा कर ही ना पाए मेहनत कीजिये और ध्यान ईश्वर पर लगाइये बुरा करने वाले का भी सूद सहित उसका भी बुरा होगा ऐ प्राकृतिक का नियम है कहावत है तेरा तुझको सौंप कर क्या लागे मेरा यह जानना हमेशा उत्साहवर्धक होता है कि हम जो कुछ भी करते हैं, उसमें हमारे पास विकल्प होता है, भले ही हम अंततः पहले से मौजूद या प्रस्तावित विकल्प ही क्यों न चुनें। यह जानना कि हमारे पास विकल्प है, हमें सशक्त बनाता है! यह तथ्य कि हमारे पास विकल्प है, हमें ऐसा महसूस कराता है कि हम अपने जीवन के प्रभारी हैं और अपने भाग्य के मार्ग को नियंत्रित कर रहे हैं। हर कोई हर पल चुन रहा है। मैं खुश या क्रोधित या शांत रहना चुन सकता हूँ। एक बार जब मैं जीवन को विकल्प के इस दृष्टिकोण से देखने में सक्षम हो जाता हूँ, तो मैं जीवन और दूसरों के नाटक के अधीन नहीं रह जाता। प्रत्येक मोड़ पर मैं नियंत्रण रखना चुन सकता हूँ, या अन्य रोगियों को मुझे नियंत्रित करने की अनुमति दे सकता हूँ। शांत रहना एक उपहार है जिसे हम क्रोध और भय के दुष्चक्र को तोड़ने के लिए खुद को दे सकते हैं जो हमारी आंतरिक स्थिरता को हिला देता है और पारस्परिक संबंधों, हमारे पारिवारिक जीवन और हमारे काम और सामाजिक वातावरण की गुणवत्ता को खराब करता है। एक शांत आचरण कमजोर या निष्क्रिय नहीं होता है, बल्कि यह आंतरिक शक्ति की स्थिति से आता है जो हमें किसी स्थिति का सामना करते समय स्थिर रहने की अनुमति देता है। एक शांत आचरण एक अंतर्निहित आत्म-सम्मान को इंगित करता है और हमारे अपने मन में आत्मविश्वास को प्रकट करता है। जब हम आक्रामक या हिंसक होने के बजाय शांत रहना चुनते हैं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि हम अपने गुस्से को नियंत्रित या दबा रहे हैं; बल्कि, हम अपने और दूसरों के लाभ के लिए अच्छाई के मार्ग पर चलने का एक सचेत और शांत विचार वाला स्वैच्छिक निर्णय ले रहे हैं।गंभीरता से, हमें समय के साथ शांति का भंडार बनाना होगा। हालाँकि मुश्किल समय में शांत रहने के बारे में सोचा गया एक शक्तिशाली शरीर आपको हौसलामंद रख सकता है, लेकिन यह सुनिश्चित करना कि आपके पास शांति का भंडार है, आपको हमेशा आत्मविश्वासी और बेफिक्र बनाए रखेगा। मन की एक साफ और शुद्ध स्थिति सभी सकारात्मक विचारों को उत्पन्न करने में सक्षम है। मन से अव्यवस्था को दूर करने से आपको शांत और शांत रहना आसान हो जाएगा।

# ...आसन नहीं अब ध्यान होगा दुनियाभर में!

लेखक



डॉ श्रीगोपाल नारसन



भारत समेत दुनिया के कई देशों की पहल पर विश्व ध्यान दिवस 21 दिसंबर को मनाये जाने की शुरुआत हुई है। सन 2024 में विश्व ध्यान दिवस की थीम आंतरिक शांति, वैश्विक सद्भाव है। पतंजलि के योगसूत्र से लेकर गीता के उपदेश तक हर जगह ध्यान को बहुत महत्वपूर्ण माना गया है।अभी तक कुछ लोग योग आसनों को ही ध्यान समझते रहे हैं, लेकिन देश दुनिया मे राजयोग के माध्यम से स्वयं को देहभान से परे कर आत्मस्वरूप में रहकर परमात्मा के प्रति ध्यान लगाने की विधि को ब्रह्माकुमारीज़ संस्था ने ही पहुंचाया है ।शारिरिक आसन के द्वारा हम अपने शरीर को मजबूत करने के साथ ही रोग मुक्त बना सकते हैं, ताकि ध्यान लगाकर हम एक साथ तन-मन को लाभ पहुंचा सकते है। हमारा शरीर एक जगह पर स्थिर हो और ध्यान की प्रक्रिया आसानी से हो सके इसके लिए श्रीमद् भगवद् गीता में ध्यान को लेकर महत्वपूर्ण बातें बताई गई हैं, और साथ ही इससे होने वाले लाभ का भी गीता में उल्लेख किया गया है। भगवद् गीता में ध्यान को एक योगक्रिया माना गया है। जो आपको आत्म अनुशासन की ओर ले जाता है। निरंतर इसका अभ्यास करने से एकाग्रता बढ़ती है, तनाव से मुक्ति मिलती है। मानसिक स्थिरता और संतुलन भी ध्यान करने से प्राप्त होता है। विकारों से मुक्ति पाने और मन की निर्मलता के लिए भी ध्यान किया जाता है। ध्यान जब गहन होने लगता है तो व्यक्ति को समाधि की प्राप्त होने लगती है। ध्यान के जरिए आत्मा का परमात्मा से मिलन ही ब्रह्माकुमारीज़ का राजयोग है। यानि ध्यान वह योग प्रक्रिया है जिसके जरिये हम स्वयं पर सिद्धि प्राप्त करते हैं। ध्यान करने वाले व्यक्ति का मन नियंत्रित रहता है और वो वर्तमान में जीता है। मानसिक और शारीरिक स्थिरता को ही ध्यान कहा जा जाता है। गीता के पंचम और षष्ठम अध्याय में योग करने की सही विधि की जानकारी हमको मिलती है।श्रीकृष्ण ने परमात्म निमित्त बन अर्जुन को महाभारत के युद्ध के समय बताया है कि, कैसे मन और इंद्रियों को वश में करने के लिए ध्यान क्रिया की जानी चाहिए।
गीता के अनुसार, ध्यान करने के लिए सबसे पहले किसी शुद्ध स्थान पर आसन बिछाकर बैठना चाहिए। हालांकि इस बात का ध्यान रखें कि, ना ही स्थान बहुत ऊंचा हो और ना ही बहुत नीचे। आसन पर बैठने के बाद अपनी सांसों पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करनी चाहिए और इंद्रियों और मन को नियंत्रिण में लाने का अभ्यास करना चाहिए।
ध्यान करने के लिए सिर व गले को समान और अचल रखते हुए सुखासन में योगी को बैठना चाहिए। बाहरी चीजों से ध्यान को हटाकर नासिका के अग्र भाग यानि दोनों भौहों के बीच जहां आत्मा निवास करती है,के प्रति ध्यान केंद्रित करना चाहिए। तत्पश्चात सभी प्रकार के विषयों से मन को हटाकर नेत्रों को भृकुटी के मध्य में स्थिर करने का प्रयास करना चाहिए। इसके बाद प्राण और अपान वायु को सम करना चाहिए। इसके बाद मन के सभी विकारों से दूर होकर, उत्तेजनारहित और शांति के साथ ध्यान और ईश्वर के चिंतन में बैठे रहना चाहिए। इस तरह से निर्मल और निर्विकार व्यक्ति परमतत्व का ध्यान करते हुए आनंद की अंतिम सीमा को प्राप्त करता है और उसे शांति मिलती है। गीता के अनुसार, ध्यान उसका ही सिद्ध होता है, जो न अधिक खाता है और ना ही अधिक भूखा रहता है। अधिक जगाने या सोने वाले को भी ध्यान की सिद्धि प्राप्त नहीं होती। सुख में अत्यधिक खुश और दुख में ज्यादा दुखी होने वाला व्यक्ति भी ध्यान को सिद्ध नहीं कर पाता। गीता में बताया गया है कि, जो व्यक्ति उचित आहार-विहार करता है, उसी को ध्यान-योग में सिद्धि प्राप्त होती है। गीता में बताई गई इन शिक्षाओं को जीवन में आजमाकर हम ध्यान कर सकते हैं और मानसिक शांति पा सकते हैं। ध्यान करने से हमको न केवल मानसिक शक्ति मिलती है, बल्कि अपने लक्ष्यों को भी हम पा सकते हैं। ध्यान हमारी एकाग्रता को बढ़ाता है और हम अपना शतप्रतिशत अपने लक्ष्य को दे पाते हैं। इसके साथ ही एक आदर्श और व्यवस्थित समाज भी ध्यान के जरिए हम स्थापित कर सकते हैं। ध्यान मानसिक और शारीरिक विकारों को दूर करता है, यानि स्वस्थ जीवन जीने के लिए भी ध्यान करना अति आवश्यक है। इस वर्ष विश्व ध्यान दिवस की थीम आंतरिक शांति, वैश्विक सद्भाव है। पतंजलि के योगसूत्र से लेकर गीता के उपदेश तक हर जगह ध्यान को बहुत महत्वपूर्ण बताया गया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में कोर समूह के अन्य देशों के साथ मिल कर भारत ने 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के रूप में घोषित करने के प्रस्ताव को स्वीकार किया है।वास्तव में ध्यान मानसिक तथा शारीरिक विकारों को दूर करने में कारगर होने के साथ ही यह स्वस्थ जीवन जीने के लिए भी प्रेरित करता है।विश्व ध्यान दिवस को एक अंतरराष्ट्रीय उत्सव भी हम कह सकते है, जिसमें शारीरिक, मानसिक तथा भावनात्मक कल्याण के लिए ध्यान का अभ्यास करने का संकल्प लिया गया है।भारत के साथ श्रीलंका, नेपाल, मैक्सिको, लिकटेंस्टीन और अंडोरा जैसे 193 सदस्यीय देशो ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में विश्व ध्यान दिवस के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित करने में अहम भूमिका निभाई ।जिसे आत्मसात करने के लिए 140 देशो की अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक संस्था ब्रह्माकुमारीज़ ने एक सार्थक पहल की है।ब्रह्माकुमारीज़ का मकसद है दुनिया मे शांति को बहाल करना। इसके लिए, यह संस्था लोगों को सहज राजयोग की विधि सिखाती है।साथ ही ब्रह्माकुमारीज़ के ज़रिए लोगों को आध्यात्मिक ज्ञान भी दिया जाता है।

## राशिफल

**मेष** – निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**वृष** – अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**मिथुन** – अपने काम को प्राथमिकता से करें। बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी।

**कर्क** – दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे।

**सिंह** – मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। सुविधाओं में बाधा आएगी।

**कन्या** – संतोषजनक सफलता मिलेगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। मेहमानों का आगमन होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। वाहन चालन में सावधानी बरतें।

**तुला** – परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें।

**वृश्चिक** – अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें।

**धनु** – शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। वैचारिक उत्तेजना पर नियत्रंण रखें। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**मकर** – व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कुंभ** – महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है।

**मीन** – प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव में वजूद बचाने की लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस

लेखक



मनोज कुमार मिश्र

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

> 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का आआपा से सीटों का तालमेल था। सात में से तीन सीटें कांग्रेस और चार आआपा लड़ी। चुनाव में सभी सातों सीटों पर लगातार तीसरी बार भाजपा जीती। कांग्रेस को 18.50 फीसद वोट मिले। माना जा रहा है कि कांग्रेस समर्थक वोटों पर दिल्ली में राज कर रही आआपा को लग रहा है कि उसके साथ तालमेल करने से कांग्रेस मजबूत हो जाएगी और देर-सबेरे आआपा को ही नुकसान पहुंचाएगी। वैसे आआपा के लिए यह तो खतरा बना ही हुआ है कि अगर कांग्रेस मजबूती से चुनाव लड़ी तो आआपा को ही नुकसान पहुंचाएगी और इससे भाजपा को फायदा होगा।

करीब दो महीने बाद होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अपने वजूद बचाने के लिए हर प्रयास करती दिख रही है। आम आदमी पार्टी (आआपा) संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कांग्रेस के साथ विधानसभा चुनाव में तालमेल न करने के ऐलान के बाद कांग्रेस ने भी अपने दम पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। इतना ही नहीं आआपा के तरह चुनाव की तारीख घोषित हुए बिना 70 में से 21 सीटों पर अपने मजबूत उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। उसमें अरविंद केजरीवाल के सामने नई दिल्ली सीट से पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के पुत्र और पूर्व सांसद संदीप दीक्षित को उम्मीदवार बनाया गया है। अभी तक यही माना जा रहा है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार मुकाबला आआपा और भाजपा के बीच ही मुख्य रूप से होगा। सालों तक दिल्ली पर राज करने वाली कांग्रेस 2013 यानी आआपा के वजूद में आने के बाद से ही लगातार हाशिए पर सिमटती जा रही है। लगातार 15 साल दिल्ली की मुख्यमंत्री रही शीला दीक्षित 2013 का विधानसभा चुनाव न केवल खुद हारी बल्कि कांग्रेस को 24.50 फीसद वोट और केवल आठ सीटें मिली। 2015 के विधानसभा चुनाव में उसे कोई सीट नहीं मिली और उसका वोट औसत घटकर 9.71 फीसद रह गया। इतना ही नहीं उसे 2020 के विधानसभा चुनाव में उसे केवल 4.26 फीसद वोट मिले।



अभी 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का आआपा से सीटों का तालमेल था। सात में से तीन सीटें कांग्रेस और चार आआपा लड़ी। चुनाव में सभी सातों सीटों पर लगातार तीसरी बार भाजपा जीती। कांग्रेस को 18.50 फीसद वोट मिले। माना जा रहा है कि कांग्रेस समर्थक वोटों पर दिल्ली में राज कर रही आआपा को लग रहा है कि उसके साथ तालमेल करने से कांग्रेस मजबूत हो जाएगी और देर-सबेरे आआपा को ही नुकसान पहुंचाएगी। वैसे आआपा के लिए यह तो खतरा बना ही हुआ है कि अगर कांग्रेस मजबूती से चुनाव लड़ी तो आआपा को ही नुकसान पहुंचाएगी और इससे भाजपा को फायदा होगा। अब यह सार्वजनिक हो गया है कि जिस आआपा को कांग्रेस ने भाजपा के मध्यमवर्गीय लोगों का समर्थन लेकर भाजपा को कमजोर करने के लिए तन-मन और धन से सहयोग किया था,उसी पार्टी ने कांग्रेस के समर्थक माने जाने वाले कमजोर वर्गों,अल्पसंख्यक और पूर्वांचल (पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड आदि के मूल निवासी) के प्रवासियों को अपना स्थाई वोटर बना लिया। 2013 के विधानसभा चुनाव में दिल्ली के अल्पसंख्यकों ने गलतफहमी में कांग्रेस को वोट दिया। तब उन्हें लगा कि भाजपा को कांग्रेस हरा रही है। उसके बाद के दोनों चुनावों में इस वर्ग ने आआपा को वोट किया। कांग्रेस इस चुनाव में इस वर्ग को अपने साथ लाने के प्रयास में लगी हुई है। कट्टर धार्मिक छवि वाले उत्तराखंड के मंगलोर के विधायक काजी निजामुद्दीन दिल्ली के प्रभारी,राजस्थान के पूर्व विधायक दानिश अबरार सह प्रभारी और टिकटों की छानबीन समिति में पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन के साथ सहारनपुर के सांसद इमरान मसूद हैं। दिल्ली में मुस्लिम आबादी अब 12 से बढ़कर अब 15 फीसद से ज्यादा हो गई है। 70 में से 17 सीटें ऐसी हैं जहां मुस्लिम मतदाता 20 फीसद से ज्यादा हैं। इनमें सीलमपुर, मटिया महल, बल्लीमरान, ओखला, मुस्तफाबाद, किराड़ी, चांदनी चौक, गांधीनगर, करावल नगर, विकास पुरी, ग्रेटर कैलाश, कस्तूरबा नगर, बाबरपुर, मोतीनगर, मालवीय नगर, सीमापुरी और छत्तरपुर शामिल हैं। इसी तरह 12 अनूसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों पर भी कांग्रेस ने पूरी तैयारी की है। दलितों में कांग्रेस का कुछ असर अब भी बचा है। पूर्वांचल के प्रवासी दिल्ली में सालों कांग्रेस का साथ देकर उसे सत्ता दिलाते रहे। दिल्ली के 70 में से 42 सीटों पर पूरबियों(पूर्वाचंल के प्रवासी) का वोट 20 फीसदी से ज्यादा है। यह तीनों और दिल्ली के गांव का एक वर्ग अगर कांग्रेस से जुड़ जाए तो उसके पुराने दिन लौट आ जाएंगे। कांग्रेस के पास आज की तारीख में कोई बड़ा पूरबिया नेता न होने से उसकी फिर से इस वर्ग में पैठ होने में कठिनाई हो रही है। जो गलती 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने किया,वह दोहराना नहीं चाहती। तब उम्मीदवार कमजोर नहीं थे लेकिन जयप्रकाश अग्रवाल के अलावा दोनों पार्टी में नए थे। इसके चलते पार्टी में भारी विद्रोह हो गया था। कांग्रेस के नेता चतर सिंह कहते हैं कि जो पद पाने के लिए दूसरे दलों में गए उनमें काफी को निराशा हाथ लगी है और बाकी की भी वही गति होनी है। अब ऐसा कुछ होनेवाला नहीं है। 2006 के परिसीमन में पूर्वी दिल्ली सीट दो हिस्सों में (पूर्वी दिल्ली और दिल्ली उत्तर पूर्व) बंटी। उससे पहले पूर्वी दिल्ली सीट से दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के पुत्र संदीप दीक्षित सांसद थे जो परिसीमन के बाद 2009 में उसकी एक सीट से सांसद बने और 2014 में पराजित हुए। 2019 में पूर्वी दिल्ली की दूसरी सीट दिल्ली उत्तर पूर्व से उनकी मां और दिल्ली की 15 साल मुख्यमंत्री रही शीला दीक्षित चुनाव लड़ी और पराजित हुई। शीला दीक्षित 2019 में आआपा से समझौते का विरोध किया तो उन्हें प्रदेश अध्यक्ष के साथ जबरन लोकसभा चुनाव लड़वाया गया। सत्ता सुख भोगने की आदत पड़ जाने के चलते एक चुनाव की हार ने कांग्रेस को संकट में ही ला दिया। अपनी चिंता में लगे नेताओं ने पार्टी को हाशिए पर ला दिया। 2013 विधानसभा चुनाव की हार के बाद पार्टी बिखरती गई। 2015 के चुनाव के समय प्रदेश अध्यक्ष थे अरविंद सिंह लवली और मुख्यमंत्री का उम्मीदवार बना दिया गया अजय माकन को। इससे नाराज लवली ने चुनाव लड़ने से मना कर दिया। उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष बने अजय माकन 2019 के लोक सभा चुनाव में आआपा से तालमेल की मुहिम चलाई। बताया गया कि कांग्रेस का एक वर्ग सात में से दो सीटों पर भी समझौता करने को तैयार हो गया था। जिस पार्टी ने कांग्रेस को हाशिए पर पहुंचाया उससे समझौता करने का शीला दीक्षित ने भारी विरोध किया। समझौता न होने पर भारी मन से अजय माकन नई दिल्ली सीट से चुनाव लड़कर हारे। वे भी बिना प्रदेश अध्यक्ष तय हुए बीमारी के बहाने प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी छोड़ दी। 2020 के विधानसभा चुनाव के लिए पहले बिहार मूल के नेता कीर्ति आजाद को प्रदेश अध्यक्ष बनाना तय किया गया। वे पहले भाजपा के दिल्ली से विधायक और बिहार से सांसद थे। अचानक वरिष्ठ नेता सुभाष चोपड़ा को अध्यक्ष और आजाद को चुनाव अभियान समिति का अध्यक्ष बना दिया गया।





# पशुपालन के बिना संभव नहीं टिकाऊ खेती

**कृषि कार्य से धन अर्जन प्राचीन समय से किया जा रहा है प्राचीन सभ्यताएं स्वावलम्बी कृषि पर ही निर्भर रहीं।जब भी कृषि में स्वावलंबन समाप्त हुआ सभ्यताएं गिर गई।स्वावलम्बी कृषक बाहर के आदानों का मूल्य नहीं चुकाता है, वह उन्हें स्वयं उत्पादित करता है।स्वावलम्बन का अर्थ है पर्याप्त उत्पादन करना, पैसा कमाना तथा विपत्ति के दिनों के लिये बचाकर रखना है।भारत के किसान अपने परम्परागत ज्ञान को परिमार्जित करते हुए कृषि कार्य द्वारा मिट्टी से सोना बनाने का कार्य करता रहे, परन्तु आज पाश्चात्य् कृषि शिक्षा का प्रभाव, हरित क्रांति की चकाचौंध, कृषि के मशीनीकरण, रसायनिक खाद एवं कीटनाशकों के तात्कालिक लाभों को देखकर भारतीय किसान कृषि के स्वावलम्बन से दूर होकर रसायनिक खेती अपनाने लगा।**



किसान अधिक उपज लेने के लिये आवश्यकता से अधिक उर्वरक एवं रसायनिक दवाओं का प्रयोग करने लगा जिससे उत्पादन में बढ़ोत्तरी अवश्य होती है परन्तु साथ ही साथ प्रति हेक्टेयर खर्चा भी बढता जा रहा है। इससे न केवल किसानों की आय में कमी देखी जा रही है बल्कि पर्यावरण पर भी विपरीत असर होता दिखाई दे रहा है। पिछले चार दशकों में कृषि रसायनों (खाद, कीटनाशक, नींदानाशक, और बढ़वार कारकों) और पानी के अविवेकीय अन्धाधुन्ध उपयोग ने मृदा उर्वरता, कृषि उत्पादकता के कारकों, उत्पाद गुणवत्ता एवं पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव डाला है। रसायनिक खेती या गहन कृषि पद्धति की ओर प्रेरित किया है क्योंकि विश्व की जनसंख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है और खाद्यान्न की आवश्यकता में भी वृद्धि होती जा रही है। रसायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के प्रयोग से कृषि योग्य भूमि में निम्ननिखित परिणाम देखने को मिले हैं।

- भूमि की सतह का सख्त होना।
- लाभप्रद जीवाणुओं की संख्या में कमी।
- भूमि की जलधारण क्षमता में कमी।
- मृदा की क्षारीयता, लवणता तथा जलागम में वृद्धि।
- भूमि में जीवाश्म की मात्रा में कमी।
- फसलों में कीट, व्याधियों व खरपतवारों की समस्या में वृद्धि ।
- भूमि की उत्पादकता में निरन्तर कमी।

उपरोक्त कारणों की वजह से आज कृषक को खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है। आज हमारे विश्व की जनसंख्या लगभग 6 अरब है व सन् 2050 तक इसका 9 अरब होने का अनुमान है। लेकिन हमारी कृषि उत्पादकता बढ़ने की बजाय स्थिर हो गई है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए कृषि वैज्ञानिक आधारित या टिकाऊ खेती करने पर जोर दे रहे हैं।

टिकाऊ खेती से तात्पर्य फसल एवं पशुपालन उत्पादन के एकीकरण तंत्र से है। जो लम्बे समय तक निम्न बातें पूर्ण कर सके।

- मनुष्य के भोजन की पूर्ति कर सके।
- वातावरण की गुणवत्ता एवं प्राकृतिक संसाधनों को बचायें।
- उन सभी संसाधनों का प्रभावी ढंग से उपयोग हो जिनका पुर्नउत्पादन नहीं हो सकता है।
- भूमि की आर्थिक उपयोगिता को बनाये रखें।
- कृषक व समाज के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाएं।

इस प्रकार से टिकाऊ खेती में वह सभी बातें समाहित हैं जिससे वातावरण सुधरे, आर्थिक लाभ हो एवं समाज में समानता आए। यहां पशुपालन की टिकाऊ खेती में बराबर की हिस्सेदारी है क्योंकि पशुओं की कृषि में आर्थिक उपयोगिता है, व साथ ही ये चराहाग एवं फसलों के अवशेषों आदि को मनुष्य को खाने योग्य बनाने में मदद करते हैं। टिकाऊ खेती का सबसे उत्तम उपाय है जैविक खेती। जैविक खेती से तात्पर्य है कि खेती में रसायनिक खाद, कीटनाशक व जैविक वृद्धिकारकों का उपयोग करके उत्पादन लिया जाय। जैविक खाद बनाने के लिये पशुओं की आवश्यकता पड़ेगी। क्योंकि पशुओं से ही गोबर, मलमूत्र इत्यादि प्राप्त होंगे।

इसके अतिरिक्त मुर्गी खाद भी भूमि की उर्वराशक्ति को बढ़ाने में काफी मदद करती है, क्योंकि मुर्गी खाद में लगभग 20 प्रतिशत प्रोटीन पाई जाती है। जिससे इस खाद में नाइट्रोजन की मात्रा अधिकतम लगभग 3 प्रतिशत व फास्फोरस एवं पोटाश क्रमश: 2-2 प्रतिशत होती है। वहीं सुअर के मल में नत्रजन, फास्फोरस एवं पोटाश क्रमश: 0.7, 0.6 एवं 0.7 प्रतिशत पाए जाते हैं।

इसके अतिरिक्त जैविक खेती में विभिन्न खादों जैसे गोबर व फसल अवशेष के मिश्रण से खाद (नाडेप या कम्पोष्ट खाद), गोबर गैस संयंत्र से उपलब्ध खाद एवं वर्मी कम्पोस्ट आदि का उपयोग होता है। वर्मी कम्पोस्ट केंचुए की मदद से बनने वाला खाद है। एक क्विंटल ताजा वर्मी कम्पोस्ट से भूमि को 800 ग्राम पोटेशियम प्राप्त होता है। इसके अतिरिक्त इसमें सूक्ष्म पोषक तत्व जैसे कि जस्ता 0.16: तांबा 0.09 और लोहा 1.38 अनुपात होते हैं।



इसमें कुछ पादप हार्मोन्स और एन्टीबायोटिक्स भी होते हैं जो कि फसल की अच्छी पैदावार एवं पौध संरक्षण को बढ़ावा देते हैं। वर्मी कम्पोस्ट की अम्लीयता क्षारीयता 6.8 से 7.2 के बीच होती है। इसमें मृदा का तापमान संतुलित रहता है व मिट्टी में पानी सोखने की प्रवृति बढती हैं। इसके अतिरिक्त मुख्य उपयोग पशु का ये है कि वह जमीन जो कि अत्यंत अनउपजाऊ एवं बंजर होती है उसको भी उपजाऊ बनाने में मदद करते हैं।

उपरोक्त के अलावा टिकाऊ खेती में प्राकृतिक संसाधनों का भी प्रभावी ढंग से उपयोग करना है। इसके लिये हम पशु ऊर्जा का उपयोग मशीनी ऊर्जा के स्थान पर कर सकते हैं। पशु ऊर्जा का उपयोग क्यों करना चाहिए यह निम्न बातों से स्पष्ट होता है-

- पशुओं का उपयोग किसान की कार्यक्षमता को बढ़ाता है। यह फसलों के विविधीकरण कृषि क्षेत्र को बढाने एवं समय पर कृषि कार्यों को सम्पन्न करने में सहायक है।
- मशीनों पर आधारित उत्पादन तन्त्र कुछ ही फसलों तक सीमित रह जाता है और इस तरह विविधता को तहस-नहस कर देता है।
- पशु चलित यन्त्र सस्ते, सुलभ और गांवों में भी बनाये जा सकते हैं।
- पशु ऊर्जा का उपयोग मंहगे और अनवीनीकरण ईंधन पर होने वाले खर्च को बचाना है। पशु खेतों से ही आने वाले फसलों के अवशेष को खाकर उसे उपयोगी चीजों जैसे- दुग्ध, बायोगैस, खाद इत्यादि में बदल देते हैं, और ये भोजन के लिये मानव के प्रतियोगी भी नहीं है।
- ऊर्जा पशुओं का उपयोग पशुओं को फसलोत्पादन से जोड़ने में किसानों की मदद करता है। इस तरह पशुओं की शक्ति का फसलोत्पादन निरन्तर बनाये रखने के लिये दोहन होता रहता है।
- एक बार ट्रैक्टर या पावर टिलर की जीवन अवधि जो कि प्राय: बहुत छोटी होती है, समाप्त हो जाती है तो उसका कोई प्रयोगात्मक उपयोग नहीं रह जाता है। पशु उस पर किये गये खर्च को कई तरह से लौटाता है। वह जीवनभर व मृत्यु उपरान्त भी पशु पालकों को अनेक उपयोगी चीजें देता है। मशीनों के साथ किसानों के कर्ज में फंसने का डर बना रहता है। यदि बढ़ी ऋण सहायता से मशीनीकरण पूर्ण हो भी जाये तो अधिकतर कृषक आबादी अपनी भूमि छोड़ने के लिये बाध्य हो जायेगी। क्योंकि मशीनों की सहायता से बड़े से बड़ा क्षेत्र कुछ ही हाथों द्वारा तैयार किया जा सकता है। इस प्रकार से स्पष्ट है कि टिकाऊ खेती में पशुओं का बहुत बढ़ा योगदान है जिसकों अनदेखा नहीं किया जा सकता है।

# रसायनिक उर्वरकों के लाभकारी सुझाव

उर्वरकों के भरपूर लाभ कैसे लें इसके लिये निम्नलिखित बातें ध्यान रखें -

● मिट्टी परीक्षण के आधार पर नत्रजन, फास्फोरस एवं पोटाश तत्व का संतुलित मात्रा में प्रयोग करें.● मिट्टी परीक्षण के आधार पर गौण व सूक्ष्म पोषक तत्वों का उपयोग करें. ● रसायनिक उर्वरकों के साथ जैविक खादों का समावेश करें.

● फसल चक्र अपनायें. ● उपयुक्त सस्य क्रियायें अपनायें.

**मिट्टी परीक्षण के आधार पर गौण व सूक्ष्म पोषक तत्वों का उपयोग**--जैसा कि विदित है कि हमारे द्वारा लगातार अधिक मुख्य तत्वों वाले रसायनिक उर्वरक उपयोग कर उपज में बढ़ोत्तरी की है लेकिन जमीन से गौण व सूक्ष्म पोषक तत्व जमीन में नहीं दिये जा रहे हैं. जिसके फलस्वरूप हमारी जमीन में मुख्य पोषक तत्वों के साथ-साथ गौण व सूक्ष्म पोषक तत्वों की भी कमी हो गई है। जिसमें सल्फर तत्व चौथे आवश्यक पोषक तत्व के रूप में उभर कर आया है। जिसका मुख्य कारण सघन खेती के साथ जमीन में इन पोषक तत्वों का उपयोग न करना तथा कार्बनिक पदार्थों का खेतों में न डालना है।

**रसायनिक उर्वरकों के साथ जैविक खादों का समावेश**- परम्परागत खेती के समय रसायनिक खादों का उपयोग कम था लेकिन किसान खेती में गोबर खाद,हरी खाद एवं भूसा आदि को खेत में मिला दिया जाता था तथा सघन खेती भी नहीं होती थी जिसके कारण जमीन की जलधारण क्षमता अच्छी थी तथा पोषक तत्व भी पर्याप्त होते थे परंतु वर्तमान युग मशीनरी की खेती का युग हो गया है जिसमें पशुपालन कम होता जा रहा है किसान भाई अधिक उपज प्राप्ती के लिये मिट्टी के स्वास्थ्य का ध्यान रखना भूल गये हैं जिसके परिणाम किसानों को दिखने लगे हैं कि रासायनिक खाद दिये जाने पर फसल उसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। इसलिये प्रत्येक तीन वर्ष में एक बार 15-20 टन गोबर खाद प्रति हेक्टर खेत में डालें.

**फसल चक्र अपनायें**- फसल चक्र से आशय एक ही फसल को लगातार न बोयें. पहली वर्ष यदि खरीफ में सोयाबीन और रबी में गेहूं तो दूसरी वर्ष खरीफ में मक्का एवं रबी में चना बोयें। फसल चक्र में दलहनी फसलों का समावेश अवश्य करें. दलहनी फसल वायुमंडलीय नत्रजन को अवशोषित कर स्थिर करती है. तथा नत्रजन दलहनी फसल में नहीं देना पड़ता है.उथली जड़ वाली फसल के बाद गहरी जड़ वाली फसल,अधिक पानी वाली फसल के बाद कम पानी चाहने वाली फसल बोये. फसल चक्र अपनाने से उर्वरकों की क्षमता तो बढ़ती ही है साथ ही साथ कीड़े बीमारी भी कम लगती है।

**उपयुक्त सस्य क्रियायें अपनायें**- उपयुक्त सस्य क्रियायं अपनाने से रसायनिक उर्वरकों की दी गई मात्रा अधिक से अधिक फसल द्वारा ली जावेगी जिससे उपज भी अच्छी मिलेगी. इसके लिये कुछ मुख्य कृषि क्रियायें मुख्य हैं जो निम्नलिखित हैं.

● उपलब्ध साधनों के अनुरूप अधिक उपज देने वाली किस्म बोयें. ● बीज जनित रोगों से बचने के लिये बाबिस्टीन, थाइरम से बीज को उपचारित कर बोयें. ● किस्म की पकने की अवधि के अनुसार समय पर बुवाई करें.● उर्वरकों को सही विधि व समय पर दें. ● फसलों की बढ़वार के क्रान्तिक समय में खेत को खरपतवार रहित रखें. ● सिंचाई आवश्यकतानुसार एवं सही विधि से करें. ● रोग व बीमारियों का प्रबंधन करें. ● समय पर कटाई कर,थ्रेसिंग कर उचित भंडारण करें.

# दूध के साथ रेशम उत्पादन

## मिल्क विथ सिल्क सिद्धांत की जरूरत और महत्व

भारत के कई इलाकों में सिंचाई की सुविधाएँ सीमित मात्रा में होने से 50 प्रतिशत से ज्यादा खेती बारानी है। यह सर्वविदित हैं कि पिछले कुछ वर्षों से अनियमित मानसून, अमौसमी बरसात, कठोर जलवायु तथा अन्य कई कारणों से बारानी खेती बिना भरोसे की तथा नुकसानमंद साबित हो रही हैं। इससे किसानों में निराशा आर्थिक नुकसान के कारण आत्महत्या तक हो रही हैं। इस स्थिति से उबरने का एक उपाय हैं खेती से जुड़े पूरक व्यवसाय शुरू करना और उन्हें ज्यादा प्रभावी तथा ज्यादा फायदेमंद बनाने हेतु दो या तीन पूरक व्यवसायों को एक साथ करना जैसे दुग्ध व्यवसाय और रेशमकीट पालन एक साथ करना जो एक-दूसरे के पूरक हैं।

दुग्ध उत्पादन हेतु पशुपालन तथा रेशम कीट पालन हेतु मलबेरी की काश्त करना एक-दूसरों के कई तरह से पूरक हैं। पशुओं को दूध उत्पादन हेतु पौष्टिक चारा चाहिए जो उन्हें मलबेरी की पत्तियों से मिलता हैं।

इसके अलावा मलबेरी की पत्तियाँ जायकेदार पाई गई। उनकी पाचकता 70 से 90 च पाई गई। उनमें खनिज लवण 25 प्रतिशत तक पाये गये जो दूध उत्पादन बढ़ाने हेतु तथा पशु के स्वास्थ्य एवं प्रजनन क्षमता बरकरार रखने हेतु अत्यंत उपयुक्त हैं।

एक गाय को उसके शरीर पोषण हेतु रोजाना 7 ग्राम कैल्शियम तथा 7 ग्राम फॉस्फोरस आवश्यक होता हैं जबकि मलबेरी की पत्तियों में करीब 1.8 से 2.4 प्रतिशत कैल्शियम तथा 0.14 से 0.24 प्रतिशत फास्फोरस पाया गया हैं। इसका मतलब हैं कि अगर मलबेरी की पत्तियाँ भरपूर मात्रा में दुधारू पशु को खिलाई जाये तो उनके दूध उत्पादन में बढ़ोत्तरी होगी इसके अलावा उनका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। एक वैज्ञानिक प्रयोग में पाया गया कि खुराक और मलबेरी को पत्तियां अनुक्रम 60:40 तथा 25:75 प्रतिशत इस अनुपात में खिलाने पर गायों का दूध उत्पादन 13.2 और 13.8 लीटर प्राप्त हुआ जबकि सिर्फ खुराक खिलाने पर 14.2 लीटर था। इसका मतलब यह हुआ की मलबेरी की पत्तियाँ खिलाने से दूध उत्पादन में ज्यादा कमी नहीं आई बल्कि खुराक की मात्रा कम लगने से उसके पोषण खर्च में कमी आई यानि मलबेरी की पत्तियां खिलाने से दूध उत्पादन का धंधा किफायती होता हैं।

रेशम कीटों को डाली हुई मलबेरी की जो पत्तियां बाकी रह जाती हैं वो पत्तियाँ, डालियाँ दुधारू पशुओं को खिलाया जाये तो वह बरबाद होने से बच जाता हैं। कुछ स्थानों पर रेशम की इल्लियों के अपशिष्ट पदार्थ पर नमक का घोल डालकर वह दुधारू पशुओं को खिलाया जाता हैं।

इस प्रकार रेशम कीट पालन तथा दुग्ध व्यवसाय का आपस में घनिष्ठ नाता जोड़कर दोनों ही व्यवसाय एक साथ एक ही खेत पर कर सकते हैं। इसमें जो मजदूर होते हैं उनका उत्कृष्ठ इस्तेमाल होता हैं. रेशम कीटों द्वारा कोष निर्माण होने पर उन्हें बेचकर पैसा प्राप्त होता हैं। इसके अलावा दुग्ध व्यवसाय से दूध, खाद तथा बछड़े बेंचकर अधिक धन प्राप्त होगा और इस प्रकार किसान भाईयों को कमाई के दो स्त्रोत प्राप्त होंगे जिससे ज्यादा आर्थिक सम्पन्नता का लाभ होगा।

रेशम कीट पालन हेतु प्रशिक्षण, जानकारी, तांत्रिक मार्गदर्शन, रेशम उद्योग, संचालनालय से प्राप्त होते हैं तथा दुग्ध व्यवसाय के विषय में जानकारी प्रशिक्षण तथा तांत्रिक मार्गदर्शन हर जिले में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र, जिले के पशुपालन विभाग, कृषि विश्वविद्यालयों में स्थित पशुपालन एवं दुग्ध शास्त्र विभाग आदि जगह से प्राप्त कर सकते हैं।

ध्यान रहे, पूरक व्यवसाय के बिना किसान भाईयों की सही मायने में उन्नति नहीं हो सकती अत: पूरक व्यवसाय अवश्य अपनाएं और अपनी आर्थिक उन्नति हासिल करें.

# संक्षिप्त खबरें

## अल बदर हज उमराह का भव्य उद्घाटन



**रांची(बिभा):** रांची के चंदवे चौक स्थित अबू बकर मस्जिद के पास अल बदर हज एंड उमराह ट्रेवल्स का उद्घाटन झारखंड वक्फ बोर्ड के सदस्य इबरार अहमद और झारखंड अंजुमन के अध्यक्ष जुनेद अनवर, दानिश आरफीन ने संयुक्त रूप से किया । मुख्य अतिथि इबरार अहमद ने कहा अल बदर हज एंड उमराह झारखंड के सभी लोगों की सेवा किफायती दर में करेगी। उन्होंने कहा कि अल बदर भारत सरकार से लाइसेंस प्राप्त ट्रेवल कंपनी है। उद्घाटन के अवसर पर अल बदर हज एंड उमराह के डायरेक्टर दानिश आरफीन और मुदस्सिर नजर ने कहा कि अल बदर पिछले 2008 से लोगों के सेवा देते आ रही है। इसी क्रम में झारखंड की राजधानी रांची में इसकी ब्रांच खोली गई। उन्होंने कहा कि हम जायरीन को ऐसी सेवा देंगे जो अब तक किसी भी ट्रेवल वालों ने नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि जायरीन को रांची से रांची ,दिल्ली से दिल्ली, मुंबई से मुंबई की सुविधा के साथ उमराह और हज पर ले जाएं जाएगा। संचालक दानिश आरफीन और मुदस्सिर नजर ने कहा जायरीन को बैतूल मुकद्दस, नजफ ,कर्बला, बगदाद समेत और भी जगह की जियारत कराया जाता हैं। अल बदर हज एंड उमराह के ऑफिस के लिए उन्होंने इसके डायरेक्टर गुलजार सकाफी को धन्यवाद दिया। ᵯ उन्होंने कहा कि सरकार के तरफ से अल बदर हज एंड उमराह को हाजियों को हज पर ले जाने का कोटा 46 है। साथ ही यहां लोगों के लिए पासपोर्ट बनाने की सुविधा भी उपलब्ध होगी। उद्घाटन मौके पर 26 लोगों ने उमराह पर जाने के लिए बुकिंग करवाया। इस मौके पर मोहम्मद सोहेब अहमद,जावेद , कारी इसराइल, सराफत मौलाना शमीम ,शेर अली , मोहम्मद इशराक,बशारत हाजी नवाब खालिद शकील समेत कई लोग मौजूद थे।

## झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने स्कूल वैन में बच्चों के साथ यौनाचार की घटना पर आक्रोश व्यक्त किया



**रांची(बिभा):** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने बीआईटी मेसरा ओपी क्षेत्र में हुई बच्चों के साथ यौनाचार की घटना पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है। इस घटना में एक 4 साल के बच्चे के साथ स्कूल वैन ड्राइवर द्वारा आपराधिक यौनाचार किया गया, जो कि पॉक्सो एक्ट की धारा 4, 6 और 8 के तहत अपराध है। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, ्यह घटना हमारे समाज के लिए बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। हमें अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए जागरूक रहना होगा और सख्त कार्रवाई करनी होगी। अजय राय ने राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि वे अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें और स्कूलों में सुरक्षा की व्यवस्था को मजबूत बनाएं। उन्होंने कहा, ्हमें अपने बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए हर संभव कदम उठाना होगा। स्कूलों में सुरक्षा की व्यवस्था को मजबूत बनाना, बच्चों को सुरक्षा के बारे में जागरूक करना, और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना आवश्यक है। इस घटना के बाद, झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने राज्य सरकार से फास्ट्रेक कोर्ट का गठन करने और अपराधियों को सख्त सजा देने की मांग की है। एसोसिएशन ने स्कूल प्रबंधकों से भी आग्रह किया है कि वे इस तरह की घटनाओं पर पर्दा न डालें और स्कूल का रेपुटेशन बचाने के बजाय पीड़ित को न्याय दिलाने में सहयोग करें।

## स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से मिला एएचपीआई झारखंड चैप्टर का प्रतिनिधिमंडल



**रांची(बिभा):** एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स ऑफ इंडिया (एएचपीआई) झारखंड चैप्टर का प्रतिनिधिमंडल स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से मिला। और राज्य का स्वास्थ्य मंत्री बनने पर उनका स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य में एएचपीआई की गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने राज्य में निजी अस्पतालों को चलाने में एएचपीआई को सरकार से मिल रहे सहयोग के बारे में भी जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य के सभी निजी अस्पतालों के मालिकों से मिलना चाहा और प्रतिनिधिमंडल को निजी अस्पतालों और नर्सिंग होमों को हर तरह से समर्थन देने का आश्वासन दिया। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना सहित सभी सरकारी कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में निजी अस्पतालों की भूमिका की भी सराहना की, हालांकि उन्होंने निजी अस्पतालों को मरीज की वास्तविक शिकायतों पर ध्यान देने के लिए भी आगाह किया। प्रतिनिधिमंडल में डॉक्टर सईद अहमद अंसारी अध्यक्ष, डॉ. राजेश कुमार सचिव, श्री जोगेश गंभीर पूर्व अध्यक्ष, डॉ शंभु प्रसाद सिंह उपाध्यक्ष शामिल हैं।

## स्वास्थ जांच शिविर का हुआ आयोजन

**रांची(बिभा) :** राँची नगर निगम के छठे तल पर अवस्थित पथ विक्रेता शिकायत निवारण एवं समाधान समिति एवं राँची नगर निगम के संयुक्त तत्वाधान मे राँची नगर निगम के कर्मियों एवम पदाधिकारियों हेतु आयोजित एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ जाँच शिविर का हुआ आयोजन। इस एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में नियमित स्वास्थ्य जाँच से होने वाले लाभ एवं बीमारियों से बचाव के विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही राँची नगर निगम के कर्मियों तथा पदाधिकारियों के स्वास्थ्य की निःशुल्क जाँच की गई। इस स्वास्थ्य शिविर में राँची के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ० साकेत एवम उनके टीम के सदस्यों के द्वारा निगम के कर्मियों के मधुमेह, लुअ1, पल्स, रक्तचाप, एउक्ष्इत्यादि की जाँच की गई एवम डॉ० साकेत के द्वारा उन्हें निःशुल्क चिकित्सीय सलाह प्रदान की गई । इस आयोजन में राँची नगर निगम के प्रशासक श्री संदीप सिंह, अपर प्रशासक श्री संजय कुमार एवं पथ विक्रेता शिकायत निवारण एवम समाधान समिति के अध्यक्ष श्री कुमार दिनेश, सदस्य श्री सतीश गिरी जी ने भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। कार्यशाला के समापन के अवसर पर श्री कुमार दिनेश, अध्यक्ष, पथ विक्रेता शिकायत निवारण एवम समाधान समिति के द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि नियमित स्वास्थ्य जाँच से अनेक प्रकार के बीमारियों से बचाव एवम सही समय पर उपचार प्राप्त होने से किसी के भी जीवन को बचाया जा सकता है। इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में अपनी सहभागिता हेतु डॉ० साकेत, हृदय रोग विशेषज्ञ का धन्यवाद दिया गया।

# 68वी राष्ट्रीय स्कूल खेलो की मेजबानी और तैयारियों में कोई कोताही न बरते: सचिव

बिभा संवाददाता



**रांची :** 68वे राष्ट्रीय स्कूल खेलो की मेजबानी और उसकी तैयारियों को लेकर आज स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव श्री उमाशंकर सिंह की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक हुई। इस बैठक में विभागीय सचिव के अलावा राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक श्री शशि रंजन, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग (झारखंड सरकार) के निदेशक श्री संदीप सिंह, रांची के ग्रामीण एसपी श्री सुमित अग्रवाल, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग (झारखंड सरकार) के उपनिदेशक श्री राजकिशोर खाखा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी श्री धीरसेन सोरेंग, झारखंड ओलिंपिक संघ के महासचिव श्री मधुकांत पाठक, झारखंड ओलिंपिक संघ के कोषाध्यक्ष श्री शिवंदु दुबे समेत स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के पदाधिकारीगण, रांची नगर निगम के पदाधिकारी, विभिन्न खेल संघो, एनसीसी के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में खेलो के आयोजन के दौरान विधि व्यवस्था, स्वच्छता, आवासन, चिकत्सकीय सुविधाओं समेत अन्य महत्वपूर्ण विषयो पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए विभागीय सचिव श्री उमाशंकर सिंह ने पदाधिकारियों को जल्द से जल्द सभी तैयारी पूरा कर लेने का निर्देश दिया। उन्होंने आयोजन में आ रही बालक-बालिकाओ की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवासन एवं परिवहन के लिए किये गए प्रबंधों की लगातार निगरानी और आदर्श मानक संचालन प्रक्रिया बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने आवासन के लिए होटलो के चयन में सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आयोजन के दौरान किसी भी तरह से सुरक्षा में कोई कोताही नहीं होना चाहिए, इसके लिए रांची जिला प्रशासन आयोजन समिति के साथ समन्वय स्थापित करते हुए पुलिस बलो की तैनाती सुनिश्चित करे। उन्होंने नगर निगम के पदाधिकारियों को आयोजन स्थल की लगातार साफ सफाई करवाने और स्वछता कार्यो के लिए मानव बल को तैयार रखने का निर्देश दिया।

### रांची में होगा पांच राष्ट्रीय स्तर के खेलो का आयोजन

68वे राष्ट्रीय स्कूल खेलो के अंतर्गत झारखंड को वर्ष 2025 के जनवरी माह में पांच राष्ट्रीय स्तर के खेलो के आयोजन की मेजबानी मिली है। इनमे अंडर 19 बालक/बालिका वर्ग एथलेटिक्स, अंडर 14 बालक/बालिका वर्ग एथलेटिक्स, अंडर 14/17/19 बालक/बालिका वर्ग ट्रैक साइकिलिंग, अंडर 19 बालक/बालिका वर्ग टेनिस, अंडर 19 बालक/बालिका वर्ग हॉकी प्रतियोगिता शामिल है। अंडर 19 बालक/बालिका वर्ग एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 5 जनवरी, 2025 से दिनांक 8 जनवरी, 2025 तक होगा। इसमें बालक/बालिकाओ और अधिकारियो को मिलाकर कुल 4000 प्रतिभागी शामिल होंगे। अंडर 14 एथलेटिक्स में बालक/बालिकाओ और अधिकारियो को मिलाकर कुल 2044 प्रतिभागी शामिल होंगे। इसका आयोजन दिनांक 11 जनवरी, 2025 से दिनांक 14 जनवरी, 2025 तक होगा। अंडर 19 टेनिस का आयोजन दिनांक 17 जनवरी, 2025 से दिनांक 19 जनवरी, 2025 तक होगा। इसमें देशभर से 616 प्रतिभागी शामिल होंगे। अंडर 14 ट्रैक साइकिलिंग का आयोजन दिनांक 17 जनवरी, 2025 से दिनांक 20 जनवरी, 2025 तक होगा। इसमें 1540 प्रतिभागी शामिल होंगे। अंडर 19 हॉकी का आयोजन दिनांक 29 जनवरी, 2025 से दिनांक 2 फरवरी, 2025 तक होगा। इसमें कुल 1760 प्रतिभागी शामिल होंगे।

### अबतक झारखंड की झोली में आये है 46 पदक

68वे राष्ट्रीय स्कूल खेल 2024-25 में अबतक झारखंड को कुल 46 पदक प्राप्त हुए है। इनमे 16 स्वर्ण पदक, 20 रजत पदक और 10 कांस्य पदक शामिल है। झारखंड को अबतक सर्वाधिक पदक आर्चरी में मिला है। आर्चरी में राज्य को 10 स्वर्ण, 13 रजत और 4 कांस्य पदक मिले है।

## सनराइज किड्स नर्सरी स्कूल में क्रिसमस गैदेरिंग का आयोजन



**रांची :** सनराइज किड्स नर्सरी स्कूल, डोरण्डा में क्रिसमस गैदेरिंग का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के बच्चे सांता क्लॉज बनकर आये। बच्चों के बीच विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम कराये गये। स्कूल के प्राचार्य गुलाम गौस ने बच्चों को क्रिसमस के महत्व को बताया। इस कार्यक्रम का संचालन स्कूल की इंचार्ज शगुफ्ता परवीन ने किया। इस कार्यक्रम में स्कूल की सारी शिक्षिकाएं शामिल थीं।

## धान अधिप्राप्ति केंद्र का हुआ उद्घाटन

**चतरा :** जिले के विभिन्न प्रखंडों में पैक्स और लैंपस के माध्यम से धान अधिप्राप्ति केंद्र खोले जा रहे हैं। शुक्रवार को पत्थलगडा प्रखंड के नावाडीह पैक्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया गया। बीडीओ कलिंदर साहू, प्रमुख मनीषा कुमारी की उपस्थिति में ग्राम चौथा में धान अधिप्राप्ति केंद्र खुला। केंद्र का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। इस मौके पर कई किसानों के धान क्रय किए गए। इस मौके पर नावाडीह पैक्स अध्यक्ष दिनेश्वर दांगी ने बताया कि झारखंड सरकार के द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 निर्धारित किए गए हैं।

# झारखंड राज्य आवास बोर्ड की बैठक सम्पन, कई विषयों पर हुई चर्चा

बिभा संवाददाता



**रांची :** झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान की अध्यक्षता में आवास बोर्ड 76वीं बोर्ड बैठक झारखंड राज्य आवास बोर्ड के मुख्यालय स्थित सभागार (भु-तल) में सम्पन हुई जिसमें कई महत्वपूर्ण विषयों पर चचाएं हुई।

बोर्ड की 75वीं बैठक दिनांक 20 सितंबर 2024 के कार्यवाही की सम्पुष्टि।

वित्तिय वर्ष 2018-19 से वित्तिय 2022-23 तक झारखंड राज्य आवास बोर्ड के लेखा संकलन का कार्य वाह्य स्त्रोत चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म से कराने के संबंध में।

झारखंड राज्य आवास बोर्ड में सविंदा के आधार नियुक्त कर्मियों का राज्य सरकार द्वारा निर्गत संकल्प के अनुरूप एक मुश्त संविदा राशि मे अभिवृद्धि के संबंध में। राज्य सरकार के कर्मियों को देय आवास भत्ता की दरों के अनुरूप झारखंड राज्य आवास बोर्ड के कर्मियों को देय आवास भत्ता की दरों को 30%,20% एवं 10% अभिवृद्धि करने के संबंध में। राज्य सरकार के कर्मियों को देय परिवहन भत्ता के अनुरूप झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड के कर्मियों को देय परिवहन भत्ता की दरों में संशोधन कर भुगतान के संबंध मेंद्ध झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अंतर्गत विभिन्न प्रमंडलों में आवश्यकतानुसार दैनिक मजदूरी पर अमीन की सेवा प्राप्त करने के संबंध में।

झारखंड राज्य आवास बोर्ड के बरियातू राँची स्थित भूखंड संख्या-01 पर आवासीय व्यवसायिक काम्प्लेक्स निर्माण योजना का क्रियान्वयन के संबंध में। झारखंड राज्य आवास बोर्ड के धुर्वा स्थित 5 एकड़ भूखंड प्लॉटिंग तैयार कर आवंटित किया जाए। भूखण्ड संख्या 2 को यथावत रखते हुए अग्रेतर करवाई करने । इस बैठक में आवास बोर्ड के मनोनीत सदस्य अभिलाष साहू, नितिन अग्रवाल एम.डी अमित कुमार, सचिव विनय मनीष लकड़ा, आदि उपस्थित थे।

# संत गाडगे बाबा के इस देश में दिए योगदान को हम नही भूल सकते : कर्मवीर सिंह

बिभा संवाददाता



**रांची :** महान संत एवं स्वच्छता के जनक बाबा संत गाडगे महाराज की 69वी महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पुष्प अर्पित किया गया।

संगठन महामंत्री ने कहा गाडगे महाराज एक समाज सुधारक थे जिन्होंने गरीबों और दलितों के बीच अज्ञानता, अंधविश्वास और अस्वच्छता के उन्मूलन के लिए काम किया। गाडगे बाबा एक महान संत जो गरीबों, कमजोरों, अनाथों, विकलांगों की सेवा करते हैं। जीवन भर लोगों को सिखाया। इस संत ने, जिन्होंने मनुष्य में भगवान की तलाश की, धर्मशालाओं, अनाथालयों, आश्रमों और अनाथों के लिए विद्यालयों की शुरूआत विभिन्न स्थानों पर की। महाराष्ट्र। रंजले-गंजले, दीन-कमजोर, अपंग और अनाथ उनके देवता थे। गाडगेबाबा इन देवताओं में सबसे लोकप्रिय थे। उन्होंने अपने सिर पर जिन्जा पहना था, खपरा के टुकड़े से बनी टोपी, एक कान में खोपड़ी, दूसरे कान में टूटी चूड़ी का शीशा, एक हाथ में झाड़ू, दूसरे हाथ में घड़ा।

उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज में व्याप्त अज्ञानता, अंधविश्वास, भोली-भाली मान्यताओं, अवांछित रीति-रिवाजों और परंपराओं को दूर करने के लिए समर्पित कर दिया। इसके लिए उन्होंने कीर्तन का मार्ग अपनाया। अपने कीर्तन में वे श्रोताओं को उनके अज्ञान, दोषों और दोषों से अवगत कराने के लिए विभिन्न प्रश्न पूछते थे। उनके उपदेश भी सरल और सहज होते थे। अपने कीर्तनों में वे कहा करते थे कि चोरी मत करो, साहूकारों से कर्ज मत लो, व्यसनों में लिप्त मत हो, भगवान और धर्म के नाम पर जानवरों को मत मारो, जातिगत भेदभाव और छुआछूत का पालन मत करो। उन्होंने आम लोगों के मन में यह बात बैठाने की कोशिश की कि भगवान पत्थर में नहीं बल्कि इंसानों में हैं। वे संत तुकाराम महाराज को अपना गुरु मानते थे। उन्होंने हमेशा कहा कि 'मैं किसी का गुरु नहीं हूं, मेरा कोई शिष्य नहीं है'। अपने विचारों को सरल और भोले-भाले लोगों तक पहुँचाने के लिए वे ग्रामीण भाषा का प्रयोग करते थे।

# सादगी और सेवा के भाव से अपने हृदय रूपी चरनी का करें श्रृंगार: महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आईंद

बिभा संवाददाता



**रांची:** देबूका नर्सिंग होम में आयोजित क्रिसमस गैदरिंग में महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आइंद हुए शामिल। इस अवसर पर उन्होंने चरनी की आशीष की और सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं। चारों ओर क्रिसमस का माहौल है और प्रत्येक संस्थानों में क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। देबुका नर्सिंग होम रांची में भी आज क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष उपलक्ष्य पर रांची कैथोलिक महाधर्मप्रांत के महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आइंद उपस्थित रहे। वहां उन्होंने सर्वप्रथम चरनी की आशीष की।

महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आइंद ने क्रिसमस का संदेश देते हुए कहा कि चरनी के चारों ओर सादगी फैली हुई है उसी की सीख लेते हुए हम भी अपने हृदय को सादगी और सेवा की भावना से सजाएं और प्रभु का अपने जीवन में स्वागत करें।् डॉ्ब एस पी देबुका ने महाधर्माध्यक्ष को अपने हाथों से सेवा का परिचय देते हुए दान भी दिया। महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आइंद ने उपस्थित अस्पताल के सभी लोगों का विशेषकर देबुका परिवार का उनके समर्पण और सेवा के लिए अपना आभार व्यक्त किया, साथ ही सभी लोगों को क्रिसमस एवं नव वर्ष की शुभकामनाएं भी दीं।

# एसएस मेमोरियल कॉलेज में इंजोत युवा महोत्सव सह पुरस्कार वितरण समारोह रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न

बिभा संवाददाता




**रांची :** एसएस मेमोरियल कॉलेज में इंजोत युवा महोत्सव 2024 का समापन्न समारोह सह पुरस्कार वितरण समारोह रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का मुख्य अतिथि राँची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ प्रो सुदेश कुमार साहु ने द्वीप प्रज्वलन कर समारोह का विधिवत उद्घघाटन किये। व कॉलेज के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा ने मुख्य अतिथि को कॉलेज का प्रतीक चिन्ह,अंग वस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर अभिवादन किया व स्वागत भाषण दिया ।

इस दो दिवसीय इंजोत युवा महोत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा बताया गया कि यही समय विद्यार्थियों को निखारने और निखरने का है। पढाई के अलावा अन्य विधा में भी आगे आना चाहिए। विद्यार्थी अपने लक्ष्य निर्धारित करें और आगे बढ़े। कॉलेज के विद्यार्थियों प्रतिभा के धनी होते हैं ।

अपने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी. पी. बर्मा द्वारा बताया गया कि महाविद्यालय के बिद्यार्थी बहुत प्रतिभावान है हर बिधा में अग्रणी है। आने वाला समय में महाविद्यालय ,घर,परिवार व समाज का नाम रौशन अवश्य करेंगे। आज के समापन समारोह में सभी विधा के विधार्थी को पुरस्कृत किया गया जिसमें सामूहिक गीत प्रतियोगिता में नागपुरी के विद्यार्थी कंचन मिंज एव साथी को प्रथम,स्थान। सुम्मी मुंडा और रीना मुंडा को द्वितीय । पूजा कुमारी और साथी को तृतीय पुरस्कार से समानित किया गया।

आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्रुप डाँस में विशेषज्ञ के रूप में अभिनेता, गायक निर्देशक मनीष बरवार का बहुत योगदान रहा। कार्यक्रम का अंत में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए डॉ समर सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से बच्चों में प्रतिभा का निखार होता है। इस इंजोत युवा महोत्सव 2024 कार्यक्रम का संचालन डॉ सुबास साहु, डॉ गायत्री सिन्हा, डॉ मँजु सिंकु, डॉ लक्ष्मी कुमारी ने संयुक्त रूप से किये ।

# झारखंड की 1.36 लाख करोड़ की दावेदारी अब 'सियासी युद्ध' में तब्दील

बिभा संवाददाता

**रांची :** कोयले की रॉयल्टी और खदानों की जमीन के मुआवजे के रूप में केंद्र सरकार पर झारखंड की 1.36 लाख करोड़ की दावेदारी अब 'सियासी युद्ध' में तब्दील हो गई है. इसे लेकर पिछले चार दिनों से पक्ष-विपक्ष के बीच बयानों के तीर चल रहे हैं। राज्य के सीएम हेमंत सोरेन और झारखंड के पूर्व सीएम एवं बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के आमने-सामने आ गए हैं।

इस विवाद ने तब जोर पकड़ा, जब 16 दिसंबर को बिहार के पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने केंद्र के पास झारखंड की बकाया राशि को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा था कि केंद्र सरकार कोयले से अर्जित राजस्व में झारखंड की हिस्सेदारी 1 लाख 41 हजार करोड़ की राशि क्यों नहीं दे रही है। इस पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी का लिखित जवाब आया कि कोयले से अर्जित राजस्व के रूप में झारखंड का कोई बकाया नहीं है.सीएम हेमंत सोरेन ने 17 दिसंबर को इस मुद्दे को सोशल मीडिया पर उठाया. उन्होंने कहा कि झारखंड की मांग जायज है। राज्य के विकास के लिए यह राशि जरूरी है. उन्होंने झारखंड के बीजेपी सांसदों से झारखंड की इस मांग पर आवाज बुलंद करने की अपील की। हेमंत सोरेन के इस वक्तव्य पर झारखंड बीजेपी के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, ्झामुमो हवा-हवाई बातें कर केंद्र सरकार पर 1.36 लाख करोड़ का बकाया रखने का निराधार और भ्रामक आरोप लगा रहा है। अगर झामुमो के पास इस आंकड़े को लेकर कोई ठोस प्रमाण है, तो वे पूरे दस्तावेज और तथ्यों के साथ जनता के सामने रखें. झामुमो को स्पष्ट करना चाहिए कि राशि किस मद की है। कब से लंबित है और किन परिस्थितियों में यह दावा किया जा रहा है। मरांडी ने हेमंत सोरेन को सीधे तौर पर चुनौती देते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, ्झूठे आरोपों और गलत आंकड़ों के सहारे केंद्र सरकार पर दोषारोपण करने की बजाय झारखंड की असल समस्याओं पर ध्यान दीजिए। बिना प्रमाण और आधारहीन आरोप लगाकर झारखंड की जनता को भ्रमित करने का यह खेल अब बंद होना चाहिए।

उन्होंने आगे लिखा, ्केंद्र सरकार पर अनर्गल आरोप लगाकर आप अपनी विफलताओं को छिपा सकते हैं। जनता को गुमराह करने की राजनीति से झारखंड का भला नहीं होगा। पूरे तथ्य और प्रमाण के साथ शुचिता की राजनीति करना सीखिए। हेमंत सोरेन ने इस पर बाबूलाल को जवाब दिया, ्हम झारखंडियों की मांग हवा-हवाई नहीं है आदरणीय बाबूलाल जी। यह हमारे हक, हमारी मेहनत का पैसा है। झारखंडी हकों का आपका यह विरोध वाकई दुखद है। जब आपको अपने संगठन की पूरी ताकत लगाकर हमारे साथ खड़ा होना था, आप विरोध में खड़े हो गए. खैर, हम अपना हक अवश्य लेंगे, क्योंकि यह पैसा हर एक झारखंडी का हक है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, ्झारखंडियों के हक में इस बकाया राशि का एक-एक रुपये का विस्तृत ब्रेकअप केंद्र सरकार को कई बार दिया जा चुका है, फिर भी बीजेपी सरकार द्वारा इसे लगातार नकारना हमारे अधिकारों पर किया जाने वाला एक कुंठित प्रयास है। हम इसे होने नहीं देंगे। झारखंड बीजेपी अगर इस मुद्दे पर हम झारखंडियों के साथ अपनी आवाज बुलंद नहीं करती है तो यह साफ माना जाएगा कि इस हकमारी में उनकी बराबर की सहभागिता है।

बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को एक बार फिर इसे लेकर हेमंत सोरेन से कई सवाल पूछे। उन्होंने लिखा, ्हेमंत सोरेन की सरकार से मेरा सीधा सवाल : यह बकाया किस-किस साल का है और किस योजना-परियोजना का है।1.36 लाख करोड़ की राशि का आधार क्या है। यूपीए शासनकाल और शिबू सोरेन जी के कोयला मंत्री रहते हुए कितनी राशि वसूली गई थी। पारदर्शिता क्यों नहीं। झारखंड के भ्रष्टाचार से भरे इतिहास को देखते हुए, जनता सब कुछ जानना चाहती है। सही दस्तावेज और तथ्यों को पारदर्शिता के साथ सामने रखें, तब बात करें। जहां भी जरूरत होगी, हम आपके साथ खड़े होंगे। लेकिन, झूठे आंकड़े और फर्जी दावे बर्दाश्त नहीं होंगे।

# गैर झारखंडियों को चिन्हित कर रहे हैं, फर्जी आंदोलनकारी : प्रभाकर तिर्की

बिभा संवाददाता



**रांची।** कुछ स्वार्थी तत्व आंदोलनकारी संगठन के नाम पर आंदोलनकारियों को गुमराह कर उनसे पैसे वसूली का कार्य कर रहे हैं तथा वैसे लोगों को भी झारखंड आंदोलनकारी के रूप में चिन्हित करने का कार्य कर रहे हैं, जो कभी आंदोलनकारी नहीं रहे। सच तो यह है कि आज भी आंदोलन में शामिल हजारों लोग आंदोलनकारी के रूप में राज सरकार द्वारा चिन्हित नहीं हो पाए हैं। यह भी सूचना मिल रही है कि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के नाम पर कुछ लोक सक्रिय हैं और आंदोलनकारियों से अवैध रूप से एक मुश्त राशि की उगाही कर रहे हैं। इस क्रम में एक मुश्त राशि लेकर गैर आंदोलनकारियों को भी आंदोलनकारी के रूप में चिन्हित करने का काम किया जा रहा है। उक्त बातें शुक्रवार को झारखंड आंदोलनकारी क्रांति मोर्चा के नेता प्रभाकर तिर्की ने कचहरी चौक स्थित मोर्चा के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कही। श्री तिर्की ने कहा कि वर्तमान में यह बात सामने आई है कि संगठन के द्वारा आंदोलनकारी सम्मान पत्र देने की कार्रवाई की जा रही है और उन्हें कई प्रकार से गुमराह किया जा रहा है। इस सम्मान पत्र में कुछ वरीय आंदोलनकारी एवं विधायकों का भी उनकी सहमति के बिना नाम डाल दिया गया है एवं उनका हस्ताक्षर भी कर दिया गया है, जो पूरी तरह से फर्जी है। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी क्रांति मोर्चा ऐसे संगठनों और उसके नेताओं के खिलाफ झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग एवं गृह विभाग और राज्य सरकार के पास शिकायत दर्ज कराएगी। आवश्यकता पड़ी तो उनके द्वारा किए जा रहे फजीर्वाड़े के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा।

# बर्जर और इंडिगो पेंट्स पर नुवामा की नजर

**- एशियन पेंट्स को शहरी मंदी और नई प्रतिस्पर्धा से चुनौती**

**मुंबई ।** आदित्य बिड़ला और जेएसडब्ल्यू जैसे समूहों की दस्तक से पेंट सेक्टर में प्रतिस्पर्धा दिखाई देने लगी है। हालांकि कुछ ब्रोकरेज चुनिंदा शेयरों जैसे नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज बर्जर पेंट्स और इंडिगो पेंट्स पर दांव लगा रहे हैं। घरेलू ब्रोकरेज पेंट उद्योग में छोटी कंपनियों पर नजर लगाए हुए हैं, जो उद्योग की दिग्गज कंपनी एशियन पेंट्स से बर्जर और इंडिगो की ओर प्राथमिकता में बदलाव देखा जा सकता है। ब्रोकरों को दूसरी छमाही में नई कंपनियों में चमकदार संभावनाएं दिख रही हैं जबकि एशियन पेंट्स के लिए चुनौती दिखती है। नुवामा के एक विश्लेषक एशियन पेंट्स की बड़े शहरों में ज्यादा बिक्री को प्रमुख कारक मानते हैं। उनका कहना कि शहरी इलाके बढ़ती खाद्य मुद्रास्फीति, बढ़ते आवास किराये, धीमी वेतन वृद्धि और बढ़ते ब्याज भुगतान जैसी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। ये कारक मांग पर भारी असर डाल रहे हैं। एशियन पेंट्स को ऊंचे आधार प्रभाव और पूरे भारत में दिग्गज कंपनी बने रहने की चुनौती का भी सामना करना पड़ रहा है। शहरी बाजारों में बिड़ला ओपस जैसों के उतरने से एशियन पेंट्स पर ज्यादा दबाव आ गया है। दिलचस्प बात यह है कि इन चुनौतियों ने बर्जर और इंडिगो को उतना प्रभावित नहीं किया है। विश्लेषकों का मानना है कि उनके अपेक्षाकृत छोटे पैमाने और क्षेत्रीय फोकस ने उन्हें बड़े शहरी क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा के तत्काल दबाव से बचाया है। इस कारण पेंट सेक्टर में वे नुवामा की पसंदीदा बन गई हैं जिसने दोनों शेयरों को खरीदें रेटिंग दी है। ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के अनुसार हालांकि केवल एक-चौथाई विश्लेषक ही एशियन पेंट्स और बर्जर को लेकर आशावादी हैं। ब्रोकरेज फर्मों को बर्जर में अधिक तेजी की संभावना नजर आ रही है। कन्साई नेरोलक और एक्जोनोबेल में भी उन्हें बढ़त दिख रही है। एशियन पेंट्स के मुकाबले बर्जर और इंडिगो बढ़त क्यों बना रहे हैं? इसे लेकर विश्लेषकों ने अपना नजरिया पेश किया है।



# जीएसटी की बैठक में मध्यस्थ सेवाओं को शून्य दर में लाने का प्रस्ताव

**- ब्रोकर, एजेंट और ऑनलाइन पोर्टलों को मिल सकती है राहत**

**नई दिल्ली ।** जीएसटी परिषद की महत्वपूर्ण बैठक में मध्यस्थ सेवाओं को शून्य दर में लाने का प्रस्ताव गूंज रहा है। जो ब्रोकर, एजेंट और ऑनलाइन पोर्टलों को राहत दिखा सकता है। यह प्रस्ताव एमएसटीसी, ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स, एमजंक्शन जैसे पोर्टलों को भी लाभ पहुंचा सकता है। इस प्रस्ताव से भारतीय मध्यस्थों को विदेशी प्रतिस्पर्धियों के साथ समान स्तर पर काम करने का मौका मिल सकता है। इसके साथ ही इस प्रस्ताव से इन मध्यस्थ सेवा प्रदाताओं को 3357 करोड़ रुपये की कर देयता से छुटकारा भी मिल सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस प्रस्ताव से ब्रोकर और एजेंट को बड़ी राहत मिलेगी, जिन्हें जीएसटी देनदारियों का भुगतान करने में समस्याएं थी। नई व्यवस्था में आपूर्तिकर्ताओं के लिए वित्तीय बोझ कम होगा और उन्हें जीएसटी देनदारियों पर नजर रखने में मदद मिलेगी। यह सुनिश्चित किया जाता है कि जीएसटी प्रणाली और इनपुट टैक्स क्रेडिट की प्रक्रिया में सुधार के बावजूद, उत्तराधिकारियों को वित्तीय सहायता पर ध्यान दिया जा रहा है। यह प्रस्ताव व्यवसायों को अधिक सुविधाएं और सामर्थ्य प्रदान कर सकता है।

# स्मार्टफोन रियलमी 14एक्स 5जी भारत में लॉन्च



**नई दिल्ली ।** चाइनीज कंपनी रियलमी ने अपना लेटेस्ट बजट स्मार्टफोन रियलमी 14एक्स 5जी भारत में लॉन्च कर दिया है। फोन की कीमत रुपए 15,000 के आसपास होने का अनुमान है, और यह सेगमेंट में सबसे किफायती 5जी स्मार्टफोन में से एक हो सकता है। रियलमी 14एक्स 5जी स्मार्टफोन ई-कॉमर्स साइट फलीपकार्ट पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। यह स्मार्टफोन तीन रंगों - क्रिस्टल ब्लैक, गोल्डन ग्लो और ज्वेल रेड - में पेश किया जाएगा, जिससे आप अपनी पसंद के रंग में इसे खरीद सकते हैं। रियलमी 14एक्स 5जी में मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 प्रोसेसर का उपयोग किया गया है, जो इस फोन को 8जीबी रैम और 128जीबी इंटरनल स्टोरेज के साथ बेहतर प्रदर्शन देता है। इसके अलावा, यूजर्स 10जीबी वर्चुअल रैम का फायदा भी उठा सकते हैं, जिससे मल्टीटास्किंग में कोई परेशानी नहीं होगी। डिवाइस में 6.72-इंच फुल एचडी+ आईपीएस एलसीडी डिस्प्ले हो सकता है, जो 120 एचझेड रिफ्रेश रेट के साथ आता है, जिससे बेहतर और स्मूथ विजुअल एक्सपीरियंस मिलेगा। फोटोग्राफी के शौकिनों के लिए, इस स्मार्टफोन में डुअल कैमरा सेटअप हो सकता है, जिसमें 50MP का प्राइमरी सेंसर होगा। हालांकि, दूसरे सेंसर के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है, लेकिन यह फोन फोटो और सेल्फी के मामले में भी अच्छा प्रदर्शन करेगा, ऐसी उम्मीद है। रियलमी 14एक्स 5जी में 6000 एमएएच बैटरी हो सकती है, जो 45वॉट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ आती है।

इसका मतलब है कि आप लंबे समय तक अपने फोन का इस्तेमाल कर सकते हैं और जल्दी चार्ज भी कर सकते हैं। अगर आप एक किफायती और लंबी बैटरी लाइफ वाले स्मार्टफोन की तलाश में हैं, तो रियलमी 14एक्स 5जी आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। यह स्मार्टफोन एंड्राएड 14 आधारित रियलमी यूआई 5.0 पर चलेगा और आईपी69 रेटिंग के साथ आएगा, जिससे यह पानी और धूल से सुरक्षित रहेगा।

# यूपी, हरियाणा और बिहार में भी चढ़े पेट्रोल-डीजल के भाव

**ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़त के साथ 72.88 डॉलर प्रति बैरल**



**नई दिल्ली ।** कच्चे तेल की कीमतों में आए बदलाव का असर शुक्रवार सुबह कुछ शहरों में काफी ज्यादा देखने को मिला। वैश्विक बाजार में क्रूड ऑयल एक बार फिर बढ़कर 73 डॉलर के करीब पहुंच गया है। इस बीच सरकारी तेल कंपनियों की ओर से जारी पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में भी बड़ा उतार-चढ़ाव दिख रहा है। शुक्रवार को यूपी, बिहार और हरियाणा के शहरों में भी तेल की कीमतों में उछाल आया है।

हालांकि, दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में तेल कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार, यूपी के बहराइच जिले में पेट्रोल 1.20 रुपये महंगा होकर 96.13 रुपये, डीजल भी 1.07 रुपये चढ़कर 89.17 रुपये लीटर, बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 11 पैसे महंगा हुआ और 105.34 रुपये लीटर हो गया, जबकि डीजल 10 पैसे चढ़कर 92.19 रुपये लीटर पहुंच गया है। हरियाणा की राजधानी गुरुग्राम में पेट्रोल 3 पैसे चढ़कर 95.07 रुपये लीटर तो डीजल 3 पैसे चढ़कर 87.93 रुपये लीटर बिक रहा है। कच्चे तेल की बात करें तो बीते 24 घंटे में इसकी कीमतों में भी उछाल दिख रहा है। ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़त के साथ 72.88 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई भी गिरकर 69.91 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपये और डीजल 89.82 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है। इन शहरों में बदल गए रेट - बहराइच में पेट्रोल 96.13 रुपये और डीजल 89.17 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 105.34 रुपये और डीजल 92.19 रुपये प्रति लीटर हो गया है। गुरुग्राम में पेट्रोल 95.07 रुपये और डीजल 87.93 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# भारत ने 2024 में सबसे बड़े प्रेषण प्राप्तकर्ता के रूप में रचा इतिहास: विश्व बैंक

**- वर्ष 2024 में प्रेषण की वृद्धि दर 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान**

**नई दिल्ली ।** भारत ने 2024 में नौकरी बाजारों में पुनर्निर्माण के कारण अपेक्षित 129 अरब डालर के प्रेषण के साथ सबसे बड़े प्रेषण प्राप्तकर्ता के रूप में अपनी धाक जमाई। यह जानकारी विश्व बैंक द्वारा जारी किए गए आंकड़ों में साझा की गई है। इस उच्च स्तरीय प्रेषण के पीछे भारत के अविरल संवेदनशीलता, भरोसेमंद नौकरी बाजार, और अर्थव्यवस्था की मजबूती का सामर्थ्य है। इसके बाद इस श्रेणी में मेक्सिको, चीन, फिलीपींस और पाकिस्तान स्थान रहे। वर्ष 2024 में प्रेषण की वृद्धि दर 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो 2023 की 1.2 प्रतिशत की दर से काफी अधिक है। विश्व बैंक के अर्थशास्त्रियों के मुताबिक उच्च-आय वाले देशों में सुधार और महामारी के बाद आर्थिक सहयोग ने प्रेषणों में इस वृद्धि को प्रोत्साहित किया। विश्व बैंक ने देशों से उचित कार्रवाई की मांग की है ताकि प्रेषणों की स्थिरता और आकार बनाए रखा जा सके और इससे गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए फायदे हो सकें। उन्होंने भविष्य में दक्षिण एशिया में प्रेषण के मामले में अग्रणी भूमिका की उम्मीद जताई है, विशेष रूप से भारत, पाकिस्तान, और बांग्लादेश के सजीव प्रेषण प्रवाह के कारण। अंततः विश्व बैंक के व्यापक अध्ययन से प्रकट होता है कि 2024 में भारत ने दिखाया है कि वह आर्थिक उत्कृष्टता और उन्नति के मामले में विश्व में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।




## अदाणी समूह बिहार में अत्याधुनिक बिजलीघर लगाएगा प्रणव अदाणी

**- कंपनी बिजली संयंत्र पर करेगी 20,000 करोड़ का निवेश**

**पटना ।** गौतम अदाणी के नेतृत्व में अदाणी समूह ने बिहार में 20,000 करोड़ रुपये के निवेश कर एक अत्याधुनिक बिजलीघर की स्थापना करने की घोषणा की है। साथ ही समूह अपने सीमेंट, खाद्य प्रसंस्करण तथा लॉजिस्टिक कारोबार का भी विस्तार करने जा रहा है। अदाणी एंटरप्राइजेज` लिमिटेड के निदेशक प्रणव अदाणी ने इस बताया कि समूह ने पहले ही लॉजिस्टिक, गैस वितरण, और कृषि लॉजिस्टिक क्षेत्र में 850 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इस निवेश से 27,000 नौकरियों का सृजन होगा। अदाणी समूह की योजनाएं बिहार के औद्योगिक विकास को गति देने की दिशा में कदम बढ़ा रही हैं। गौतम अदाणी ने हाल ही में बिहार में औद्योगिक विकास के लिए और भी 1,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर विनिर्माण में भी निवेश किया जा रहा है, जिससे 4,000 नौकरियों का सृजन होगा। इस समाचार से स्पष्ट है कि अदाणी समूह गतिशीलता और विकास के साथ-साथ रोजगार के अवसरों का भी संरक्षण कर रहा है।

## सन पेट्रोकेमिकल्स बिहार में 36,700 करोड़ का करेगी निवेश



**पटना ।** सन पेट्रोकेमिकल्स ने बिहार सरकार के साथ एक समझौते पर शुक्रवार को हस्ताक्षर किए जिसमें अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में 36,700 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई गई है। सन पेट्रोकेमिकल्स के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यहां 'बिहार बिजनेस कनेक्ट' 2024 निवेशक शिखर सम्मेलन में कहा कि हम अक्षय ऊर्जा तथा भंडारण बुनियादी ढांचे में 36,700 करोड़ रुपये का निवेश कर रहे हैं। मैं इस अवसर का इस्तेमाल राज्य में निवेशकों की भावना तथा माहौल में आए महत्वपूर्ण बदलाव की सराहना करने के लिए करना चाहता हूं, जो हमें इस और आगामी परियोजनाओं में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि चालू होने से पहले ही ये परियोजनाएं 30,000 से अधिक नौकरियों का सृजन करेंगी।

## इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल का शेयर 22 प्रतिशत बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**- 25.89 प्रतिशत चढ़कर 525 रुपये पर पहुंच गया**

**नई दिल्ली ।** हीरा कारोबार से जुड़ी कंपनी इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टिट्यूट (इंडिया) लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 417 रुपये से 22 प्रतिशत से अधिक उछाल के साथ शुक्रवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 21 प्रतिशत की बढ़त के साथ 504.85 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। इसके बाद यह 25.89 प्रतिशत चढ़कर 525 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर इसे 22.30 प्रतिशत चढ़कर 510 रुपये पर शुरुआत की। कंपनी का बाजार पूंजीकरण 20,523.26 करोड़ रुपये रहा। जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट इंडिया लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को पिछले मंगलवार को बोली के अंतिम दिन तक 33.78 गुना अभिदान मिला था। कंपनी ने 4,225 करोड़ रुपये के अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 397-417 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया था।

## धारावी पुनर्विकास योजना- अदाणी समूह को निविदा दिए जाने के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**याचिका संयुक्त अरब अमीरात की सेकलिंक टेक्नोलॉजीज ने की थी दायर**

**मुंबई ।** बंबई उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को मुंबई के धारावी झुग्गी बस्ती के पुनर्विकास परियोजना को अदाणी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को दिए जाने के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया। यह याचिका संयुक्त अरब अमीरात स्थित सेकलिंक टेक्नोलॉजीज कॉरपोरेशन द्वारा दायर की गई थी। उन्होंने अदाणी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को परियोजना देने के राज्य सरकार के फैसले को चुनौती देने के लिए याचिका दाखिल की थी। मुख्य न्यायाधीश डी. के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की खंडपीठ ने याचिका को खारिज करते हुए कहा कि यह मामला कोई आधार पर नहीं है। अदाणी समूह ने धारावी पुनर्विकास परियोजना के लिए 259 हेक्टेयर के लिए सबसे अधिक बोली लगाई थी और 2022 में 5,069 करोड़ रुपये की पेशकश के साथ इसे हासिल किया था। सेकलिंक टेक्नोलॉजीज ने 2018 की निविदा को रद्द करने के बाद अदाणी को इस परियोजना के लिए नई निविदा देने की चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने यह फैसला सुनाते हुए कहा` कि याचिका में उठाए गए आधारों में दम नहीं है। सरकार के निविदा को रद्द करने और अदाणी को प्रोजेक्ट देने में यह चुनौती व्यर्थ रही।

## एचसीसी ने क्यूआईपी के जरिये 600 करोड़ जुटाए

नई दिल्ली । हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (एचसीसी) ने पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये 600 करोड़ रुपये जुटा लिए हैं। कंपनी ने कहा` कि क्यूआईपी 16 दिसंबर को खुला और 19 दिसंबर को बंद हुआ। इसे जोरदार प्रतिक्रिया मिली और इसके खुलने के कुछ ही घंटों के भीतर इसे पूर्ण अभिदान प्रापत हुआ। इसमें कहा गया` कि एचसीसी ने 43.01 रुपये प्रति शेयर के निर्गम मूल्य पर शेयर जारी कर 600 करोड़ रुपये जुटाए जिसमें 42.01 रुपये प्रति शेयर का प्रीमियम भी शामिल है। एचसीसी परिवहन, बिजली और जल क्षेत्रों में काम करती है।

## माइक्रोमैक्स और फिसन ने भारत में स्टोरेज चिपसेट मॉड्यूल के लिए किया समझौता

**- माइक्रोमैक्स की 55 फीसदी और फिसन की 45 फीसदी हिस्सेदारी है**

**मुंबई ।** माइक्रोमैक्स इंफॉर्मेटिक्स और फिसन ने कृत्रिम मेधा आधारित स्टोरेज चिपसेट मॉड्यूल के लिए उद्यम की स्थापना की है। इस संयुक्त उद्यम का नाम एमआईपीएचआई है। माइक्रोमैक्स इंफॉर्मेटिक्स के एक अ धिकारी ने बताया कि नए संयुक्त उद्यम ने नोएडा संयंत्र में उत्पादन शुरू कर दिया है। स्टोरेज चिपसेट का उपयोग सर्वर के लिए किया जाएगा। अ धिकारी ने इस साझेदारी के बारे में बताया कि माइक्रोमैक्स की 55 फीसदी और फिसन की 45 फीसदी हिस्सेदारी है। उन्होंने कहा कि इसे एआई परिदृश्य को बदलने में मदद मिलेगी। इसका लक्ष्य जीपीयू की लागत को कम करना है। यह भी जताया गया कि परीक्षण इसी महीने पूरा होगा और नया उत्पाद 2025 में वाणिज्यिक निर्यात के लिए उपलब्ध होगा। इस संयुक्त उद्यम के माध्यम से, इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी और स्टोरेज चिप कंपनी ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जो भारत के साथ ही अन्य विश्व पारंपरिक बाजारों में भी इनोवेटिव तकनीक को प्रोत्साहित करेगा। यह स्टोरेज चिपसेट मॉड्यूल नवीनतम विकास के सफल साक्षात्कार का परिणाम है, जो कंपनियों के लिए सुरक्षित और एफीशिएंट स्टोरेज समाधान प्रदान करेगा।

# शेयर बाजार भारी गिरावट पर बंद हुआ

**मुम्बई ।** भारतीय शेयर बाजार शुरुवार को भी भारी गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही विदेशी निवेशकों की बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन के अंतिम कारोबारी सत्र में बेंचमार्क इंडेक्स, बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी एक फीसदी से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुए। सभी सेक्टोरल इंडेक्स भी आज गिरावट के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1176.46 अंक करीब 1.49 फीसदी नीचे आकर 78,041.59 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 364.20 अंक तकरीबन 1.52 फीसदी नीचे आकर 23,587.50 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के आज सेंसेक्स के 28 शेयर नीचे आकर लाल निशान पर बंद हुए। टेक महिन्द्रा, एमएंडएम, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक और टाटा मोटर्स सेंसेक्स के सबसे अधिक लाभ वाले शेयर रहे। इसके अलावा, एसबीआई, टीसीएस, एलएंडटी, अल्ट्राटेक सीमेंट, रिलायंस, अदाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, इंफोसिस, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक, एचयूएल, कोटक बैंक, सन फार्मा, जेएसडब्यूय स्टील, एचसीएल टेक मारुति, एशियन पेंट्स, आईटीसी और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी गिरे। दूसरी ओर, सेंसेक्स के केवल 2 शेयर ही बढ़त के साथ हरे निशान पर बंद हुए। नेस्ले इंडिया में 0.12 फीसदी और टाइटन में 0.07 फीसदी की हल्की बढ़त रही। आज सभी क्षेत्रों में बिकवाली का माहौल रहा। निफ्टी रियल्टी, निफ्टी सिलेक्ट टेलीकॉम और निफ्टी वित्तीय सेवाओं में 3 फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा, निफ्टी आईटी, निफ्टी ऑटो और निफ्टी पीएसयू बैंक भी बुरी तरह प्रभावित हुए, जो 2 फीसदी से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी के 45 शेयर नुकसान के साथ बंद हुए। टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक और ट्रेंट में सबसे अधिक गिरावट रही, जिनमें 3.90 फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, सिर्फ 5 स्टॉक्स डॉ. रेड्डीज लैब, टाइटन, नेस्ले इंडिया, एचडीएफसी लाइफ और आईसीआईसीआई बैंक बढ़त के साथ बंद हुए, जिनमें अधिकतम 1.49 फीसदी तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

इससे पहले आज सुबह शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 66.87 अंकों की हल्की बढ़त के साथ 79,284.92 पर कारोबार करता दिखा। वहीं निफ्टी 50 में 22.2 अंकों की गिरावट देखी गई और यह 23,929.50 पर था, जो 0.09 फीसदी की कमजोरी को दर्शाता है। बीएसई सेंसेक्स के 30 में से केवल 8 स्टॉक्स बाजार खुलने के बाद बढ़त पर कारोबार करते दिखे। दूसरी ओर अन्य एशियाई बाजारों में गिरावट देखी गई। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.7 फीसदी और ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 1.1 फीसदी नीचे आ गया। अमेरिका में तीसरी तिमाही के आर्थिक आंकड़ों ने मजबूत उपभोक्ता खर्च के चलते 3.1 फीसदी की जीडीपी में वृद्धि दिखाई, जो पहले के 2.8 फीसदी अनुमान से ज्यादा थी।

हालांकि, अमेरिकी बाजारों में मिला-जुला रुख रहा। डॉव जोंस ने 0.04 फीसदी की मामूली बढ़त के साथ अपनी लंबी गिरावट को रोका, जबकि एसएंडपी P 500 में 0.09 फीसदी और नैस्डैक में 0.10 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।




# आज जीवन व स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर कर की दर में कमी पर होगा फैसला

**जीएसटी परिषद 55वीं बैठक राजस्थान में**

**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद शनिवार को होने वाली अपनी बैठक में जीवन व स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर कर की दर कम करने, महंगी कलाई घड़ियों, जूतों और परिधानों पर कर की दर बढ़ाने और अहितकर वस्तुओं के लिए अलग से 35 प्रतिशत कर लगाने पर विचार करेगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक में करीब 148 वस्तुओं में दर में फेरबदल पर चर्चा होगी। इसके अलावा, विमानन उद्योग की परिचालन लागत के एक प्रमुख घटक एविएशन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में लाने पर भी विचार-विमर्श होगा। स्विगी और जोमैटो जैसे खाद्य वितरण मंचों पर जीएसटी दर को वर्तमान 18 प्रतिशत (आईटीसी के साथ) से घटाकर पांच प्रतिशत (इनपुट टैक्स क्रेडिट के बिना) करने का प्रस्ताव है।

सूत्रों ने बताया कि फिटमेंट कमेटी (जिसमें केंद्र और राज्यों के कर अधिकारी शामिल हैं) ने इस्तेमाल की गई इलेक्ट्रिक गाड़ियों के साथ-साथ छोटे पेट्रोल तथा डीजल वाहनों की बिक्री पर मौजूदा 12 से 18 प्रतिशत तक की दर बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है। इस बढ़ोतरी से पुरानी छोटी कारें और इलेक्ट्रिक वाहन पुराने बड़े वाहनों के बराबर हो जाएंगे। इसके अलावा, जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर पर मंत्रियों के समूह (जीओएम) को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए जून 2025 तक 6 माह का विस्तार मिलने की संभावना है। क्षतिपूर्ति उपकर व्यवस्था मार्च 2026 में समाप्त हो जाएगी और जीएसटी परिषद ने उपकर के भविष्य के पाठ को तय करने के लिए केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के नेतृत्व में मंत्रियों की एक समिति का गठन किया है। जीएसटी व्यवस्था में, अहितकर वस्तुओं पर 28 प्रतिशत कर के अलावा विभिन्न दरों पर क्षतिपूर्ति उपकर लगाया जाता है।

उपकर से प्राप्त आय जिसे मूल रूप से जीएसटी लागू होने के बाद पांच साल या जून 2022 तक के लिए नियोजित किया गया थाज्इसका इस्तेमाल जीएसटी लागू होने के बाद राज्यों को हुए राजस्व नुकसान की भरपाई के लिए किया गया।

## पुष्पा ने जड़ा जोरदार थप्पड़; क्या होगा इसका नतीजा



मुंबई : सोनी सब का शो पुष्पा इम्पॉसिबल पुष्पा के एक घटना में बद्रीनाथ, जिसे स्टेपलर के नाम से भी जाना जाता है, वरुण का बटुआ चुरा लेता है, जब वह दीप्ति से ऑफिस की फाइल लेने चॉल जाता है। हालांकि, पुष्पा को पता चल जाता है और वह बद्रीनाथ को समझाती है कि चोरी करना गलत है, और उसे बेहतर काम करने की ओर ले जाती है। आगामी एपिसोड में बादशाह दिलीप के कमरे से एक लाख रुपये चुराने की योजना बनाता है, उम्मीद करता है कि वह पकड़े बिना ऐसा कर लेगा। हालांकि, उसकी योजना एक अप्रत्याशित मोड़ लेती है, जब पुष्पा को पता चल जाता है कि वह क्या करने की सोच रहा है। उसकी हरकतों से परेशान होकर पुष्पा को गुस्सा आ जाता है और वह गुस्से में ही उसे थप्पड़ लगा देती है। पुष्पा अपना दोष महसूस होता है और वह खुद को ही दोषी मानने लगती है। उसे अपनी प्रतिक्रिया पर पछतावा होता है। इस बीच, बादशाह थप्पड़ को व्यक्तिगत रूप से लेता है और बहुत आहत हो जाता है और पुष्पा से बदला लेने की योजना बनाना शुरू कर देता है।

# अंडर-19 महिला एशिया कप : भारत ने श्रीलंका को हराकर फाइनल में बनाई जगह, अब खिताब पर नजरें

**कुआलालंपुर (एजेंसी)।** बाएं हाथ की स्पिनर आयुषी शुक्ला ने शानदार 4 विकेट लेकर भारत को शुक्रवार को बेयूमास क्रिकेट ओवल में श्रीलंका को 4 विकेट से हराकर अंडर-19 महिला एशिया कप के फाइनल में प्रवेश दिलाया। भारत की पिछली सुपर फोर जीत में बांग्लादेश के खिलाफ तीन विकेट लेने वाली आयुषी ने 4-10 के आंकड़े हासिल किए और श्रीलंका को 20 ओवरों में 98/9 पर सीमित करने में अहम भूमिका निभाई।

उन्हें साथी बाएं हाथ की स्पिनर परुनिका सिसोदिया का अच्छा साथ मिला जिन्होंने दो विकेट लिए, जबकि शबनम शकील और द्रिथी केसरी ने एक-एक विकेट लिया, क्योंकि मनुदी नानायकारा के 33 रन को छोड़कर श्रीलंका की कोई भी बल्लेबाज 25 तक नहीं पहुंच सकी। ईश्वरी अवसारे और सानिका चालके को जल्दी खोने के बावजूद जी त्रिशा और जी कमलिनी ने सुनिश्चित किया कि 99 रन का पीछा करने की भारत की कोशिश पटरी पर रहे।

2023 महिला अंडर 19 टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम की सदस्य त्रिशा ने 24 गेंदों में 32 रन बनाए और जी कमलिनी के साथ 63 रनों की साझेदारी की जिन्होंने 26 गेंदों में 28 रन बनाए। श्रीलंका ने मैच में वापसी की क्योंकि चामुदी मुनासिंघे ने त्रिशा को आउट कर दिया लेकिन शांत और धैर्यवान मिथिला विनोद ने चार चौके लगाए जिसमें विजयी रन भी शामिल था, और 12 गेंदों पर 17 रन बनाकर नाबाद रहीं जिससे भारत ने 14.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

आयुषी को उनके चार चौकों के लिए अंततः प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भारत अब रविवार को बयूमास क्रिकेट ओवल में होने वाले टूर्नामेंट के उद्घाटन संस्करण के खिताबी मुकाबले में बांग्लादेश-नेपाल सुपर फोर गेम के विजेता से भिड़ेगा।



# चौथे और पांचवें टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान, 19 साल का युवा टीम में शामिल



**लुसैल (कतर) (एजेंसी)।** मेलबर्न = ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के चौथे और पांचवें टेस्ट के लिए टीम की घोषणा कर दी है। युवा सैम कोंस्टास को आस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया जबकि सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी को जगह नहीं मिल सकी है। 19 वर्ष के कोंस्टास पिछले 70 साल में ऑस्ट्रेलिया के सबसे युवा टेस्ट बल्लेबाज होंगे। पहले तीन टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के शीर्षक्रम खासकर मैकस्वीनी के खराब प्रदर्शन के बाद कोंस्टास को टीम में जगह मिली।

पर्थ में पहले टेस्ट में पदार्पण करने वाले 25 वर्ष के मैकस्वीनी एक भी अर्धशतक नहीं लगा सके और छह पारियों में 10, 0, 39, नाबाद 10, 9 और चार स्कोर किया। वहीं कोंस्टास ने न्यू साउथवेल्स के लिए शेफील्ड शील्ड के दो मैचों में शतक जमाया। भारत ए के खिलाफ एमसीजी पर मैच में उन्होंने नाबाद 73 रन बनाए जबकि कैनबरा में भारत के खिलाफ प्रधानमंत्री एकादश के लिए गुलाबी गेंद के मैच में 107 रन की पारी खेली।

ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, 'सैम को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। उसकी बल्लेबाजी की शैली अलग है। हमें विश्वास है कि नाथन के पास काबिलियत है और उसे भविष्य में टेस्ट क्रिकेट में और मौके मिलेंगे। उसे बाहर रखने का फैसला कठिन था।'

**चौथे और पांचवें टेस्ट के लिए आस्ट्रेलियाई टीम**

पैट कमिंस (कप्तान), सीन एबोट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, झाय रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर।

# पृथ्वी को एमसीए ने करार जवाब दिया, अनुशासन में रहें



**-फिटनेस और रवैया सुधारें**

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने विजय हजारे ट्रॉफी के लिए टीम में शामिल नहीं किये जाने पर आलोचना कर रहे बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को करारा जवाब दिया है। एमसीए के एक अधिकारी ने कहा कि पृथ्वी ने लगातार अनुशासन तोड़ा है और उसकी हरकतों से हमें शर्मिंदा होना पड़ता है। इसलिए टीम से बाहर किसे जाने का कारण स्वयं वह है। एमसीए ने कहा कि पृथ्वी स्वयं ही अपना दुशमन है। खराब फिटनेस, रवैये और अनुशासन के कारण कई बार टीम को मैदान पर उसे छुपाना तक पड़ा है।

इससे पहले इस युवा क्रिकेटर ने 16 सदस्यीय विजय हजारे ट्रॉफी टीम में जगह नहीं मिलने पर सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी नाराजगी जतायी थी। इस क्रिकेटर का कहना है कि इससे पहले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतने वाली मुंबई टीम में वह शामिल था। अधिकारी ने कहा, 'सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में हम 10 फील्डरों के साथ खेल रहे थे क्योंकि पृथ्वी को छिपाना पड़ता था। गेंद उसके पास से निकल जाती थी और वह पकड़ नहीं पाता था। उन्होंने कहा, 'बल्लेबाजी के दौरान भी उसे गेंद तक पहुंचने में परेशानी हो रही थी। उसकी फिटनेस, अनुशासन और रवैया खराब है और अलग-अलग खिलाड़ी के लिए अलग नियम नहीं हो सकते। टीम में सीनियर खिलाड़ी भी उसके रवैये की शिकायत करने लगे थे।

ट्रॉफी के दौरान वह नियमित तौर पर अभ्यास सत्रों से गायब रहे और पूरी रात बाहर रहने के बाद सुबह छह बजे टीम होटल पहुंचते थे। अधिकारी ने कहा कि मैदान से बाहर की हरकतों के कारण ही ये क्रिकेटर अपनी प्रतिभा के साथ न्याय नहीं कर पा रहा है। इसलिए उसे सोशल मीडिया पोस्ट भेजने की जगह अपने को ठीक करना चाहिये।

# पाकिस्तान का ऑलराउंड प्रदर्शन, दक्षिण अफ्रीका को बड़े अंतर से हराया



**केपटाउन (एजेंसी)।** कप्तान मोहम्मद रिजवान (80), बाबर आजम (73) और कामरान गुलाम (63) रनों की अर्धशतकीय पारियों के बाद शाहीन शाह अफरीदी (चार विकेट) तथा नसीम शाह (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 81 रनों से शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है।

पाकिस्तान के 329 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान तेम्बा बवूमा और टोनी डीजॉर्जी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 34 रन जोड़े। छठे ओवर में नसीम शाह ने तेम्बा बवूमा (12) को आउट कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद 12वें ओवर में अबरार अहमद ने डीजॉर्जी (34) को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को दूसरा झटका दिया।

रासी वान दर दुसें (23), एडन मारक्रम (21) और डेविड मिलर (29) रन बनाकर आउट हुई। हाइनरिक क्लासन ने 74 गेंदों में आठ चौकों और चार छक्को की मदद से (94) रनों की पारी खेली। पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे इसके बाद दक्षिण अफ्रीका का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका। दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 43.1 ओवर में 248 रन पर सिमट गई। कामरान गुलाम को उनकी आतिशी बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच% से नवाजा गया। पाकिस्तान की ओर से शाहीन शाह अफरीदी ने चार विकेट तथा नसीम शाह ने तीन विकेट लिए। अबरार अहमद को दो विकेट मिले। आगा सलमान ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले कल देर रात खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 330 रनों का लक्ष्य दिया था। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में अब्दुल्लाह शफीक (पांच) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाज करने आये बाबर आजम ने सईम अयूब के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 10वें ओवर में वेना मफाका ने सईम अयूब (25) को आउट कर पाकिस्तान को दूसरा झटका दिया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान मोहम्मद रिजवान ने बाबर आजम के साथ तीसरे विकेट के लिए 115 रनों की साझेदारी की। तीसरे विकेट के रूप में बाबर आजम (73) रन बनाकर आउट हुये। आगा सलमान (33), इरफान खान (15) और शाहीन शाह अफरीदी (16) रन बनाकर आउट हुए। मोहम्मद रिजवान ने 82 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुए (80) रन बनाए। वही कामरान गुलाम ने 32 गेंदों में चार चौक और पांच छक्कों की मदद से तूफानी अंदाज में (63) रनों की पारी खेली। पाकिस्तान की पूरी टीम निर्धारित 50 ओवरों में 329 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की ओर से वेना मफाका ने चार विकेट लिए। माकर यानसन को तीन विकेट मिले। ब्योर्न फोर्टेन और एंडिले फेहुक्कायो ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# मेरे करियर के अंतिम दिन का कॉल लॉग ऐसा अंदाजा नहीं था : अश्विन

चेन्नई। अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय से संन्यास वाले दिन को याद कर कहा है कि अगर किसी ने मुझसे 25 साल पहले कहा होता कि इस दिन मेरे पास स्मार्ट फोन होगा और बतौर भारतीय क्रिकेटर मेरे करियर के आखिरी दिन का कॉल लॉग ऐसा होगा तो मैं मुझे उसी दिन हार्ट अटैक आ गया होता। अश्विन ने तीसरे टेस्ट मैच के ठीक बाद अचानक ही संन्यास की घोषणा कर दी थी। उनके संन्यास से खेलजगत हैरान रह गया था. किसी को भी अंदाजा नहीं था कि जिस गेंदबाज ने 537 टेस्ट विकेट लिए हैं, वह क्रिकेट से इस प्रकार संन्यास ले लेगा। टीम में शामिल तो अश्विन के फैसले से हैरान ही थी, अश्विन को संन्यास लेने के बाद दिग्गज क्रिकेटरों ने भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। अश्विन ने अपने अंतिम दिन के कॉल लॉग का स्क्रीनशॉट भी सोशल मीडिया पर साझा किया है। इसमें अश्विन के पिता के अलावा 4 लोगों के नाम देखे जा सकते हैं। इन 4 नामों में सचिन तेंदुलकर और कपिल देव शामिल हैं1 वहीं दो अन्य नाम चीना और सुद हैं। पूर्व कप्तान. कपिल देव ने अश्विन के संन्यास पर हैरानी जताई थी.

# शमी दिल्ली के खिलाफ विजय हजारे टॉफी के शुरुआती मुकाबले से हटे, फिटनेस पर उठे सवाल

कोलकाता। भारतीय क्रिकेट टीम में वापसी का प्रयास कर रहे बंगाल के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी शनिवार को हैदराबाद में दिल्ली के खिलाफ होने वाले विजय हजारे टॉफी के शुरुआती मुकाबले से हट गये हैं। इससे एक बार फिर शमी की फिटनेस पर सवाल उठने लगे हैं। शमी 2023 एकदिवसीय विश्व कप के बाद से ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर हैं। उन्होंने टखने की सर्जरी के एक साल के बाद रणजी ट्रॉफी से घरेलू क्रिकेट में वापसी की थी। इस दौरान उन्होंने अच्छी गेंदबाजी कर करीब सात विकेट लिए।

उन्होंने हाल में समाप्त हुई सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी नौ विकेट लिए थे पर घुटने में आ रही सूजन के कारण वह फिटनेस हासिल नहीं कर पा रहे हैं। इसी कारण उनकी भारतीय टीम में वापसी भी रुकी हुई है। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने भी हाल में कहा था कि शमी जब भी टीम में चाहें वापसी कर सकते हैं पर पहले उन्हें फिटनेस हासिल करनी होगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ही उनके रिहैबिलिटेशन को देख रही है और वही उनकी फिटनेस पर कुछ कह सकती है। रोहित ने कहा कि मैं समझता हूं कि वह घर पर बहुत क्रिकेट खेल रहे हैं पर उनके घुटने को लेकर अब भी कुछ चिंतायें हैं। हम तब तक कोई जोखिम नहीं लेंगे जब तक कि हम उनकी फिटनेस के बारे में सुनिश्चित नहीं हों। वहीं विजय हजारे ट्रॉफी में शमी की भागीदारी को चैंपियंस ट्रॉफी सहित आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए उनकी उपलब्धता निर्धारित करने की दिशा में एक अहम कदम के रूप में देखा जा रहा हैं पर इसके लिए उन्हें फिटनेस हासिल करनी होगी।

# बैडमिंटन में 2024 में ओलंपिक में मिली निराशा, कुछ सफलताएं और कुछ नए वादे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शानदार जोड़ी ने जहां भारतीय बैडमिंटन में एक अमिट छाप छोड़ी तो वहीं लक्ष्य सेन की पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक मैच में मिली हार इस साल कड़वे अनुभवों में शामिल रही। पूरे साल मीठे अनुभवों पर अकसर निराशा का साया रहा। सात्विक और चिराग के लिए अच्छा और बुरा दोनों समय रहे क्योंकि यह जोड़ी चार फाइनल में पहुंची और दो खिताब जीते जिससे ऐतिहासिक ओलंपिक पदक की उम्मीद जगी। लेकिन पेरिस ओलंपिक में क्वार्टरफाइनल से बाहर होने के साथ उनका अभियान निराशा में समाप्त हो गया।

एशियाई खेलों के चैम्पियन ने फ्रेंच ओपन सुपर 750 और थाईलैंड सुपर 500 में खिताब जीतकर दुनिया की शीर्ष जोड़ियों में अपना दर्जा मजबूत किया। यह जोड़ी मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया सुपर 750 में उप विजेता रही लेकिन 8 साल में दूसरी दफा ओलंपिक जीतने का सपना पूरा नहीं हो पाया। इस हार के बाद उनके दानिश कोच माथियास बो ने इस्तीफा दे दिया, लेकिन मलेशिया के टैन किम हर की वापसी ने आत्मविश्वास बढ़ाया।



टैन किम हर को सात्विक और चिराग को एक साथ लाने का श्रेय दिया जाता है। वहीं सेन के लिए यह बहुत करीब और फिर भी दूर का मामला रहा। वह पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए उम्मीद की किरण थे। साल की शुरुआत में फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियंस के सेमीफाइनल तक के सफर ने उनकी खराब फॉर्म से वापसी कराई और पहले ओलंपिक पदक के सपने को जगा दिया। हालांकि अल्मोड़ा का यह 23 वर्षीय खिलाड़ी ओलंपिक में कांस्य पदक के मैच में बुरी तरह हार गया। हालांकि उनके सैयद मोदी इंटरनेशनल में खिताबी जीत ने आगामी सत्र के लिए उम्मीद की किरण जगाई।

भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू के लिए साल निराशाजनक रहा। उन्होंने अपने कोचिंग स्टाफ में कई बदलाव किये और महान बैडमिंटन खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग के लिए बेंगलुरु चली गईं। लेकिन उनका टूर्नामेंट के शुरूआत में बाहर होना जारी रहा जिससे उनकी फॉर्म और फिटनेस से संघर्ष उजागर हुआ। वह मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंची लेकिन तीसरा ओलंपिक पदक जीतने का सपना प्री क्वार्टरफाइनल में मिली हार से खत्म हो गया। हालांकि इस 29 साल की खिलाड़ी ने अपना सत्र सैयद मोदी इंटरनेशनल खिताब जीतकर समाप्त किया और वह इस महीने के अंत में परिणय सूत्र में बंधने के लिए तैयार हैं। एचएस प्रणय के लिए यह सत्र दृढ़ता और प्रतिकूलता भरा रहा। उनके हमवतन खिलाड़ी जहां बेहतर प्रतिद्वंद्वियों से हार गए तो वहीं प्रणय फिर अपने स्वास्थ्य से जूझते रहे। ओलंपिक से ठीक पहले पेट से जुड़ी समस्या और चिकनगुनिया से जूझता हुआ यह खिलाड़ी दृढ़ता से पेरिस के नॉकआउट चरण में पहुंचने में सफल रहा, हालांकि वह अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं दिखा। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के ओलंपिक में पदक नहीं जीतने से निराश पूर्व आल इंग्लैंड चैम्पियन पादुकोण ने खिलाड़ियों से जवाबदेही की बात तक कह डाली।

वहीं अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो तथा गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली की दो महिला युगल जोड़ियों ने कुछ अच्छा प्रदर्शन दिखाया और भारतीय बैडमिंटन की लय को जारी रखा। अश्विनी और तनीषा का पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना किसी चमत्कार से कम नहीं था क्योंकि दोनों की रैंकिंग साल के शुरू में काफी सामान्य थी। हालांकि यह जोड़ी पेरिस में जल्दी बाहर हो गई लेकिन गुवाहाटी मास्टर्स में खिताबी जीत ने उनकी जोड़ी पर भरोसा मजबूत किया।

# बांग्लादेश ने तीसरे टी20 में भी वेस्टइंडीज को हराकर 3–0 से सीरीज जीती



किंग्सटाउन। बांग्लादेश ने मेजबान वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 मैच में 80 रन से हराकर तीसरे टी20 मैच में भी हराकर 3–0 से सीरीज अपने नाम की है। इस मैच में बांग्लादेश ने 7 विकेट पर 189 रन बनाये और मेजबान वेस्टइंडीज को जीत के लिए 190 रनों का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में मेजबान टीम 16.4 ओवर में 109 रनों पर ही सिमट गयी। इस मैच में बांग्लादेश के गेंदबाज हावी रहे। .वहीं वेस्टइंडीज के रोमारियो शेफर्ड 33 के अलावा एक भी बल्लेबाज 25 रन तक भी नहीं पहुंच पाया। शेफर्ड के अलावा जॉनसन चार्ल्स ने 23 रन बनाये। बांग्लादेश की ओर से रिशाद हुसैन ने सबसे अधिक 3 विकेट लिए। वहीं तस्कीन अहमद और मेहदी हसन ने 2–2 विकेट लिए। वहीं जाकिर अली ने 72 रन बनाकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। जाकिर ने 41 गेंद की अपनी पारी में 6 छक्के और 3 चौके लगाये। उनका स्ट्राइक रेट 175.60 रहा। सलामी बल्लेबाज परवेज हुसैन एमोन ने 39 और मेहदी हसन मिराज 29 ने भी अच्छी पारियां खेलीं। बांग्लादेश ने इससे पहले वेस्टइंडीज को पहले टी20 मैच में 7 रन और दूसरे मैच में 27 रन से हराया था।

# विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप : रोमांचक रेस में 5 टीमें, जानें भारत कैसे पहुंचेगा फाइनल में

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्षा से प्रभावित तीसरा टेस्ट मैच ड्रॉ रहने के बाद वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की दौड़ और रोमांचक हो गई है। आठ मैच बाकी हैं और फाइनल के लिए 5 दावेदार रेस में हैं। इन 5 में से कोई भी टीम ना तो फाइनल में जगह बना पाई है और ना ही पूरी तरह से बाहर है। भारत, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका अभी भी मजबूत दावेदारी पेश कर रहे हैं, जबकि श्रीलंका और पाकिस्तान दूसरों के भरोसे अभी भी रेस में हैं।



**दो मैच जीतकर फाइनल में पहुंच सकता है भारत**

भारत के लिए सबसे सरल समीकरण है कि वो बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाकी के बचे हुए दोनों मैच जीत जाए जिससे अंक प्रतिशत 60.53 हो जाएगा और टीम बिना किसी अन्य परिणाम पर निर्भर रहे फाइनल में पहुंच जाएगी खेल पाएगी। सीरीज 3 अभी एक-एक की बराबरी पर है।

**2 जीत और 1 ड्रॉ से फाइनल खेलेंगा ऑस्ट्रेलिया**

ऑस्ट्रेलिया को क्वालीफाई करने के लिए 2 जीत और 1 ड्रॉ की आवश्यकता है। यदि कंगारू भारत के खिलाफ अपने शेष दो टेस्ट में केवल ड्रॉ करते हैं तो उन्हें श्रीलंका के खिलाफ दो जीत की आवश्यकता होगी ताकि वे 58.77 पर समाप्त हों, जो भारत (57.02) से आगे होगा। अन्यथा दक्षिण अफ्रीका को पाकिस्तान से कम से कम 1-0 से हारना होगा। यदि ऑस्ट्रेलिया मेलबर्न और सिडनी में ये 2 टेस्ट जीतता है, तो वह अन्य परिणामों की परवाह किए बिना क्वालीफाई कर लेगा।

**दक्षिण अफ्रीका के लिए 2 मैचों में से एक जीतना जरूरी**

दक्षिण अफ्रीका को फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ अपने दो टेस्ट में से एक जीतना होगा। अगर वह सीरीज 0-1 से हार जाता है तो ऑस्ट्रेलिया और भारत दोनों ही उसे पार कर सकते हैं। दोनों टेस्ट हारने पर दक्षिण अफ्रीका टीम 52.78 अंक पर आ जाएगा। ऐसे में भारत या ऑस्ट्रेलिया में से कोई एक निश्चित रूप से अपने बचे हुए मैचों में उस अंक को पार कर लेगा।

**श्रीलंका अन्य टीमों पर निर्भर**

श्रीलंका टीम ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध 2-0 की श्रृंखला जीत के साथ अधिकतम 53.85 तक पहुंच सकती है। ऑस्ट्रेलिया, भारत और दक्षिण अफ्रीका तीनों को उससे नीचे रहने के लिए द. अफ्रीका को पाकिस्तान से 0-2 से ऑस्ट्रेलि को भारत के विरुद्ध दो टेस्ट मैचों में एक जीत और एक ड्रॉ से अधिक नहीं मिलना चाहिए जबकि दक्षिण अफ्रीका को हारना होगा। श्रीलंका हाल ही में दक्षिण अफ्रीका से सीरीज हारा है।

**पाकिस्तान सिर्फ गणितीय संभावना से रेस में**

चार में से चार जीत के साथ भी पाकिस्तान 52.38 पर समाप्त होगा, जो कि द. अफ्रीका के 52.78 से थोड़ा कम होगा। हालांकि कई परिणामों के पाकिस्तान के पक्ष में जाने के पर दूसरे स्थान पर रहना संभव है। हालांकि पाकिस्तान के इस मोड़ पर पूरी तरह से बाहर होने की संभावना है।

# भारत–पाक मुकाबले हाइब्रिड मॉडल पर खेले जाने को लेकर भी खुश हैं आमिर

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के मैच कहीं भी हो, दर्शक वहां तक पहुंच जाएंगे। आमिर ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का गतिरोध समाप्त होने पर खुशी जतायी है। उन्होंने कहा कि हाइब्रिड मॉडल (तटस्थ स्थान) पर भारत–पाक मैच होने पर उन्हें खुशी हुई है। उन्होंने कहा कि भले ही भारत–पाकिस्तान मैच चाँद पर क्यों न हो प्रशंसकों को उसका पता मिल ही जाएगा। एक विशेष साक्षात्कार में आमिर ने यह भी कहा कि आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी के मामले को हल करने में काफी समय लिया जबकि ये मामला पहले ही हल हो जाना चाहिये था। जय शाह के नये आईसीसी चेयरमैन बनने के बाद सबसे पहले चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी का मामला हल हुआ। इसमें तय किया गया कि भारत अपने मैच पाक के साथ किसी अन्य तटस्थ स्थान पर खेलेगा। इसके साथ ही 2024–27 चक्र में सभी आईसीसी आयोजनों के लिए हाइब्रिड मॉडल तय किया गया है जो भारत या पाक में आयोजित किए जाएंगे। आमिर ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के हाइब्रिड मॉडल का स्वागत किया और इसमें भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि एक क्रिकेटर के रूप में मैं चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में तटस्थ स्थान में भारत बनाम पाकिस्तान मैच की घोषणा का स्वागत करता हूं। आमिर ने आगे कहा कि मैं इस बात का स्वागत करता हूं कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच हो रहा है। मैं खुश हूं और मुझे भरोसा है कि वे सभी जो इसे देखना चाहते हैं, वो भी खुश होंगे।

संक्षिप्त खबरें

## बिना हेलमेट दौड़ाना पड़ा महंगा, दोपहिया चालकों पर हुई कार्रवाई

**हज़ारीबाग़/बिभा संवाददाता।** सड़क दुर्घटना एवं अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस ने शुक्रवार को क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। खास कर दुर्घटना को लेकर दो पहिया वाहन चालकों के हेलमेट जांच किए गए। पुलिस ने हज़ारीबाग़ एसपी के निर्देश पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस



दौरान कई दोपहिया वाहनों को पुलिस ने कागजात नहीं रखने के कारण चालान काटा गया। कई के वाहन चालक के पास हेलमेट नहीं होने से भी वाहनों का चालान काटा गया। वाहन जांच का नेतृत्व कर रहे पुलिसकर्मी ने बताया कि वाहनों के डिक्की के साथ वाहन संबंधी कागजात की जांच की जा रही है। दर्जनों वाहनों की जांच की गई है। वाहन जांच से दो पहिया वाहन चालकों में भय व्याप्त है। डर के मारे वाहन चालक अपने वाहन के साथ पतली गलियों के रास्ते का उपयोग करते देखे गए।

## संस्कार भारती हजारीबाग इकाई की विशेष साधारण सभा संपन्न


**हज़ारीबाग़/बिभा संवाददाता।** संस्कार भारती हजारीबाग इकाई की विशेष साधारण सभा संपन्न हुई,संस्कार भारती कला और साहित्य को समर्पित अखिल भारतीय संस्था है, जिसकी पूरे भारत में 1200 से ज्यादा इकाई कार्यरत है,आज की विशेष साधारण सभा में पर्यवेक्षक के तौर पर प्रांतीय महामंत्री संजय श्रीव ास्त व , प्रांत ीय



कोषाध्यक्ष विकास वर्मा एवं विभाग प्रमुख शंकर चंद्र पाठक की उपस्थिति रही, विशेष साधारण सभा मे प्रांतीय पर्यवेक्षक संजय श्रीवास्तव ने केंद्रीय सभा मे लिये गये महत्वपूर्ण निर्णयों से सभी को अवगत कराया तथा भविष्य के योजनाओं व कार्यक्रमों एवं आगामी साल में प्रांतीय कला साधक संगम होने है उसकी रूपरेखा की जानकारी साझा की,संस्कार भारती हजारीबाग इकाई के अध्यक्ष पुनः कुमार केशव जी साथ ही महामंत्री विनीत जैन लक्की कोषाध्यक्ष अनिल पांडे नियुक्त हुए,उपाध्यक्ष किशोर कुमार गुप्ता तथा जिला मंत्री राजीव झा जी बनाए गए,विधा संयोजक लोक कला विधा मे शोभा सिन्हा,मंचीय कला मे अमित गुप्ता,साहित्य विधा में अनंत ज्ञान,कला धरोहर मे राकेश रंजन,तरुण प्रभा आयाम मे अमरेंद्र विद्यार्थी,दृश्य कला विधा संजय कुमार साथ ही कार्यकारिणी सदस्य किशोर कुमार सिन्हा, प्रेम राणा, तारकेश्वर राय, सौरभ पाटनी, रंजीत वर्मा, शंकर राम बनाए गए।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली के प्राचार्य का पंचपदी शिक्षण में चयन

**हज़ारीबाग़/बिभा संवाददाता।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित पंचपदी शिक्षण विषय पर अखिल भारतीय प्रशिक्षण वर्ग, संस्कृति भवन, कुरुक्षेत्र, हरियाणा में 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक चलने वाले प्रशिक्षण वर्ग में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग के प्राचार्य सह



प्रवासी कार्यकर्ता, विद्या विकास समिति, झारखंड का चयन अखिल भारतीय मास्टर ट्रेनर के लिए हुआ है। गौरतलब है कि पूरे भारतवर्ष से 100 मास्टर ट्रेनर का चयन हुआ है1 जिसमें झारखंड प्रांत से सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग के प्राचार्य सह प्रवासी कार्यकर्ता ब्रजेश कुमार सिंह एवं सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, भूली नगर, धनबाद के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी का चयन हुआ। मालूम हो कि प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह एवं प्राचार्य उत्तम मुखर्जी सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का प्रशिक्षण देंगे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न आयामों एवं संपूर्ण नीतियों का प्रशिक्षण देंगे। प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह के पंचपदी शिक्षण के अखिल भारतीय मास्टर ट्रेनर हेतु चयनित होने से पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है।

## मिशन होस्पिटल में तीन गंभीर रूप से दुर्घटना में चोटिल मरीजों का हुआ सफल इलाज

**हज़ारीबाग़/बिभा संवाददाता।** श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी द्वारा संचालित रविन्द्र पथ बिजली ऑफिस के विपरीत स्थित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में तीन गंभीर रूप से चोटिल मरीज का सफल इलाज हुआ। सडक दुर्घटना में मरीज कैलाश कुमार का नीचला दोनों जबड़ा फ्रेक्चर हो गया था। डॉ जयेश, डॉ अली एवं डॉ श्वेता के सफल नेतृत्व में सफल इलाज किया गया। मरीज कोमल कुमारी चार अकल दाढ़ें निकलवा दी थीं। उसके अक्ल दाढ़ जबड़े की नसों और धमनियों के बहुत



करीब थे। एलए ओटी के तहत बहुत अधिक रक्तस्राव और दर्द हो सकता है। इसलिए सामान्य एनेस्थीसिया के तहत सभी चार अकल दाढ़ें हटा दी गईं। डॉ. चंद्रलेखा और डॉ. ऋषिकेश द्वारा सफल इलाज किया गया। मरीज राकेश कुमार का विगत कुछ महीने पूर्व सडक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के उपरांत चार महीने तक कोमा में थे। दुर्घटना के दौरान उनका निचला जबड़ा भी फ्रैक्चर हो गया था। फ्रैक्चर को फिर से ठीक किया गया और सामान्य रूप से सेट किया गया। संचालन डॉ. जयेश और डॉ. फ्लोरा ने किया। डॉ.ऋषिकेश द्वारा सहायता प्रदान की गई। मरीजों की सफल इलाज पर परिवारजनों में खुशी लहर दौड़ पडी। जीवनदाता के रूप में मरीज एवं उनके परिवारजनों ने अस्पताल परिवार का धन्यवाद जताया। सेवा एवं सुविधा ससमय उपलब्ध होने पर सरहाना किया। मौके पर मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि सेवाभाव से मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध करवाना हमारी पहली प्राथमिकता है।

### एनएच के अनियमितता एवं लापरवाही से लोगों की जा रही है जान

# सुरक्षा नियमों की उड़ रही धज्जियां, लोगों में नाराजगी

बिभा संवाददाता

**हजारीबाग।** रांची- पटना मार्ग बाइपास स्थित हजारीबाग के ओरिया एवं सिंघानी ओवरब्रिज में खौफनाक मौत का खतरा हमेशा मंडराता रहता है। एनएच की अनियमितता एवं लापरवाही से लोगों की जान जा रही है। सुरक्षा नियमों का धज्जियां उड रही है। ओरिया- सिंघानी ओवरब्रिज से रात के समय अंधेरा एवं अंधाधुंध धुल के बीच गाडियां पास होती है। ओवरब्रिज पर लगाया गया लाइट सिर्फ खंबा का रूप धारण किए हुए है। लाइट टेस्टिंग के बाद भी अभी तक चालू नहीं किया गया है। आए दिन यहां सडक दुर्घटना का लोग शिकार हो रहे हैं। कईं लोग का अभी तक खौफनाक मौत हो चुका है। ओवरब्रिज से अंधाधुंध धुल एवं अंधेरा में राहगीर एवं गाडियां पास होने को मजबूर होती है। अधुरा निर्माण से ओवरब्रिज का कभी



दोनों तरफ का मार्ग खौल दिया जाता है और कभी एक तरफ का सिर्फ गाडियां पास होती है। अप्रोच मार्ग से भी गाडियां आना जाना करती है। स्थानीय लोग हमेशा सुरक्षा का प्रावधान हेतु एनएच को लिखित आवेदन एवं आग्रह के बाद भी यह सिर्फ कागज में ही रह जाता है। जमीनी स्तर पर इसकी जांच परख कर सुरक्षा के प्रवधान हेतु एनएच के द्वारा कोई पहल नहीं किया जाता है। जिससे स्थानीय लोगों में काफी नाराजगी है। खौफनाक मौत के बाद अब अंधेरा एवं अंधाधुंध धुल के बीच चोरी, डकैती एवं दुर्घटना का खतरा बढता जा रहा है। अप्रोच सडक का भी हाल दुभर एवं बेहाल है। सडक पर बडे- बडे. गड्ढे एवं अंधाधुंध धुल का गुब्बारा हमेशा उडता रहता है। अप्रोच मार्ग समीप स्थित दुकानदार, राहगीर एवं स्थानीय लोग काफी परेशान एवं भयभीत रहतें है। रात का समय हो या फिर दिन का बडे- बडे. गड्ढे एवं अंधाधुंध धुल से लोग परेशान रहते हैं। अप्रोच मार्ग में स्थित कचड़ा का उठाव, लाईट की सुचारू व्यवस्था, समय- समय पर पानी का छिडकाव एवं सडक की मरम्मती सहित अन्य सुरक्षा प्रावधान से लोगों को राहत मिल सकता है। सडक के किनारे रह रहे लोगों की बिमारी फैलना की खतरा बढते जा रही है। अंधाधुंध धुल एवं बेहाल सडक से लोग काफी परेशान रहते है। अभी तक अप्रोच मार्ग में कई दुर्घटना से राहगीर गंभीर रूप से घायल एवं कई लोग अपनी जान गवा चुके हैं। सडक के किनारे रह रहे लोगों की स्थिति बेहद ही बेहाल है। सुरक्षा गार्ड, कैमरा, लाईट की सुचारू व्यवस्था, सुरक्षा हेतु जगह- जगह तख्ती, अप्रोच सडक का कचड़ा का उठाव, नियमित पानी का छिडकाव एवं समय- समय पर अप्रोच सडक की मरम्मती सहित अन्य सुरक्षा प्रावधान से राहगीर एवं स्थानीय लोगों को काफी राहत मिलेगा।

## सुशासन सप्ताह 2024 : प्रशासन गांव की ओर अभियान आयोजित



बिभा संवाददाता

**सिमडेगा।** भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के निदेश के आलोक में उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह के आदेश पर सुशासन सप्ताह 2024 अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान का आयोजन आज दिनांक 20 दिसंबर 2024 को जिले के प्रखंडों मेंदूसरे दिन आयोजित किया गया।

इस दौरान प्रखंड स्तर पर आयोजित सुशासन सप्ताह 2024 अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में आम जनों की शिकायत एवं विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया। इस दौरान आम जनता के द्वारा जॉब कार्ड, जाति, आय, एवं स्थानीय प्रमाण पत्र निर्गत करने, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र निर्गत करने,पशु दवा, राशनकार्ड में सदस्य जोड़ने, नया राशनकार्ड बनाने, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ दिलाने एवं आधार सुधार करना,छात्रवृति से संबंधित मामलों आये। सभी मामलों का कार्यक्रम निष्पादन सुनिश्चित किया जा रहा है। आज प्रखंडों के विभिन्न मामले एवं निष्पादन इस प्रकार है। सिमडेगा प्रखंड के प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में कुल 719 मामले से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जिसका मौके पर शत प्रतिशत आवेदनों निष्पादन सुनिश्चित किया गया। पाकरटांड़ प्रखण्ड के प्रशासन गांव की ओरद्द कार्यक्रम में कुल 263 आवेदन प्राप्त हुए जिसके तहत मौके पर 263 आवेदन का निष्पादन किया गया। बानो प्रखंड के प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में कुल 767 मामले से संबंधित आवेदन दिये गया। जिसका मौके पर शत प्रतिशत आवेदनों निष्पादन सुनिश्चित किया गया।

## अंचलाधिकारी और राजस्व कर्मचारियों की कार्यशैली को लेकर प्रमुख नाराज

बिभा संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर प्रखंड की प्रमुख वीना देवी, उप प्रमुख रविकांत सिंह, पंचायत समिति सदस्य नीलम देवी और मुकेश कुमार सहित प्रमुख प्रतिनिधि गणेश मेहता ने अंचलाधिकारी और राजस्व कर्मचारियों की कार्यशैली को लेकर नाराजगी जताई है। प्रमुख और उप प्रमुख ने अंचल कार्यालय की अनियमितताओं और जनहित के मामलों में लापरवाही का आरोप लगाया है।



प्रमुख ने बताया कि 30 जुलाई और 27 सितंबर को पत्र लिखकर अंचलाधिकारी से राजस्व कर्मचारियों और अंचल निरीक्षकों के साथ बैठक करने की मांग की गई थी ताकि जनहित में लंबित कार्यों को आगे बढ़ाया जा सके। लेकिन, अंचलाधिकारी ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। इससे यह प्रतीत होता है कि अधिकारी और कर्मचारी रैयतों को परेशान करने और अपनी निजी स्वार्थ साधने में लगे हैं। सदर अंचल क्षेत्र में 20% रैयतों का अब तक ऑनलाइन कार्य नहीं हो सका है। 80% लोगों को अपने कार्यों के लिए अंचल कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। शिकायतें हैं कि कर्मचारी मोटी रकम की मांग करते हैं। उदाहरण के लिए, थाना नंबर 145, खाता नंबर 69 और प्लॉट नंबर 24 के आम गैरमजरुआ रास्ते पर दबंगों द्वारा मकान का निर्माण कराया जा रहा है। इसकी सूचना अंचलाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी को दी गई, लेकिन दो वर्षों से कोई कार्रवाई नहीं हुई। एक अन्य मामले में वाद संख्या 11/2022 के तहत अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया गया था। सुनवाई के बाद भी, आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रभावित लोग न्याय के लिए अंचल कार्यालय और प्रमुख कार्यालय का लगातार चक्कर लगा रहे हैं। प्रखंड प्रमुख वीना देवी ने इस स्थिति को विडंबनापूर्ण बताते हुए कहा कि आम जनता को परेशान करने और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले अधिकारियों पर जल्द कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन से इस मामले में हस्तक्षेप कर समाधान की मांग की है।

## राष्ट्रीय खादी महोत्सव में समूह की दीदियों ने लगाया अपना स्टाल



बिभा संवाददाता


**सिमडेगा।** राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024 -25 का शुभारंभ 20 दिसंबर को माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कर कमल के द्वारा किया जाएगा यह महोत्सव 6 जनवरी तक चलेगा। जिसके लिए पूरे देश से खादी एवं समूह की दीदियों के द्वारा उत्पादित सामग्री का प्रमोशन एवं बिक्री किया जाएगा। जिसके तहत सिमडेगा जिले से जिला कार्यक्रम प्रबंधक शांति मार्डी के निर्देश एवं देख रेख पर समूह की दीदियों के द्वारा एवं किसान उत्पादक समूह के द्वारा विभिन्न प्रकार का स्टॉल लगाया गया है। केरसई प्रखंड से लक्ष्मी आजीविका स्वयं सहायता समूह के द्वारा खादी का वस्त्र जिसमें तोलिया स्टॉल बंडी, पारंपरिक साड़ियां, शॉल, चादर, धोती, कुर्ता, हैंड पर्स आदि लगाया गया है।

कोलेबिरा प्रखंड से कोलेबिरा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के द्वारा रागी के विभिन्न उत्पाद जैसे रागी लड्डू, मिक्सचर, आटा, पापड़ आदि लगाया गया है इसके अलावा बेसन लड्डू, काली तिल का लड्डू ,अचार खजला, पापड़ आदि लगाया गया है। सिमडेगा प्रखंड से शिव आजीविका स्वयं सहायता समूह के द्वारा मिक्सर एवं मटर मिक्सर, बिस्कुट आदि का उत्पाद लगाया गया है। ठेठईटांगर के द्वारा उरद बड़ी, चावल बड़ी, मूंग दाल का पापड़, मुरही, चूड़ा एवं विभिन्न प्रकार का तेल जैसे कुजरी का तेल, तिल का तेल, कुसुम का तेल, करंज का तेल उत्पाद सरस में समूह की दीदियों के द्वारा उपलब्ध कराया गया है।

## स्वतंत्रता संग्राम के जनजातीय नायकों चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे कड़िया मुंडा

**खूँटी।** तोरपा प्रखंड क्षेत्र के सुंदारी गांव स्थित महात्मा नारायण दास ग्रोवर डीएवी विद्यालय में सर्वांगीण ग्राम विकास संस्था द्वारा आज स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय नायकों का चित्र प्रदर्शनी लगाया जाएगा। जो विगत 14 जनवरी तक चलेगा। इस चित्र प्रदर्शनी में वैसे जनजातीय स्वतंत्रता जननायकों का परिचय कराया जाएगा जिसमें स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय नायकों का योगदान दिया है। जिसका उद्घाटन लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष व सर्वांगीण ग्राम विकास संस्था के अध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुण्डा करेंगे। साथ ही, गरीब जरूरतमंद लोगों के बीच कम्बल भी वितरण किया जाएगा। जिस चित्र प्रदर्शनी के लिए पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार का बड़ा योगदान है। यह जानकारी एसजीवीएस अस्पताल के प्रबंध निदेशक डॉ निर्मल सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि अटल संकल्प नेत्र ज्योति का 15वाँ शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें गरीब जनजातीय नेत्र रोगियों का निशुल्क मोतियाबिंद उपचार किया जाएगा।


## अंबेडकर अपमान मामले में सड़कों पर उतरे हजारीबाग कांग्रेस के कार्यकर्ता



बिभा संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश जी के निर्देशानुसार केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भारत रत्न भीमराव आम्बेडकर के बारे में राज्यसभा में बेहद अपमान जनक टिप्पणी तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ दुर्व्यवहार किए जाने पर जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम से चलकर आन्नदा चौक तक विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि अमित शाह ने लोकतंत्र के मंदिर में बाबा साहब का अपमान लगातार करते रहते है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ दुर्व्यवहार और फर्जी मुकदमा कर भाजपा अडानी के मुद्दे से जनता को भटकाने का प्रयास कर रही है ।सभी ने एक स्वर में कड़ा विरोध करते हुए अमित शाह से इस्तीफा की मांग की। विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा प्रदेश सचिव अवधेश कुमार सिंह, बिनोद सिंह, जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, लाल बिहारी सिंह, अजय गुप्ता, रघु जायसवाल, संजय तिवारी, अजित कुमार गुप्ता, मुस्ताक अंसारी, रियाजउद्दिन अंसारी के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।

## दुलमी में 30 व बघमा में 14 एकड़ पर लगे अफीम किया गया विनष्ट



**खूँटी।** अंतिम की खेती करनेवाले किसान अब हो जाएं सावधान खूंटी पुलिस कड़ी कार्रवाई करनेवाली है। जहाँ एक ओर लगातार पुलिस अधीक्षक खूँटी के अमन कुमार के निर्देश पर लगातार जनजागरण किया जाता रहा। पर अब आलाकमान के फरमान पर कार्रवाई न केवल खेती विनष्टीकरण अभियान चलाकर किया जाएगा। बल्कि इस काला सोना कहे जानेवाले नशे की खेती अफीम लगानेवाले व कारोबारियों पर भी कड़वा शिकंजा कसने की तैयारी की जा रही है। वहीं पुलिस भी लोगों से अपील कर रही है कि अफीम की खेती न करें व जनप्रतिनिधि भी इस अफीम की खेती के विरुद्ध लोगों को जानकारी देते हुए अफीम विनष्ट करने व कराने में आगे आएँ।

## नगर निगम हजारीबाग के सफाई कर्मचारियों की बैठक हुई संपन्न

बिभा संवाददाता

**हजारीबाग।** नगर निगम हजारीबाग के सफाई कर्मचारियों की बैठक हॉल परिसर हरी नगर में संपन्न हुई। झारखंड के नगर निकायों में सफाई कर्मचारियों को सरकार के द्वारा परमानेंट नौकरी नहीं देने एवं कई सालों से कई प्रकार के बहाने नगर विकास झारखंड सरकार के द्वारा किया जा रहा है और सफाई कर्मचारी लगभग 20 सालों से सरकार को जगाने का प्रयास कर रही है जिसका नेतृत्व झारखंड लोकल बॉडीज इंप्लाइज फेडरेशन के नेता अशोक सिंह कर रहे थे इस साल भी सफाई कर्मचारियों ने पूरे दमखम के साथ में सभी नगर निकायों में हड़ताल किया जिसका परिणाम असफल रहा सफाई कर्मचारियों का विश्वास खोते जा रहा है सफाई कर्मचारी दैनिक कार्य में ही रिटायरमेंट होते जा रहे हैं कुछ सफाई कर्मचारियों की दैनिक मे ही मृत्यु हो



रही है! नगर निगम हजारीबाग के सफाई कर्मचारियों ने आज की मीटिंग में यह तय क्या है कि हम लोग अब हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे जनहित याचिका के द्वारा सरकार तक अपनी बातों को पहुंचाएंगे। 20 सालों से हम लोगों ने अशोक सिंह पर विश्वास किया सरकार को कभी भी इनके द्वारा झुकाया नहीं जा सका !हर बार इसके द्वारा आश्वासन देकर हड़ताल तुड़वाया जाता रहा! इस बैठक में सफाई कर्मचारियों ने यह तय किया है कि सफाई जो सफाई कर्मचारी इच्छुक है।अपनी इच्छा अनुसार प्रत्येक सफाई कर्मचारी 1500 देकर न्यायालय के शरण में जाएंग। अब हम लोगों की आखिरी उम्मीद न्यायालय है। हाई कोर्ट मे जनहित याचिका दायर कर अपनी बातों को सरकार के समक्ष रखेंगे इस बैठक की अध्यक्षता यूनियन अध्यक्ष विवेक कुमार वाल्मीकि ने किया बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित ज्योति चंद्र दीपक कुमार रविकांत सिंह सुबोध पासवान ननकू राम संतोष राम कैलाश कुमार सुरेश राम मनोहर राम तुलसी यादव सूरज कुशवाहा अजय कुमार संजय कुशवाहा अजय कुशवाहा संदीप महेंद्र राणा जीवन तिवारी यादव मनोज यादव एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

# प्रशासन ने शक्ति सदन में आवासित बालिका को परिवार से मिलाया

बिभा संवाददाता

**हजारीबाग।** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग शिप्रा सिंहा के दिशा-निर्देश पर एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। विदित हो कि समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत जिले में शक्ति सदन का संचालन किया जा रहा है जो पूर्व में स्वाधार गृह एवं उज्जवला होम के नाम से संचालित था। इस शक्ति सदन में शोषण अथवा उत्पीडन की पीडिता महिलाओं को अल्पकालिक आश्रय एवं पुनर्वास की व्यवस्था की जाती है। उल्लेखनीय है कि शक्ति सदन में आवासित एक बालिका लगभग 05 वर्ष पूर्व अपने माता-पिता व परिवार से भटक गई थी जिसे पुलिस के द्वारा 16 अक्टूबर को संस्था को सुपुर्द किया गया था। संबंधित बालिका के साथ उत्पीडन किए जाने के कारण वह अपने घर-



परिवार के बारे में स्पष्ट रूप से कुछ बताने में सक्षम नहीं थी। बालिका से पूछताछ पर वह अपना घर चतरा जिले के नवाटाँड बता रही थी। ऐसी स्थिति में चतरा जिले के बाल कल्याण समिति से संपर्क स्थापित किया गया तथा संबंधित क्षेत्र का सत्यापन किये जाने हेतु अनुरोध किया गया था परन्तु सफलता नहीं मिली। तत्पश्चात अन्य स्त्रोतों से भी जानकारी प्राप्त की गई, परन्तु कोई स्पष्ट जानकारी नही मिल पाई।तदोपरांत जिला समाज कल्याण पदाधिकारी हजारीबाग के निर्देश पर दो सदस्यीय टीम का गठन किया गया, जिसमें विधि-सह-परिवीक्षा पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह एवं शक्ति सदन की प्रभारी प्रतिमा कुमारी थे। साथ ही साथ आवश्यक सहयोग के लिए बाल कल्याण समिति के सदस्य मुन्ना पाण्डेय एवं महिला पर्यवेक्षिका अनुसूइया कुमारी को भी शामिल कर लिया गया था। इस टीम के सदस्यों ने बालिका को लेकर सरकारी वाहन में उसके घर परिवार के खोजबीन के लिए निकल गई। काफी खोजबीन करने के उपरांत उक्त बालिका का घर परिवार हजारीबाग जिले में ही कदमा के समीप नवाटाँड गाँव में मिला। अपने घर पहुँचते ही बालिका ही नहीं बल्कि उसके परिवार वाले भी काफी खुश हो गये। उसके परिवार वालों से पूछे जाने पर बताया गया कि उसके गुमशुदगी के बाद लगभग दो वर्षों तक खोजबीन किया गया था परन्तु पता नही चलने पर संबंधित थाने को सूचित करते हुए खोज बीन करना छोड दिये थे। ज्ञातव्य है कि उक्त बालिका के पिता का देहान्त हो चुका है एवं माँ भी शारीरिक रूप से चलने फिरने में लाचार है। उसकी शादी भी पदमा प्रखण्ड निवासी एक लड़के से कर दिया गया था,परन्तु वह शराब पीकर पति के द्वारा उसके साथ मार-पीट किया जाता था। जिसके कारण घर से निकल गई थी, तथा मानसिक स्थिति असामान्य हो गई थी।

## 194 चौकीदार पदों पर नियुक्ति के लिए 10 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा संपन्न

बिभा संवाददाता

**हजारीबाग।** चौकीदार के रिक्त पदों की भर्ती के लिए आज लिखित परीक्षा आयोजित की गई। यह लिखित परीक्षा विधि व्यवस्था संधारण के साथ-साथ निष्पक्ष, कदाचार मुक्त, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। हजारीबाग जिला से कुल 194 चौकदार पदों के लिए 20 दिसंबर परीक्षा आयोजित की गई। गौरतलब है कि 20 दिसंबर को आयोजित लिखित परीक्षा का परीक्षाफल जल्द ही प्रकाशित किया जाएगा। लिखित परीक्षा के परिणाम के उपरांत दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन होगा। आज संपन्न हुए सभी परीक्षा केंद्रों में उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार सीसीटीवी अधिष्ठापन, पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था की समुचित की गई थी। साथ ही सभी केन्द्रों में पर्याप्त संख्या में दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। परीक्षा की अवधि परीक्षा की अवधि डेढ़ घंटे की थी, जिसका समय पूर्वाहन् 11:00 बजे से अपराह्ण 12:30 बजे तक थी। परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक गेजेट्स पूर्णतः प्रतिबंधित थी। प्रवेश के पूर्व प्रत्येक परीक्षार्थियों का फ्रीस्किंग किया गया। लिखित परीक्षा कुल 50 बहुविकल्पीय प्रश्नों थी, जिसमें 35 प्रश्न सामान्य ज्ञान एवं 15 प्रश्न अभ्यर्थी द्वारा आवेदन में अंकित किए गए स्थानीय भाषा से सम्बंधित थे। प्रश्न जिला से संबंधित सामान्य ज्ञान एवं स्थानीय भाषा से संबंधित थे। लिखित परीक्षा में कुल प्राप्तांक के अनुसार सफल उम्मीदवारों की शारीरिक जांच की जाएगी। इस परीक्षा के लिए अलग से प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किया जाएगा।

# संक्षिप्त खबरें

## कोलकाता- जम्मू तवी एक्सप्रेस के परिचालन में बदलाव

**धनबाद(बिभा):** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के अयोध्या कैंट स्टेशन के यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के कारण दिनांक 31.12.24 से 07.01.25 तक गाड़ी संख्या 13151 कोलकाता- जम्मू तवी एक्सप्रेस के परिचालन में परिवर्तन किया गया है` उपरोक्त तिथियों पर इस गाड़ी का अयोध्या कैन्ट स्टेशन पर ठहराव को अस्थायी रूप से हटा दिया गया है तथा अयोध्या, सालारपुर एवं मसौधा स्टेशनों पर 05 मिनट का अस्थायी ठहराव दिया गया है।

## धनबाद- अल्लेपी- धनबाद एक्सप्रेस में साधारण श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच बढ़ाया गया

**धनबाद(बिभा):** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर उनके सुगम आवागमन हेतु गाड़ी संख्या 13351/ 13352 धनबाद- अल्लेपी- धनबाद एक्सप्रेस को साधारण श्रेणी के एक अतिरिक्त कोच के साथ चलाया जाएगा। दिनांक 26.12.24 से धनबाद से खुलने वाली गाड़ी संख्या 13351 धनबाद- अल्लेपी एक्सप्रेस को 03 साधारण श्रेणी कोचों के स्थान पर 04 साधारण श्रेणी कोचों के साथ चलाया जाएगा। दिनांक 29.12.24 से अल्लेपी से खुलने वाली गाड़ी संख्या 13352 अल्लेपी- धनबाद एक्सप्रेस को 03 साधारण श्रेणी कोचों के स्थान पर 04 साधारण श्रेणी कोचों के साथ चलाया जाएगा। उपरोक्त तिथियों से गाड़ी संख्या 13351/ 13352 धनबाद- अल्लेपी- धनबाद एक्सप्रेस में प्रथम वातानुकूलित श्रेणी के 01, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 06, शयनयान श्रेणी के 06 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे।

## हटिया - दुर्ग - हटिया स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि में विस्तार

**रांची(बिभा) :** यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 08185/08186 हटिया - दुर्ग - हटिया स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि में विस्तार किया गया है। ट्रेन संख्या 08185 हटिया - दुर्ग स्पेशल, यात्रा प्रारंभ दिनांक 31/12/2024 से दिनांक 27/03/2025 तक प्रत्येक मंगलवार एवं गुरुवार को हटिया से प्रस्थान करेगी` (कुल 26 ट्रिप)। ट्रेन संख्या 08186 दुर्ग - हटिया स्पेशल, यात्रा प्रारंभ दिनांक 01/01/2025 से दिनांक 28/03/2025 तक प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को दुर्ग से प्रस्थान करेगी` (कुल 26 ट्रिप)। इस ट्रेन की समय सारणी, कोच संयोजन और ठहराव पूर्ववत रहेंगे ।

## गया परीक्षा स्पेशल ट्रेन के समय सारणी एवं परिचालन की तिथि में बदलाव

**धनबाद(बिभा) :** गाड़ी संख्या 03639 रांची- गया परीक्षा स्पेशल ट्रेन के समय सारणी एवं परिचालन की तिथि में संशोधन किया गया है गाड़ी संख्या 03639 रांची- गया परीक्षा स्पेशल रांची से 00.30 21, 23, 24, 26, 27, 28, 29, 31--रांची 23.45 20, 22, 23, 25, 26, 27, 28, 30 व 08.30 किया गया है।

## पूर्व जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने रांची आनंद विहार टर्मिनल सुपरफास्ट के जयपुर विस्तार में सहयोग का आग्रह किया

**रांची(बिभा) :** दक्षिण पूर्व रेलवे के पूर्व जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने नॉर्दर्न रेलवे, नई दिल्ली के रेल उच्चाधिकारियों से मिलकर ट्रेन संख्या 12825 रांची आनंद विहार टर्मिनल सुपरफास्ट के जयपुर विस्तार में सहयोग का आग्रह किया। यह कहा कि नॉर्थेर्न रेलवे, दिल्ली की सहमति मिलते ही इस ट्रेन के जयपुर तक विस्तार की संभावना बनेगी। श्री जोशी ने उक्त जानकारी देते हुए जल्द ही इस दिशा में कार्रवाई होने की संभावना जताई। यह कहा कि हमें पूर्ण उम्मीद है कि झारखंड की रांची राजधानी से जयपुर के लिए सप्ताह में दो दिन इस ट्रेन के चलने से खाटू श्याम बाबा का दर्शन करने के लिए यहां के यात्रियों को ट्रेन जल्दी ही मिल जाएगी।

## आरपीएफ ने हटिया रेलवे स्टेशन पर प्रतिबंधित शराब की 94 बोतलें जब्त कीं

**रांची(बिभा):** आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश के बाद रांची मंडल में ऑपरेशन सतर्क के तहत विशेष शराब विरोधी अभियान चलाया जा रहा है. 19 दिसंबर 2024 की शाम हटिया रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ इंस्पेक्टर रूपेश कुमार, सब-इंस्पेक्टर दीपक कुमार और फ्लाइंग टीम रांची द्वारा नियमित जांच के दौरान प्लेटफार्म संख्या 03 पर चार व्यक्तियों को संदिग्ध परिस्थितियों में हिरासत में लिया गया। उनके बैग की तलाशी लेने पर 94 बोतल प्रतिबंधित शराब बरामद हुई। हिरासत में लिए गए लोगों ने अपनी पहचान बिहार के बरौनी के अशोक पासवान के बेटे शिवम कुमार (18) के रूप में बताई; बिहार के बरौनी के लालटुन तांती का बेटा गुड्डु कुमार (18); बिहार के बेगुसराय के अमरजीत पासवान का बेटा अमन कुमार (17); और अंकुश कुमार (21), हसपुरा, औरंगाबाद, बिहार से। पूछताछ के दौरान, संदिग्धों ने खुलासा किया कि वे अवैध शराब को ट्रेन संख्या 18105/18624 एक्सप्रेस के माध्यम से बिहार में आपूर्ति करने के लिए ले जा रहे थे। पकड़ी गई शराब की कुल कीमत 50 हजार रुपए आंकी गई है। 1,16,000. व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया और 20 दिसंबर, 2024 को आगे की कार्रवाई के लिए राज्य उत्पाद शुल्क रांची को सौंप दिया गया।

## लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट में हटिया सीसी ने आर्यन्स कोकर ए पर जीत हासिल की



**रांची(बिभा):** ईईएफ टाटीसिल्वे ग्राउंड में आयोजित लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीजन क्रिकेट टूनार्मेंट 2024-25 में हटिया सी.सी. ने आर्यन्स कोकर ए पर 97 रन से शानदार जीत हासिल की। हटिया सी.सी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में 235/8 का स्कोर बनाया। मोहित कुमार ने शानदार पारी खेलते हुए 56 रन बनाये, जबकि अंकित राज ने 33 रन का योगदान दिया. आर्यन्स कोकर ए के लिए सत्यनारायण कुमार और अभिषेक कुमार सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे, सत्यनारायण ने 38 रन देकर 2 विकेट और अभिषेक कुमार ने 32 रन देकर 2 विकेट लिए। जवाब में आर्यन्स कोकर ए 24 ओवर में 138 रन पर आउट हो गई। सत्यनारायण कुमार अपनी टीम के लिए 53 रनों के साथ शीर्ष स्कोरर रहे, जबकि अभिषेक यादव और आदित्य कुमार ने क्रमशः 13 और 28 रनों का मामूली योगदान दिया। हालाँकि, हटिया सी.सी. के गेंदबाज बहुत मजबूत थे, जिसमें अंकित राज ने 47 रन पर 3 विकेट और आदित्य कुमार ने 28 रन पर 3 विकेट लिए। हटिया सी.सी. 97 रनों से विजयी हुई, जिससे टूनार्मेंट में उनकी मजबूत स्थिति और मजबूत हो गई।

# श्रम मंत्री ने स्किल स्टेकहोल्डर्स कनेक्ट 2024 कौशल से कुशलता की ओर कार्यक्रम का किया उदघाटन

बिभास`वाददाता




**रांची :** श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि उद्योगों की मांग के अनुरूप रोजगार एवं कार्यबल का सृजन विभाग का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि हम प्रशिक्षण कार्यक्रमों में समय की मांग के अनुसार नए जॉब रोल शामिल करेंगे, जिससे झारखण्ड के युवा प्रतिभा प्रतिस्पर्धा में पीछे न रहें। श्रम विभाग कौशल विकास के क्षेत्र में जल्द ही नए जॉब रोल शामिल करेगा, जिसमें से एक विदेशी भाषा प्रशिक्षण में शामिल होगी। कम जनसंख्या वाले देशों में बेहतर वेतन के साथ रोजगार की काफी संभावनाएं हैं। हमारी कोशिश है कि हमारे युवाओं को हम रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराएं। वे शुक्रवार को श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग अन्तर्गत झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाईटी द्वारा राँची के एक स्थानीय होटल में स्किल स्टेकहोल्डर्स कनेक्ट 2024 के उद्घाटन के अवसर पर बोले रहे थे। श्रम मंत्री श्री संजय प्रसाद यादव यादव ने स्टेकहोल्डर्स को संबोधित करते हुए कहा कि झारखण्ड सरकार का श्रम विभाग कौशल विकास के महत्वपूर्ण ढांचे के रूप में काम कर रहा है। हमारा प्रयास कौशल विकास की चुनौतियों का समाधान ढूंढना है। इसके लिए आवश्यक है कि सभी हितधारक अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। सभी हितधारकों के बीच सामूहिक प्रयास एवं जिम्मेदारी की प्रतिबद्धता ही हमारी सफलता सुनिश्चित करेगी।

मुकेश कुमार, सचिव, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग ने विभागीय पदाधिकारियों एवं उपस्थित सभी हितधारकों को संबोधित करते हुए कहा, हम सब के लिए यह मूल्यांकन का समय है कि कौशल के मानकों पर हमारी उपलब्धि क्या हैं। समय महत्वपूर्ण है और समय तेजी से बदलता है। जो समय के साथ नहीं चलता वह पीछे रह जाता है। कौशल विकास के हितधारक होने के नाते हमें समय की मांग को पूरा करने के लिए तैयार रहने की जरूरत है। उन्होंने भविष्य के कौशल पर जोर डालते हुए कहा कि कौशल प्रशिक्षण के क्षेत्र में पारंपरिक जॉब रोल से बाहर आकर भविष्य की मांग अनुरूप नए जॉब रोल अपनाने की जरूरत है।

शैलेन्द्र कुमार लाल, मिशन निदेशक-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाईटी ने परिचर्चा का शुरूआत करते हुए स्वागत एवं परिचय अभिभाषण में चर्चा में भागीदारी के लिए सभी उपस्थिति हितधारकों विशेषकर प्रशिक्षण सेवा प्रदाताओं, सेक्टर स्किल काउन्सिल को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कौशल विकास एवं रोजगार के क्षेत्र में आने वाली नई चुनौतियों का सामना करने के लिए नए वर्ष में भविष्य के कौशल की मांग पर ध्यान केंद्रित करने को वर्तमान समय की जरूरत बताया। उन्होंने विभागीय मंत्री के मार्गदर्शन एवं विभागीय सचिव के नेतृत्व में विभाग को ज्यादा बेहतर एवं गतिशील बनाने की बात कही।

झारखण्ड के युवाओं को कौशल विकास योजनाओं के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के माध्यम से बेहतर नियोजन के अवसर उपलब्ध कराने हेतु राज्य सरकार एवं विभागीय नीति हेतु आयोजित परिचर्चा में झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाईटी अंतर्गत सूचीबद्ध प्रशिक्षण सेवा प्रदाता एजेंसी के प्रतिनिधि, सेक्टर स्किल काउन्सिल के प्रतिनिधि, उद्योग समूहों के प्रतिनिधि एवं नियोक्ता कंपनियों के प्रतिनिधि कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

# संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान संविधान का अपमान है : झामुमो



बिभा संवाददाता

**रांची :** लोकसभा सत्र में देश के गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा संविधान निमार्ता डा० भीमराव अम्बेडकर के खिलाफ किए गए आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में झामुमो रांची जिला समिति द्वारा अल्बर्ट एक्का चौक, रांची में पुतला दहन किया गया। उक्त कार्यक्रम मे झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम जी के नेतृत्व मे रांची जिला के सम्मानित केन्द्रीय सदस्य, जिला के सभी पदाधिकारी (वर्ग संगठन सहित), सभी वरिष्ठ नेतागण, कार्यकर्तागण, प्रखण्ड के सभी स्तर के पदाधिकारी शामिल हुए और विरोध जताया।

मौके पर झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम जी ने कहा कि वर्तमान लोकसभा सत्र में देश के गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा संविधान निमार्ता डा० भीमराव अम्बेडकर के खिलाफ किया गया आपत्तिजनक टिप्पणी संविधान का अपमान है। भाजपा का संविधान विरोधी साथ ही दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और पिछड़ा विरोधी चेहरा सभी के सामने उजागर हो गया है। इनके द्वारा कई बार यह कहा जा चुका है कि ये संविधान को बदलना चाहते हैं। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह लातेहार के पूर्व विधायक बैजनाथ राम जी ने कहा कि संसद मे बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी का अपमान की हम घोर निंदा करते हैं, और देश के गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग करते हैं। देश के लोकतंत्र का मंदिर है संसद और वहां पर खड़े होकर संविधान के रचयिता के प्रति इस प्रकार का व्यवहार, यह कहीं से भी सराहनीय नहीं है इसकी निंदा होनी चाहिए, और उन्होंने जो व्यवहार किया है इसके लिए देश की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी।

## जिले एवं राज्य के पारंपरिक पहचान मांदर को जीआई टैग दिलाने की दिशा में दिल्ली पहुंची गुमला की 6 सदस्यीय टीम




**गुमला(बिभा) :** गुमला जिले की सांस्कृतिक धरोहर मांदर को भौगोलिक संकेत टैग दिलाने हेतु एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत, जिले से 6 सदस्यीय टीम ने आज दिल्ली में आयोजित जीआई टैग हेतु आयोजित सुनवाई में अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज की। गुमला की ओर से 6 सदस्यीय टीम में NUSRL राँची से संबद्ध जीआई विशेषज्ञ डॉ.सत्यदीप सिंह, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग, जिला समन्वयक,श्री सूरज कुमार एवं मांदर कारीगर श्री बलदेव नायक, श्री घनश्याम रामनायक,श्री राम नायक एवं श्री रंजीत घसी शामिल है। दिल्ली में हुए इस कार्यक्रम में टीम ने मांदर से संबंधित सभी दस्तावेज, ऐतिहासिक प्रमाण, और आवश्यक जानकारी प्रस्तुत की। यह पहल न केवल गुमला बल्कि पूरे झारखंड राज्य की एक खास सांस्कृतिक पहचान और विरासत को संरक्षित करने में मददगार होगी, बल्कि इससे स्थानीय और राज्य के कारीगरों और कलाकारों को भी भविष्य में रोजगार एवं आर्थिक लाभ मिलेगा। मांदर को जीआई टैग प्रदान करने के लिए जूरी की अंतिम स्वीकृति लंबित है। जिला प्रशासन के इस प्रयास से मांदर की सांस्कृतिक विशिष्टता और महत्ता को आधिकारिक दर्जा मिलने की उम्मीद को

# उपायुक्त की अध्यक्षता में डीएलसीसी-डीएलआरसी की हुई संयुक्त बैठक



बिभा संवाददाता

**गुमला:** जिला समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम अग्रणी जिला प्रबन्धक के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में विभिन बैंकों से प्राप्त की गई उपलब्धियों की जानकारी दी गई। उपायुक्त ने वार्षिक साख योजना के तहत बैंकवार किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी बैंक प्रबंधकों/ प्रतिनिधियों को लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

केसीसी के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराए जा रहे लाभ की समीक्षा के क्रम में कृषि क्षेत्र में केसीसी का लाभ बढ़ाने एवं गाय, बकरी सहित अन्य पशुपालन योजनाओं से जुड़े लाभुकों के साथ- साथ मत्स्य पालकों को केसीसी के लाभ से आच्छादित करने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने पीएमएफएमई के तहत माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइज के तहत लाभुकों को चिन्हित कर लाभान्वित करने का निर्देश दिया। एमएसएमई अंतर्गत कार्यों की समीक्षा के क्रम में प्रायरिटी सेक्टर के तहत विभिन्न विकास कार्यों के लिए उपलब्ध कराए जा रहे ऋण में सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने PVTG गांव के किसानों को प्राथमिकता के आधार पर ङउउ से जोड़ने के निर्देश दिए। इसके साथ ही इच्छुक नागरिकों के कौशल विकास से संबंधित प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि किसानों के हित में कार्य करें एवं उनकी सुविधा के लिए हर संभव प्रयास करें। सभी लैंपस से जुड़े किसानों को सभी चिन्हित करते हुए उन्हें ङउउ का लाभ देने की बात कही। इसके अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा अन्य कई विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया गया।

इस दौरान मुख्य रूप से LDM गुमला, DPM JSLPS, जिला पशुपालन पदाधिकारियों सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि / मैनेजर एवं अन्य सम्बंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

# आरयू अंतर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता: एसएस मेमोरियल और बीएस कॉलेज के बीच होगी खिताबी भिड़ंत



बिभा संवाददाता

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता 2024- 25 में शुक्रवार को सेमीफाइनल मुकाबले खेला गया. बीएस कॉलेज लोहरदगा के क्रिकेट मैदान में एसएस मेमोरियल और बीएस कॉलेज ने सेमीफाइनल मुकाबले को जीतकर फाइनल में प्रवेश किया. शनिवार को दोनों टीमें खिताब के लिए भिड़ेंगे. बता दें पिछले सत्र में भी एसएस मेमोरियल और बीएस कॉलेज फाइनल में पहुंची थी, जिसमे बीएस कॉलेज ने बाजी मारी थी.

शुक्रवार को पहला सेमीफाइनल एसएस मेमोरियल और डोरंडा कॉलेज के बीच खेला गया. एसएस मेमोरियल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 160 रन बनाए. टीम की ओर से आशीष ने 58 रन बनाए. लक्ष्य का पीछा करने उतरे डोरंडा की टीम निर्धारित ओवर में 8 विकेट पर 112 रन ही बना सकी. दूसरा सेमीफाइनल बीएस कॉलेज लोहरदगा और गोस्सनर कॉलेज के बीच खेला गया. बीएस कॉलेज ने 6 विकेट खोकर 181 रन बनाए. टीम की ओर से राहुल ने 60 रन की पारी खेली. लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोस्सनर कॉलेज की टीम 86 रन पर ढेर हो गई.

# तेज रफ्तार कार ने मचाई तबाही, सड़क किनारे अलाव ताप रहे लोगों को कुचला, 2 की मौत 3 घायल

**पलामू (बिभा):** पलामू जिले के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार रात एक तेज रफ्तार कार ने 5 लोगों को कुचल दिया। हादसे में 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना मोहम्मदगंज-जपला मुख्य सड़क पर सबनवा मोड़ के पास हुई। सड़क किनारे कुछ लोग अलाव ताप रहे थे, तभी तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। कार ने आसपास खड़ी बाइक और स्कूटी को भी अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में अरशद खान और आशिफ खान की मौत हो गई, जबकि इमरान खान, जहांगीर खान और हसनैन खान गंभीर रूप से घायल हो गए।

# केद्रीय मंत्री जीतर राम मांझी ने खादी विकास योजना एवं ग्रामोद्योग विकास योजना के प्रगति की समीक्षा की

बिभा संवाददाता




**रांची :** केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी द्वारा राज्य कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, रांची द्वारा झारखण्ड में संचालित की जा रही खादी विकास योजना एवं ग्रामोद्योग विकास योजना का वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में प्रगति की समीक्षा की गई। केन्द्रीय मंत्री ने योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा लाभुकों पर केन्द्रित एवं अधिकाधिक परिणाम मूलक और प्रभावी बनाने हेतु मार्गदर्शन एवं निर्देश दिए। केन्द्रीय मंत्री द्वारा खादी एवं ग्रामोद्योगी उत्पादन एवं बिक्री को और गतिरूप देने के लिए आवश ?यक दिशानिर्देश एवं सुझाव दिये गये। उन्हें वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 की उपलब्धियों एवं लक्ष्य प्राप्ति बाबत कार्य योजना के बारे में जानकारी प्रदान की गई, तत्पश्चात केन्द्रीय मंत्री ने आवश्यक सुझाव एवं मार्गदर्शन दिए।

केन्द्रीय मंत्री ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग को भारतीय संस्कृति की रीढ़ बताया । उन्होंने आशा व्यक्त की कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम दर्जे की इकाइयों की स्थापना ही हमारे देश को उन्नति की राह पर अग्रसर करेगी एवं भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एक बार फिर हमारा देश विश्वगुरु कहलाएगा। उन्होंने कहा कि लगभग 85 से 90 प्रतिशत तक की सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों की स्थापना का श्रेय एम.एस.एम.ई. मंत्रालय के खादी और ग्रामोद्योग आयोग सहित एम.एस.एम.ई. के अन्य विभागों को जाता है।

मंत्री ने उत्तरी भारत के राज्यों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए बिहार, झारखण्ड, उड़ीस एवं पश्चिम बंगाल आदि राज्यों में कुटीर उद्योगों जैसे मोमबत्ती, जूता, अगरबत्ती, कपड़ा बुनने, माला बनाने, सिलाई मशीन का वितरण एवं अन्य छोटी पूंजी से खड़ी की जाने वाली इकाइयों का अधिक से अधिक स्थापना किए जाने हेतु संबंधित सभी विभागों को अपने स्तर पर प्रयास करने का निर्देश दिया।

उन्होंने खादी और ग्रामोद्योग आयोग की प्रधानमंत्री रोजगार सृजन क ा र् ा ं क ् म ा (पी.एम.ई.जी.पी.) की वर्ष 2024-25 की उपलब्धियों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान राज्य कार्यालय, रांची (झारखण्ड) के राज्य निदेशक मांगे राम ने मंत्री को सूचित किया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में 50.00 करोड़ की मार्जिन मनी/सब्सिडी का भुगतान होना लंबित है। महोदय ने आश्वस्त किया कि पी.एम.ई.जी.पी. योजना के तहत भुगतान किए जाने वाले मार्जिन मनी/सब्सिडी का जल्द ही वितरण किया जाएगा जिससे बैंकों के माध्यम से लंबित मार्जिन मनी/सब्सिडी का शीघ्र भुगतान किया जा सके एवं इस वर्ष का शतप्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। उन्होंने पी.एम.ई.जी.पी. को बेरोजगार युवाओं के लिए वरदान बताया तथा स्थानीय कच्चा माल की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए ज्यादा से ज्यादा स्थानीय कच्चा माल आधारित एवं उत्पादन आधारित उद्योग लगाने की अपील की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हमारा देश भी अग्रणी निर्यातक देशों की श्रेणी में जल्द ही आएगा।




**बिहान भारत** की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट,भोसले गली,हरिहर सिंह रोड,बरियातू,रांची-834009(झारखंड) दूरभाषः 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा.लि., काठीटांड रातु, नियर टेंडर बगीचा, एचपी पेट्रोल पंप, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक कविता साहू***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार । Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com